डाक पंजीयन नं. 99/2021–23

E-mail:-aadhuniksamachar2014@gmail.com

website:www.aadhuniksamachar.com

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया




PG-5

# आधुनिक समाचार



PG-8


प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक



सिनेमाः खत्म हुआ इंतजार पठान बनकर इस तारीख को बड़े परदे पर लौट रहे हैं



वर्ष -08 अंक -04 | प्रयागराज, गुरुवार 03 मार्च, 2022 | पृष्ठ- 8 | मूल्य : 2.00 रूपये


## संक्षिप्त समाचार

### रूस को अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन की चेतावनी, यूपी में सातवें चरण के लिए आज से पार्टियां झोकेंगी ताकत

**नई दिल्ली ।** रूस और यूक्रेन जंग के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने रूस को कड़ी चेतावनी दी है। स्टेट आफ द यूनियन में संबोधन के दौरान जो बाइडेन ने कहा कि अमेरिका यूक्रेन के साथ खड़ा है। अमेरिका और हमारे सहयोगी सामूहिक शक्ति के साथ नाटो क्षेत्र के हर इंच की रक्षा करेंगे। वहीं, उत्तर प्रदेश विधानसभा के छठे चरण के लिए कल मतदान होगा। छठें चरण में 10 जिलों की 56 विधानसभा सीटों पर मतदान होगा। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की विधानसभा सीट पर भी छठे चरण में ही मतदान होना है। साथ ही आजाद समाज पार्टी के मुखिया चंद्रशेखर आजाद भी योगी आदित्यनाथ के सामने मैदान में हैं। साथ ही आज से सांतवे चरण के लिए चुनाव प्रचार भी तेज हो जाएगा। भाजपा, सपा, कांग्रेस और बसपा समेत आज से चुनाव में पूरी ताकत झोंकेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज यूपी में सांतवे चरण के लिए चुनावी रैली को संबोधित करेंगे।

### एक हफ्ते बाद फिर बढ़े कोरोना के मामले, मृतकों की संख्या में भी इजाफा, जानें 24 घंटे का अपडेट

**नई दिल्ली ।** देश में कोरोना के मामलों में एक बार फिर बढ़ोतरी देखने को मिली है। बीते 24 घंटे में कोरोना के 7,554 नए मामले सामने आए हैं जबकि मंगलवार को कोरोना के 6,915 मामले सामने आए थे। यानी बुधवार को कोरोना के 639 ज्यादा मामले सामने आए हैं। बीते एक हफ्ते से लगातार कोरोना के मामलों में गिरावट दर्ज की जा रही थी। हालांकि, आज फिर कोरोना के मामलों में इजाफा देखने को मिला है। कोरोना के नए मामलों के अलावा मृतकों की संख्या में भी बढ़ोतरी दर्ज की गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, बीते 24 घंटे में 223 लोगों की कोरोना से मौत हुई है। वहीं, मंगलवार को कोरोना के कारण 180 लोगों की जान गई थी।

# रूस और यूक्रेन के बीच जंग का सातवां दिन, वतन लौटते ही भारतीय छात्रों ने लगाए 'भारत माता की जय' के नारे

**मास्को।** रूस और यूक्रेन के बीच जंग का आज सातवां दिन है। दोनों देशों के बीच हालात लगातार बिगड़ते ही जा रहे हैं। रूस के हमलों के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने अमेरिकी संसद में स्टेट आफ द यूनियन को संबोधित किया। स्टेट आफ द यूनियन में संबोधन के दौरान जो बाइडेन ने कहा कि अमेरिका यूक्रेन के साथ खड़ा है। अमेरिका और हमारे सहयोगी सामूहिक शक्ति के साथ नाटो क्षेत्र के हर इंच की रक्षा करेंगे। उन्होंने कहा कि यूक्रेनियन साहस के साथ लड़ रहे हैं। पुतिन को युद्ध के मैदान में लाभ हो सकता है, लेकिन उन्हें लंबे समय तक इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी। दरअसल, रूस ने जंग के छठे दिन यूक्रेन की राजधानी कीव में जोरदार हमले किए। खारकीव में रूसी हमले की चपेट में आने वाले भारतीय छात्र नवीन शेख रप्पा की मौत हो गई है। भारतीय वायु सेना के अधिकारी ने बताया कि यूक्रेन से भारतीयों को वापस लाने के लिए भारतीय वायु सेना के तीन और विमान आज पोलैंड, हंगरी और रोमानिया जाएंगे। वायुसेना के अधिकारी के मुताबिक आपरेशन गंगा के तहत सी-17 ग्लोबमास्टर ने रोमानिया के लिए आज सुबह 4 बजे उड़ान भरी थी। यूक्रेन से भारतीयों को वापस लाने के लिए भारतीय वायु सेना की तीन और विमान आज पोलैंड, हंगरी और रोमानिया जाने वाली है। ऑपरेशन गंगा के तहत सी-17 ग्लोबमास्टर रोमानिया के लिए आज सुबह 4 बजे उड़ान भरी थी अधिकारी भारतीय वायु सेना के अधिकारी ने बताया कि यूक्रेन से भारतीयों को वापस लाने के लिए भारतीय वायु सेना के तीन और विमान आज पोलैंड, हंगरी और रोमानिया



जाएंगे। वायुसेना के अधिकारी के मुताबिक आपरेशन गंगा के तहत सी-17 ग्लोबमास्टर ने रोमानिया के लिए आज सुबह 4 बजे उड़ान भरी थी। यूक्रेन से लौटे भारतीय छात्रों का दिल्ली हवाई अड्डे पर केंद्रीय मंत्री डा जितेंद्र सिंह ने स्वागत किया। इस दौरान दिल्ली हवाई अड्डे पर यूक्रेन से लौटे भारतीय छात्रों के साथ मिलकर केंद्रीय मंत्री ने ठभारत माता की जयठ के नारे भी लगाए। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने यूक्रेन से भारतीयों की सुरक्षित घर वापसी पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि पिछले 24 घंटों में छह उड़ानें भारत के लिए रवाना हुई हैं, जिनमें पोलैंड से पहली उड़ान भी शामिल है। उन्होंने बताया कि यूक्रेन से 1,377 और भारतीय नागरिकों को वापस लाया गया है भारत ने यूक्रेन में लगातार बिगड़ रही स्थिति पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद से कहा कि भारत यूक्रेन से अपने नागरिकों को निकालने के अलावा पड़ोसी और विकासशील देशों के फंसे हुए लोगों की मदद करने के लिए भी तैयार है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि टीएस तिरुमूर्ति ने सोमवार को सुरक्षा परिषद की बैठक में कहा कि यूक्रेन में एक गंभीर मानवीय स्थिति पैदा हो गई है। ऐसे संकट काल में, भारत नागरिकों, विशेषकर महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों की सुरक्षा और भलाई को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है। टीएस तिरुमूर्ति ने कहा कि हमारा विचार है कि मानवीय सहायता के मूल सिद्धांतों का पूरी तरह से सम्मान किया जाना चाहिए। तिरुमूर्ति ने यूक्रेन में फंसे छात्रों सहित हजारों भारतीय नागरिकों की सुरक्षा के लिए गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि सीमावर्ती चेकप्वाइंट पर जमीनी हालात बिगड़ने से हमारे निकासी प्रयासों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। यह रेखांकित करते हुए कि भारतीय नागरिकों की सुरक्षा भारत सरकार के लिए सर्वोपरि महत्व की है तिरुमूर्ति ने परिषद को बताया कि भारत सरकार के वरिष्ठ मंत्रियों को यूक्रेन के पड़ोसी देशों में विशेष दूत के रूप में तैनात किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हम इस कठिन समय में उनके सहयोग के लिए उन्हें धन्यवाद देते हैं। हम पड़ोसियों और विकासशील देशों के उन लोगों की मदद करने के लिए भी तैयार हैं जो यूक्रेन में फंसे हुए हैं और मदद मांग रहे हैं। तिरुमूर्ति ने कहा कि यूक्रेन में मानवीय आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए, भारत सरकार ने दवाओं सहित तत्काल राहत आपूर्ति का भी निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि भारत यूक्रेन के घटनाक्रम से बहुत चिंतित है। तिरुमूर्ति ने कहा कि हिंसा की तत्काल समाप्ति और सभी शत्रुताओं को समाप्त करने के लिए हमारा सुविचारित आह्वान एक तत्काल अनिवार्यता है। इस संकट से निकलने के लिए कूटनीति और संवाद के रास्ते पर लौटने के अलावा कोई अन्य विकल्प नहीं है। यही एकमात्र रास्ता है। उन्होंने रेखांकित किया कि मोदी ने रूसी और यूक्रेनी नेतृत्व के साथ अपनी हालिया बातचीत में हिंसा की तत्काल समाप्ति और सभी शत्रुताओं को समाप्त करने की दृढ़ता से वकालत की है। उन्होंने कहा कि हम दोनों देशों में सीधी बातचीत की शुरुआत का स्वागत करते हैं। हम अपने दृढ़ विश्वास को दोहराते हैं कि मतभेदों को केवल निरंतर बातचीत और कूटनीति के माध्यम से ही पाटा जा सकता है। तिरुमूर्ति ने हिंसा को तत्काल समाप्त करने की अपील की और राजनयिक वार्ता और वार्ता के रास्ते पर लौटने के लिए सभी पक्षों से ठोस प्रयास करने का आह्वान किया। भारत ने यह भी रेखांकित किया कि सभी सदस्य देश संयुक्त राष्ट्र चार्टर अंतरराष्ट्रीय कानून और राज्यों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के सम्मान पर सिद्धांतों पर सहमत हुए हैं।तिरुमूर्ति ने कहा कि हम इस दिशा में संयुक्त राष्ट्र के प्रयासों का समर्थन और स्वागत करते हैं।

## भारत में नहीं मिल सकी थी मेडिकल सीट इसलिए जाना पड़ा यूक्रेन, बोले व्यथित पिता

**हावेरी।** यूक्रेन के खारकीव में रूसी हमले की चपेट में आने वाले भारतीय छात्र नवीन शेखरप्पा के पिता ने मंगलवार को भारत में मेडिकल शिक्षा व्यवस्था को लेकर क्रोध जाहिर किया। उन्होंने बताया कि बेटे नवीन को 97 फीसद



अंक प्राप्त हुआ था इसके बावजूद कर्नाटक क्या पूरे भारत में मेडिकल सीट हासिल नहीं कर सका। इसलिए मजबूरी में उसे यूक्रेन जाना पड़ा। नवीन कर्नाटक के हावेरी जिले में चालागेरी के निवासी थे और मौत से कुछ ही घंटे पहले उन्होंने अपने घरवालों से बातचीत की थी। नवीन के पिता शेखर गौड़ा ने बताया कि उनका बेटा दिन में दो-तीन बार उन्हें फोन किया करता था। शेखर गौड़ा ने आरोप लगाया कि भारतीय दूतावास के किसी भी अधिकारी ने खार्कीव में फंसे भारतीय छात्रों से संपर्क नहीं किया था। नवीन के पिता ने यह भी आरोप लगाया कि यहां मेडिकल सीट हासिल करने के लिए करोड़ों रुपये देने पड़ते हैं और छात्र कम खर्च में विदेश में यही शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। विदेश सचिव हर्षवर्धन श्रृंगला ने कहा कि नवीन शेखरप्पा मृत शरीर को वापस लाया जाएगा। पूर्वी यूक्रेन के खार्कीव शहर में हो रही भारी गोलाबारी में वहां मेडिकल की पढ़ाई करने गए भारतीय छात्र नवीन शेखरप्पा की मौत हो गई। कर्नाटक निवासी 21 वर्षीय नवीन की मौत तब हुई जब वह एक सरकारी भवन के पास खाने-पीने का सामान खरीदने गए थे, तभी उस भवन पर रूसी सैनिकों की तरफ से मोर्टार दागे गए। इस युद्ध में पहली बार किसी भारतीय की मृत्यु हुई है। खार्कीव रूस की सीमा के पास स्थित यूक्रेन का सबसे बड़ा शैक्षणिक हब है जहां अभी भी सैकड़ों भारतीय छात्र फंसे हुए हैं।

## कीव से निकल चुके सभी भारतीय, अन्य शहरों से निकालने में वायुसेना करेगी मदद

**नई दिल्ली ।** यूक्रेन में जारी रूसी हमलों के बीच वहां फंसे भारतीय नागरिकों को तेजी से वतन वापस बुलाया जा रहा है। इस बीच विदेश सचिव हर्षवर्धन श्रृंगला ने मंगलवार को बताया कि सभी भारतीय कीव से निकाले जा चुके हैं। विदेश मंत्रालय ने यह भी कहा है कि खार्कीव और अन्य शहरों में फंसे भारतीय नागरिकों को सुरक्षित मार्ग से निकालने की अपनी मांग को दोहराने के लिए विदेश सचिव रूस और यूक्रेन के राजदूतों को बुलाने वाले हैं। विदेश मंत्रालय ने कहा, रूस और यूक्रेन में हमारे राजदूतों द्वारा भी इस तरह के कदम उठाए जा रहे हैं। इस बाबत की ओर से जारी बयान में बताया गया है कि प्रधानमंत्री मोदी व फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने यूक्रेन में जारी मानवीय संकट को लेकर चर्चा की। आपरेशन गंगा में शामिल होगी भारतीय वायुसेना प्रधानमंत्री मोदी ने दिया निर्देश प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रूस-यूक्रेन जंग में फंसे भारतीय छात्रों को वापस लाने के अभियान 'आपरेशन गंगा' में भारतीय वायुसेना को भी शामिल होने का निर्देश दिया है।

## रोमानिया में अधिकारियों से मिले ज्योतिरादित्य सिंधिया, वतन वापसी का इंतजार कर रहे छात्रों से भी की बात

**नई दिल्ली ।** नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिराय दत्य संधिया रोमानिया पहुंच गए हैं। भारत सरकार द्वारा यूक्रेन से निकासी अभियान के कार्यान्वयन के लिए चार विशेष दूत नियुक्त किए गए हैं जिसमें से एक ज्योतिरादित्य



सिंधिया हैं। बुखारेस्ट पहुंचने के बाद केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने रोमानिया में यूक्रेन से भारतीय नागरिकों की निकासी प्रक्रिया पर हवाई अड्डे पर ही अधिकारियों के साथ बैठक की। साथ ही अपनी बारी का इंतजार कर रहे एयरपोर्ट पर मौजूद भारतीय विद्यार्थियों से बात भी की। इस क्रम में नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया रोमानिया व मालदोवा, कानून मंत्री किरण रिजिजू स्लोवाकिया, हरदीप सिंह पुरी हंगरी और नागरिक उड्डयन राज्यमंत्री जनरल वीके सिंह पोलैंड पहुंच गए हैं। इनके वहां जाने से भारतीय छात्रों को स्वदेश लाने के काम में बेहतर सामंजस्य स्थापित होने की संभावना है। यूक्रेन से भारतीयों को इन पांच देशों के रास्ते ही बाहर निकाला जा रहा है। लेकिन यूक्रेन के दूरदराज इलाकों से पोलैंड, हंगरी और रोमानिया की सीमा तक छात्रों को पहुंचाना अभी भी सबसे बड़ी चुनौती है। विशेष विमान के जरिए यूक्रेन में फंसे 218 भारतीय नागरिकों को रोमानिया के रास्ते मंगलवार रात को वतन वापस लाया गया। दिल्ली एयरपोर्ट पर इनके स्वागत के लिए केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव मौजूद थे। केंद्रीय मंत्री ने भारत वापस आए छात्रों से बात भी की। एएनआइ से बात करते हुए वैष्णव ने बताया, 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यूक्रेन से छात्रों की वापसी के लिए चलाए गए आपरेशन गंगा के लिए पुरजोर प्रयास कर रहे हैं। विद्यार्थियों ने भी भारत सरकार के प्रयासों में भरोसा जताया।' बता दें कि यूक्रेन में जारी रूसी हमलों के कारण वहां का एयरस्पेस बंद है और इसलिए वहां से देश वापस लौटने के लिए लोगों को सड़क मार्ग से पूर्वी यूरोपीय देश के पड़ोसी देशों जैसे रोमानिया, हंगरी, पोलैंड और स्लोवाकिया आना होता है। इसके बाद वहां से आपरेशन गंगा के तहत भेजे गए उड़ानों के जरिए भारत लौटना हो रहा है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, करीब 18 हजार भारतीय विद्यार्थी यूक्रेन के विभिन्न यूनिवर्सिटी में पढ़ाई कर रहे हैं। यूक्रेन में 24 फरवरी को रूस ने सैन्य कार्रवाई की शुरुआत की थी और 26 फरवरी को भारत सरकार ने वहां से अपने नागरिकों को निकालने के लिए आपरेशन गंगा मिशन की शुरुआत की थी जिसके तहत पहली उड़ान में 219 नागरिक मुंबई पहुंचे थे। बता दें कि इस आपरेशन के तहत भारत सरकार ने सभी विमान सेवाओं का संचालन मुफ्त किया है। इस निकासी अभियान के तहत 247 कंट्रोल सेंटरों को स्थापित किया गया है जो पोलैंड, रोमानिया, हंगरी और स्लोवाकिया में बार्डर क्रासिंग प्वाइंट्स पर हैं।

## यूक्रेन में भारतीय छात्र की मौत पर पीएम मोदी ने जताया गहरा दुख

**नई दिल्ली ।** रूस और यूक्रेन के बीच गहराते तनाव के मद्देनजर पीएम मोदी ने मंगलवार को एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। बैठक की शुरूआत में भारतीय छात्र नवीन शेखरप्पा की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया गया। भारत



के विदेश सचिव हर्ष वर्धन श्रृंगला ने बताया कि पीएम मोदी ने यूक्रेन में एक भारतीय नागरिक की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया है। जानकारी के मुताबिक यूक्रेन पर जारी हमलों के बीच करीब 18 हजार भारतीय छात्र वहां अभी भी फंसे हुए हैं। देश की केंद्र सरकार लगातार छात्रों को यूक्रेन से वापस लाने की कोशिशों में लगी हुई है। इसी संबंध में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को फिर से उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। इस बैठक में विदेश मंत्री एस जयशंरकर समेत कई शीर्ष अधिकारी इस बैठक में हिस्सा ले लिया। मीडिया ब्रीफिंग के दौरान विदेश सचिव हर्ष वर्धन श्रृंगला ने बताया कि सभी भारतीय नागरिकों को कीव से बाहर निकाला जा चुका है। वहीं यूक्रेन से करीब 60 फीसदी भारतीय बाहर निकल चुके हैं। श्रृंगला ने बताया कि यूक्रेन में रह रहे करीब 20 हजार भारतीय नागरिकों में से 60 फीसदी ने सरकार द्वारा पहली एडवाइजरी जारी किए जाने के बाद से देश छोड़ दिया था। बाकी बचे 40 फीसदी लोग खार्किव और पश्चिमी सीमा तक पहुंच गए हैं। सभी लोग आमतौर पर संघर्ष वाले इलाके से बाहर आ गए हैं विदेश सचिव ने बताया कि यूक्रेन की स्थिति पर आज पीएम मोदी की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय बैठक हुई।

## रोमानिया के लिए सी-17 एयरक्राफ्ट ने हिंडन एयरबेस से भरी उड़ान, अब निकासी अभियान में वायुसेना भी शामिल

**नई दिल्ली ।** यूक्रेन में फंसे भारतीय नागरिकों की निकासी प्रक्रिया को और तेज करते हुए भारतीय वायु सेना का सी-17 ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट बुधवार तड़के रोमानिया के लिए रवाना किया



गया। बुधवार सुबह 4 बजे ही इस एयरक्राफ्ट ने हिंडन एयरबेस से रोमानिया के लिए उड़ान भरी मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यूक्रेन में फंसे भारतीयों को वापस लाने के लिए जारी प्रयासों की समीक्षा की और देश की वायुसेना से आपरेशन गंगा में सहयोग करने को कहा। प्रधानमंत्री का निर्देश मिलते ही वायुसेना ने तैयारियां शुरू कर दीं और इस अभियान में अपने सबसे बड़े परिवहन विमान सी-17 ग्लोबमास्टर को लगा दिया। बता दें कि प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि वायुसेना के विमानों के आपरेशन में शामिल होने से भारतीयों के यूक्रेन से लौटने की प्रक्रिया गति पकड़ेगी और उनकी संख्या में भी वृद्धि होगी। साथ ही भारत से भेजी जा रही राहत सामग्री भी तेजी से पहुंचेगी। प्रधानमंत्री के निर्देश के बाद भारतीय वायुसेना ने भी कहा कि यूक्रेन से अपने नागरिकों को निकालने के लिए जिस तरह की भी जरूरत है, उसके लिए वह तैयार है। सी-17 ग्लोबमास्टर में एक साथ 300 से 400 लोगों को लाया जा सकता है। मालूम हो कि पिछले साल अफगानिस्तान में तालिबान के कब्जे के बाद पैदा हुए हालात में वहां से भारतीय नागरिकों के अलावा अफगानी हिंदुओं और सिखों को भारत लाने के लिए भी वायुसेना ने विशेष अभियान चलाया था। इसमें भी वायुसेना ने अपने सी-17 विमानों को लगाया था। अब तक एयर इंडिया, इंडिगो और स्पाइसजेट जैसी निजी एयरलाइंस आपरेशन गंगा के तहत भारतीय छात्रों को लाने के अभियान को अंजाम दे रही हैं। सोमवार व मंगलवार को भी उन्होंने कई उड़ानों संचालन किया। मंगलवार को इन उड़ानों के जरिये 616 भारतीय स्वदेश लाए गए। मुंबई में एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान से 182 भारतीय वापस लौटे।




# अरशद उल्ला बने सभासद एशो0 के राष्ट्रीय महासचिव

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सरफराज अहमद**

**फूलपुर।** नगर पंचायत फूलपुर प्रयागराज के सभासद अरशद उल्ला को सामाजिक कार्य एवं सभासद एकजुटता के मद्देनजर सभासद एशो0 के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज इंसान द्वारा राष्ट्रीय महासचिव सभासद एशोसियेशन पद पर मनोनीत किया गया उक्त मनोनयन पर फूलपुर नगर पंचायत के समस्त सभासद गणों ने खुशी का इजहार करते हुए उन्हें बधाई दी है।




# महाशिवरात्रि पर्व पर शिवालयों में मजिस्ट्रेटों को किया तैनात

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**डॉ0रणजीत सिंह**

**प्रतापगढ़।** जिला मजिस्ट्रेट डा0 नितिन बंसल ने बताया कि जनपद में महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर जनपद अवस्थित प्रसिद्ध मंदिर/शिवालय घुसरनाथधाम, बाबा बेलखरनाथधाम, भयहरणनाथ धाम, हौदेश्वरनाथ धाम में जलाभिषेक/मेले के अवसर पर पर्याप्त संख्या में लोग एकत्रित होने के कारण मजिस्ट्रेट ओं की नियुक्ति की गई है। इस वर्ष शिवरात्रि का पवित्र पर्व 01 मार्च को पड़ रहा है। इस अवसर पर तहसील लालगंज अवस्थित घुईसरनाथधाम में राष्ट्रीय एकता महोत्सव का भी आयोजन होता है जो 03 दिनों तक चलता है। इसी प्रकार बाबा बेलखरनाथधाम, भयहरणनाथ धाम, हौदेश्वरनाथ धाम में महाशिवरात्रि के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जाते है जिसमें प्रदर्शनी व विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जाते है। जिला मजिस्ट्रेट ने इस अवसर पर सुरक्षा एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से शिवालयों में मजिस्ट्रेटों को तैनात किया है। जिला मजिस्ट्रेट ने बाबा घुइसरनाथ धाम में उप जिला मजिस्ट्रेट लालगंज व खण्ड विकास अधिकारी सांगीपुर को, बाबा हौदेश्वरनाथ धाम में उप जिला मजिस्ट्रेट कुण्डा व खण्ड विकास अधिकारी कुण्डा, बाबा बेलखरनाथधाम में उप जिला मजिस्ट्रेट पट्टी, उप जिला मजिस्ट्रेट रानीगंज व खण्ड विकास अधिकारी बाबा बेलखरनाथधाम को नामित कया है। भयहरणनाथ धाम में खण्ड विकास अधिकारी मानधाता व बेल्हा देवी मंदिर में खण्ड विकास अधिकारी सदर को तथा इन दोनो शिवालयों/मंदिर हेतु उप जिला मजिस्ट्रेट सदर को नामित किया गया।

# मुशायरा 3 मार्च को हन्डौर मुशायरे में होगी कौमी एकता और भाईचारे की बात

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**डॉ0रणजीत सिंह**

**प्रतापगढ़।** भारत-भारतीय का कौमी एकजहती मुशायरा 3 मार्च को हन्डौर में बाबा मद्दी शहीद के उर्स में दिन में 11बजे से 2के बीच आयोजित किया गया है। मुशायरे के कनविनर मोहम्मद अमीन कल्लू ने बताया कि कौमी एकता,भाईचारे पर आधारित इस मुशायरे में राष्ट्रीय कवि एवं शायर डॉ0रणजीत सिंह,रमजान अली सफीर(रायबरेली),अब्दुल मजीद रहबर (रायबरेली ),शकील साहिर,जाहिद हुसैन जाहिद, राम केवल लहरी (रायबरेली), अजय सोनी अपना कलाम पेश करेंगे। मुशायरे के खुसूसी मेहमान ग्राम प्रधान नीतेश सिंह बीरू होंगे। समाजसेवी अभय प्रताप सिंह मुनन की सरपरस्ती में यह मुशायरा होगा।बता दें कि कई सालों से यहाँ महमूद आलम की अगुवाई में उर्स का आयोजन होता रहा है जिसमें विभिन्न जाति-धर्म के लोग शामिल होते हैं।

# एटीएल ग्राउण्ड अधिग्रहण आदेश हुआ समाप्त

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**डॉ0रणजीत सिंह**

**प्रतापगढ़।** सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2022 के अन्तर्गत एटीएल ऑटो ट्रैक्टर्स लिमिटेड के ग्राउंड का किया गया अधिग्रहण चुनाव बाद अब समाप्त कर दिया गया है। पंचम चरण में जनपद प्रतापगढ़ में दिनांक 27 फरवरी को होने वाले मतदान के परिप्रेक्ष्य में मतदान पार्टियों को रवाना करते हेतु भुपियामऊ (कटरा) अवस्थित मेसर्स आटो ट्रैक्टर्स लिमिटेड का खाली ग्राउण्ड विगत निर्वाचनों की भांति जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा अधिग्रहीत किया गया था। उन्होंने बताया कि निर्वाचन समाप्त हो गया है और आटो ट्रैक्टर्स लिमिटेड ग्राउण्ड का कोई उपयोग निर्वाचन कार्य हेतु नही होना है, ऐसी दशा में आफिसियल लिक्विडेटर उत्तर प्रदेश इलाहाबाद के पत्र के अनुक्रम में अधिग्रहण आदेश समाप्त करते हुये एटीएल ग्राउण्ड पूर्ववत् आफिसियल लिक्विडेटर उत्तर प्रदेश इलाहाबाद (आफिसियल, लिक्विडेटर कार्यालय सम्बद्ध उच्च न्यायालय इलाहाबाद) के नियंत्रणाधीन सौपा जाता है।

# विद्युत कर्मियों ने जल निगम की सप्लाई रोकी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सरफराज अहमद**

**फूलपुर।** खंसार विद्युत उप केंद्र मैलहन से संचालित होने वाले ढकपूरा जल निगम की लाइन पर




फाल्ट आने से पंप हाउस बुधवार सुबह से बंद पड़ा है। उक्त पंप हाउस के ऑपरेटर अतुल मौर्य जब विद्युत उपकेंद्र पर कंप्लेंट करने पहुंचा। तो उसे यह कहकर वापस कर दिया गया। कि जब तक पावर हाउस में नल का कनेक्शन नहीं मिलेगा। तब तक सप्लाई नहीं दी जाएगी। जेई बृजराज राम का फोन हमेशा पहुंच से बाहर रहता है। शिकायत एसडीओ हायडिल प्रांजल मिश्रा से की गई। परंतु कोई रिस्पांस नहीं मिल सका। बता दे कि सेहुवांडीह,आलेमऊ,कपसा,रैनी, ढकपूरा,मैलहन,आजाद नगर की वाटर सप्लाई बंद पड़ी है। कौन है जिम्मेदार।

# युवक को बंधक बनाकर मांगी फिरौती, पुलिस जांच में जुटी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**विलास गुप्ता**

**प्रयागराज।** जॉर्जटाउन में एक युवक को कमरे के अंदर बंधक बनाकर फिरौती मांगने का मामला सामने आया है। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने महिला के घर से युवक को सुरक्षित बाहर निकाला और उसका मेडिकल परीक्षण कराया है। इस मामले में महिला और उसके बेटे के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर एक आरोपी युवक को गिरफ्तार भी किया गया है। दारागंज निवासी अधिवक्ता आशुतोष शुक्लाने एक मार्च की शाम पुलिस को सूचना दी कि उनके परिचित प्रशांत शुक्ला को जॉर्जटाउन की रहने वाली आशा सिंह ने कमरे के अंदर बंधक बना लिया है। उसे छोड़ने के लिए दो लाख रुपये की मांग की जा रही है। प्रशांत ने आशुतोष शुक्ला को कॉल करके जल्द से जल्द रुपए का इंतजाम करने की बात कही। आशुतोष मदद के लिए वहां पहुंचे तो प्रशांत से मिलने नहीं दिया गया। कहा गया कि पहले रुपए का इंतजाम करो। आशुतोष ने तत्काल 112 नंबर को कॉल करके पुलिस को बुला लिया। आरोप है कि पुलिस के पहुंचने के बाद भी आरोपी महिला ने दबंगई दिखाई और कहा कि प्रशांत पर रुपया बकाया है। जब तक पैसा नहीं मिलेगा। उसे नहीं छोड़ा जाएगा। सूचना पर जॉर्जटाउन थाने की पुलिस भी पहुंच गई। वहां पर काफी देर तक नोकझोंक चली। आखिर में पुलिस फोर्स ने प्रशांत को कमरे से निकाला। इस मामले में आशुतोष शुक्ला ने ही महिला आशा सिंह और उनके बेटों के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज करा दिया। जॉर्जटाउन पुलिस ने बताया कि इस मामले में आरोपी आशा सिंह के एक बेटे आशीष को गिरफ्तार किया गया है। पीडित प्रशांत के बयान के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है।




# लोक अदालत की तैयारी बैठक सम्पन्न

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**डॉ0रणजीत सिंह**

**प्रतापगढ़।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की तैयारी बैठक सम्पन्न हुई। लखनऊ इकाई के निर्देशों के अनुपालन में पीठासीन अधिकारी एमएसीटी रोहित सिन्हा के द्वारा आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत दिनांक 12 मार्च 2022 के सम्बन्ध में प्री ट्रायल बैठक की गयी। बैठक में पीठासीन अधिकारी ने आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में मामलों को पक्षकारों की सहमति व सुलह समझौते के आधार पर अधिक से अधिक मुकदमों का निपटारा कराने में सहयोग की बात कही। बैठक का संयोजन सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नीरज कुमार त्रिपाठी द्वारा किया गया। बैठक में एमएसीटी वादों से सम्बन्धित विद्वान अधिवक्तागण भी उपस्थित रहे।

# सेना से रिटायर्ड जवान का हुआ अभिनन्दन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**डॉ0रणजीत सिंह**

**प्रतापगढ़।** राज्यपाल से सम्मानित शिक्षक स्व0राजकिशोर मिश्र के बेटे आदित्य कुमार मिश्रा के सेना से रिटायर होकर आने पर गांव वालों ने उनका हार्दिक अभिनंदन किया देश की सीमाओं पर जान हथेली पर रखकर देश की रक्षा करने वाले वीर जवानों का अपने सेवाकल को पूरा कर लौटना एक नए जीवन सा होता है।सेना में सेवा देने वाले के सदा परिवार जब अपनी सेवाएं पूरी कर अपने घर और गांव वापस लौटता है तो परिवार,दोस्त,संबंधी, नाते-रिश्तेदारों की खुशियों का ठिकाना ही नहीं रहता। सोमवार को जब सेना में 26 वर्ष तक देश के लिये सेवा देकर जब शहर के घर विकास भवन (रूपापुर)वह जवाश पहुँचा तो उसका जोरदार स्वागत किया गया। एएससी(आर्मी स्पलाई कोर) से सेवानिवृत्त हुए हवलदार आदित्य कुमार मिश्र पिता स्व राजकिशोर मिश्र निवासी गजराही शहर की जमीन पर आते ही आतिशबाजी और फूल-मालाओं से उनका जबरदस्त स्वागत किया गया। बतादें कि आदित्य कुमार मिश्र ने वर्ष 22फरवरी 1996 में भारतीय सेना ज्वाइन की थी। उन्होंने भारतीय सेना में कई प्रशस्ति पत्र भी प्राप्त किये है। जम्मू,पठानकोट, कश्मीर में राजौरी, पुंछ,बीकानेर राजस्थान में , मध्य प्रदेश महू, और श्रीनगर आर.आर. ,अनंतनाग, जम्मू एंड कश्मीर,असम दीमापुर,दिल्ली अन्य जगह पर अपनी कड़ी मेहनत के साथ ड्यूटी दिया। सैनिक के सकुशल सेवानिवृत्त होकर गाँव लौटने पर गांववासियों ने ढोल नगाड़ों के साथ स्वागत किया। सैनिक ने ग्रामीणों का आभार जताते हुए अपने सेना के अनुभवों को सबसे के साथ साझा किया तथा गाँव के नौजवानों से भारतीय सेना में जाकर भारत माता की सेवा करने के लिए प्रेरित किया।

# हंसराजपुर में जमीनी विवाद में मारपीट नौ चोटहिल, एक का सर फटा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सरफराज अहमद**


**फूलपुर।** कोतवाली के हंसराजपुर गांव में दो पक्षों में बुधवार सुबह 8 बजे जमकर लाठियां तथा धारदार हथियारों के प्रयोग से कई



को चोटे आई। बताया जाता है। कि भूमिधरी को आबादी की जमीन बताकर एक पक्ष कब्जा करना चाहता था। तो दूसरे पक्ष के लोगों से कहासुनी के बाद जमकर मारपीट हुई। एक पक्ष ने बताया। कि सोनिया देवी बनाम सुखराज आदि का दीवानी अदालत में मुकदमा चल रहा है। जिसमें कथित रूप से स्थगन आदेश भी है। परंतु एक पक्ष द्वारा आबादी की जमीन बताकर अवैध रूप से कब्जा दखल होना चाह रहा था। जिससे विवाद बढ़ा। मारपीट में एक पक्ष के विनय कुमार पुत्र सुखराम उम्र 42 वर्ष, विवेक कुमार पुत्र शिवराम उम्र 24 वर्ष, अमित कुमार पुत्र शिवराम उम्र 17 वर्ष, तनु सरोज पुत्री विनय कुमार उम्र 15 वर्ष एवं सोनिया देवी उम्र 29 वर्ष तथा द्वितीय पक्ष से सोनिया पुत्री स्वर्गीय प्रताप बहादुर उम्र 55 वर्ष, सुनीता पतने संतोष कुमार उम्र 35 वर्ष, विजय कुमार पुत्र प्रताप बहादुर उम्र 28 वर्ष, विभव पुत्र स्वर्गीय प्रताप बहादुर उम्र 19 वर्ष को चोटे आई। दोनों पक्षों की तहरीर पर कोतवाली फूलपुर में मुकदमा दर्ज कर मेडिकल कराया गया। दोनों पक्षों से दो दो को रेफर किया गया है।

# बेटे के सामने पिता को गोलियों से छलनी किया, प्रयागराज में फायरिंग कर भागे बाइक सवार नकाबपोश शूटरों की तलाश

**प्रयागराज।** चुनावी माहौल के बीच बुधवार दोपहर प्रयागराज में उतरांव क्षेत्र के मैरा डाण गांव निवासी अशोक कुमार भारतीय (50) की बाइक पर जाते समय गोली मारकर हत्या कर दी गई। नकाबपोश बदमाश भी बाइक पर थे जो गोली चलाकर फरार हो गए। कातिलों के बारे में पुलिस को अभी कुछ पता नहीं चल सका है। उतरांव में मैरा डाण गांव निवासी अशोक कुमार पुत्र राम सिंह अपने पुत्र कृष्ण राज के साथ बुधवार लगभग 1:30 बजे बाइक पर गैलन लेकर डीजल लेने जा रहा था। जैसे ही वह खमरिया उतरांव सुनसान स्थान पर पहुंचा तभी बाइक सवार दो बदमाश करीब आए और अशोक कुमार पर फायरिंग कर दी। वह बाइक समेत गिर गया। बेटे ने चीख पुकार की तो तमाम लोग जुट गए। फिर पुलिस भी पहुंच गई। अशोक को अस्पताल ले जाया गया वहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। वहां परिवार के लोग पहुंच गए। बेटे कृष्ण राज ने बताया कि बाइक सवार अपराधी कटहरा की तरफ भागे थे। बाइक



पर नंबर प्लेट नहीं थी। पुलिस की दो टीम को कातिलों की तलाश में भेजा गया है। पुलिस का कहना है कि कातिलों के बारे में पता लगाने के लिए पूरी कोशिश की जा रही है। लूटपाट नहीं किए जाने से पुलिस का संदेह है कि यह सुनियोजित कत्ल की वारदात है। यानी कत्ल के पीछे लूट की बजाय कोई और वजह है। हत्या किसने और क्यों की, यह अब पुलिस की जांच के बाद ही पता चल सकेगा।


# नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र, प्रयागराज

भारत सरकार की कौशल विकास योजना में अगस्त 2021 से प्रारम्भ हो रहे सत्र के लिए निम्नलिखित ट्रेडों में दाखिले के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित ट्रेड प्रवेश योग्यता तथा प्रस्तुत विभिन्न पाठ्यक्रमों की अवधि इस प्रकार है-

| क0सं0 | ट्रेड का नाम | ट्रेड की अवधि | योग्यता |
|---|---|---|---|
| 1. | कोपा | 1 वर्ष | 12वीं पास |
| 2. | फिटर | 2 वर्ष | 10वीं पास |
| 3. | बेसिक कम्प्युटिंग | 6 माह | साक्षर |
| 4. | डाटा इंट्री ऑपरेटर | 6 माह | 10वीं पास |
| 5. | फायर प्रिवेन्शन एण्ड इंडस्ट्रियल सेफ्टी | 6 माह | 8वीं पास |
| 6. | सेक्योरिटी सर्विस | 6 माह | 8वीं पास |
| 7. | कम्प्यूटर हार्डवेयर एण्ड एसेम्बली | 1 वर्ष | 10वीं पास |
| 8. | सर्टिफिकेट इन कम्प्युटर एप्लीकेशन | 1 वर्ष | 10वीं पास |
| 9. | इलेक्ट्रिकल टेक्निशियन्स | 1 वर्ष | 8वीं पास |
| 10. | रेफरिजरेटर एण्ड एयर कन्डिसनिंग | 1 वर्ष | 8वीं पास |
| 11. | योगा असिस्टेन्ट | 1 वर्ष | 10वीं पास |
| 12. | वेल्डिंग टेक्नोलॉजी | 1 वर्ष | 8वीं पास |
| 13. | कम्प्यूटर टीचर ट्रेनिंग कोर्स | 1 वर्ष | 10वीं पास |

**1.प्रमाण पत्रः-** सफल प्रशिक्षणार्थियों को भारत सरकार द्वारा प्रमाणपत्र दिए जाते है, जो केंन्द्रीय सरकार एवं राज्य सरकार के अधीनस्थ पद एवं सेवा में भर्ती के लिए मान्य है। **2.चयन की प्रक्रियाः-** इस वर्ष कोविड-19 महामारी के चलते सभी सीटों पर दाखिले पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर किये जायेंगे। **3.आयु सीमाः-** उम्मीदवारों की आयु 1 अगस्त 2021 को न्यूनतम 14 वर्ष से अधिक होनी चाहिए। **4.आवेदन कैसे करेः-** आवेदन फॉर्म संस्थान की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन भरे जा सकते है तथा संस्थान के कार्यालय से निःशुल्क भी प्राप्त किया जा सकता है। **5.**आवेदन फॉर्म भरते समय पंजीकरण शुल्क रूपये 2665/- का भी देय होगा। **6.कक्षायें/उपस्थितिः-** छात्रों की उपस्थिति में दो भाग शामिल है- थ्योरी क्लास और ट्रेनिंग इस वर्ष कोविड-19 स्थिति के कारण सभी छात्र संस्थान द्वारा आयोजित ऑनलाइन कक्षाओं में भाग लेंगे तथा उसके लिए संस्थान में छात्रों की भौतिक उपस्थिती की अनिवार्यता नहीं है, जब तक कोविड-19 की वर्तमान स्थिति समाप्त नहीं हो जाती है। प्रशिक्षण के लिए छात्रो को प्रधानाचार्य की अनूमति के साथ, अपने सम्बंधित मूल स्थानों पर प्रशिक्षण पूरा करने की अनुमति है। परीक्षा के समय छात्रों की उपस्थिति अनिवार्य होगी। **7.छात्रवृत्तिः-** दाखिले के उपरांत शुल्क प्रतिपूर्ति के लिए सभी ट्रेडों में आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थी, जिनके पास आय प्रमाण पत्र एवं सम्बन्धित दस्तावेज मौजूद हो वे सभी भारत सरकार की छात्रवृत्ति योजनाओं में आवेदन कर सकते है। **8.** अधिक जानकारी के लिए संस्थान की वेबसाइटः- **www.nainiiti.com** देखें। **9.दाखिले की अंतिम तिथिः-** 15 मार्च 2022

**सम्पर्क सूत्र :- 0532-2695959, 9415608710, 9807278552, 9415608790**

# समाजवादी पार्टी 10 मार्च को समाप्तवादी पार्टी बन जाएग- केशव प्रसाद मौर्य

(आधुनिक समाचार सेवा)
शीतल प्रसाद गुप्त

**बलिया।**उत्तर-प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद ने मंगलवार को जनपद के बिल्थरारोड जीएमएएम इण्टर कालेज के मैदान मे भाजपा प्रत्याशी छट्ठू राम और जूनियर हाईस्कूल तालिबपुर के मैदान में भाजपा प्रत्याशी आन्नद स्वरूप शुक्ल के पक्ष में चुनावी सभा को सम्बोधित




करते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी 10 मार्च के बाद समाप्तवादी पार्टी बन जाएगी। क्योंकि पहले भी सपा सरकार को प्रदेश की जनता देख चुकी है। हम लोगों ने पिछले पांच सालों से प्रदेश की जनता की पूरी ईमानदारी के साथ सेवा की है। उन्होंने कहा कि तीन मार्च को 11 बजे ही सपा के लिए 12 बज जाना है।अखिलेश अपना करहल नही बचा पाएंगे प्रदेश में तो सपा की लुटिया डूब चुकी है।उपमुख्यमंत्री ने कहा कि हम फ्री राशन दे रहे हैं, सपा की सरकार होती तो आपका फ्री राशन सरकार में बैठे लोग खा गए होते। आपको भाषण खिलाकर चले जाते उन्होंने भाजपा सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए फ्री बिजली, फ्री गैस सिलेंडर, मकान, जमीन आदि उपलब्ध कराने के संकल्प को दोहराते हुए कहा कि 2017 से अब तक ट्रेलर चल रहा था। 11 मार्च से पूरी फिल्म चलेगी। उन्होंने कोरोना वैक्सीन की चर्चा करते हुए अखिलेश यादव ने कहा था कि हम लोग कोरोना का वैक्सीन नही लेंगे, तीन मार्च को कमल के फूल पर इतना बटन दबा दीजिये ताकि स्वतः उनको कोरोना का वैक्सीन चुभ जाय उपमुख्यमंत्री ने सभा में मौजूद मौर्या समाज के लोगों से कहा आप लोग मेरे परिवार के है यहां भाजपा को जिताने की अपनी जम्मेवारी आपको सौप रहा हूं, इसे जरूर निभाइयेगा। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने समाज के हर वर्ग से भाजपा को समर्थन देने का अपील करते हुए कहा कि मतदान से पूर्व एक बार आप अयोध्या, काशी, मथुरा का स्मरण कर लीजियेगा कि कौन सी सरकार इन आस्था के केंद्रों का विकास किया है या करेगी इसके बाद ईश्वर का स्मरण कीजियेगा।आपकी अंतर आत्मा कहेगी कि भाजपा को वोट दीजिये और आप भाजपा को ही वोट दीजियेगा उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप छत्रपति शिवाजी के झंडे का रंग भगवा था। हम भी भगवाधारी हैं और हम सब भगवाधारी हैं।भाजपा सरकार के उपलब्धियों को गिनाया और फिर पांच साल के लिए योगी आदित्यनाथ की सरकार को जनादेश देने का आग्रह किया। सरकार के मंत्री व बैरिया के भाजपा प्रत्याशी आन्नद स्वरूप शुक्ल ने अपने सम्बोधन में लोगों से समर्थन मांगते हुए कहा कि मेरा स्थायीआशियाना बैरिया में ही रहेगा, वहीं हमारे दरवाजे चौबीसों घण्टे खुला रहेगा। सांसद वीरेन्द्र सिंह मस्त ने लोगों को भरोसा दिया कि भाजपा यहां से भरी मतों से जीत रही है केवल आप के आशीर्वाद की आवश्यकता है।पूर्व सांसद भरत सिंह व पूर्व विधायकविक्रमा सिंह भी अपने सम्बोधन में आन्नद स्वरूप शुक्ल को जिताने का आग्रह किया। कार्यक्रम में सांसद वीरेन्द्र सिंह मस्त, सांसद रविन्द्र कुशवाहा , पूर्व सांसद भरत सिंह, पूर्व विधायक विक्रमा सिंह, प्रत्याशी आनंद स्वरूप शुक्ल, मुक्तेश्वर सिंह, मनटन वर्मा, अरविंद सिंह सेंगर, पंकज सिंह सहित दर्जनों लोगों ने सम्बोधित किया। अध्यक्षता जयप्रकाश साहू व संचालन विजय बहादुर सिंह ने किया। सहतवार में हेलीकाप्टर आते ही उड़ गया टेंट,मची भगदड़ जनपद के बांसडीह के सहतवार क्षेत्र में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के साथ केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर की चुनावी जनसभा पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में मंगलवार कोआयोजित की गई थी। चुनावी जनसभा को लेकर पार्टी की ओर से सभी तैयारियां पूरी कर ली गई थीं।वहीं सुबह से ही पार्टीकार्यकर्ता, पदाधिकारी और आम जनता ने सहतवार बड़े पोखरे पर भाजपा की चुनावी जनसभा में प्रतिभाग करने के लिए उत्साह से पहुंचे थे। लेकिन, उनका उत्साह उस समय दहशत में बदल गया जब हेलीकाप्टर आने की वजह से उसकी तेज हवा की जद में आने से पूरा टेंट ही उखड़कर उड़ गया और मौके पर कुछ देर के लिए भगदड़ मच गई।

# सपा प्रमुख अखिलेश यादव बोले, बलिया में बनाएंगे मेडिकल कालेज

(आधुनिक समाचार सेवा)
शीतल प्रसाद गुप्त

**बलिया।**सपा के समर्थन में फेफना विधानसभा क्षेत्र के कटारिया में जनसभा को संबोधित करने आए सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि बलिया में पहले ही मेडिकल कालेज बनवाले वाले थे।सरकार बनी तो मेडिकल कालेज बनवाएंगे। सपा ने यूनिवर्सिटी दी थी, भाजपा



ने काम और बजट रोक दिया। पुराने समाजवादी चंद्रशेखर के नाम पर विवि दी थी। आपका जोश बता रहा है कि बीजेपी के लोग शहर में शून्य रह जाएंगे। उन्होंने कहा,ये चुनाव छोटा मोटा चुनाव नहीं है। ये खुशहाली, सविंधान, लोकतंत्र को बचाने का चुनाव है। बलिया ने हमेशा क्रांतिकारी रास्ता अपनाया है।समाजवादियों के साथ अंबेडकरवादी मिलकर संविधान बचाने में लगे हैं। स्थानीय नेताओं ने भेंट किया त्रिशूल स्थानीय नेताओं ने उन्हें त्रिशूल भेंट किया। ये भी कहा कि शिवरात्रि का दिन बलियावालों से मिलने का सबसे अच्छा दिन है। पिछले पांच साल से डबल इंजन की सरकार झूठ बोल रही है। कहने को सबसे बड़ी पार्टी है, लेकिन दुनिया की सबसे झूठी पार्टी भाजपा है। इनके नेताओं को भाषण सुनिए। छोटे छोटा और बड़े बड़ा झूठ बोल रहे हैं। सरकार में आए तो हवाई हजाज, हवाई अड्डा और पानी के जहाज बेच दिए।

# शिक्षकों संग बालिकाओं ने जागरूकता रैली निकाली

(आधुनिक समाचार सेवा)
सर्विस कुमार यश

**हरहुआ (वाराणसी)।**पहले रक्तदान तब जलपान तभी होगा। मतदान प्रतिशत को बढ़ाने को लेकर चहुओर प्रयास जारी है। जन- जन का नारा है, मतदान अधिकार हमारा है का उदघोष करते हुऐ राजेश्वरी बालिका इण्टर कॉलेज हरहुआ की छात्राओ ने मतदाता जन जागरूकता रैली दोपहर निकाली। रैली को विद्यालय के निदेशक कोशलेंद्र नारायण सिंह ने हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। उक्त अवसर पर उन्होंने कहा की अपने अधिकार के लिए वोट देना जरूरी है। छात्राओ से घर घर जाकर वोट डालने का आग्रह किया। रैली में स्लोगन लिखी तख्तियों के साथ नारा लगाते हुए बालिकाओं ने शिक्षिकाओं संग बैजलपट्टी, दासेपुर, धनेसरी तक जाकर वापस विद्यालय हुई।जहां स्वल्पाहार किया।रैली मे डॉ0 सीमा



सिंह, डॉ0 एस0 बी0 सिंह, मंजु सिंह, प्रेमा सिंह, सन्हेलता पाण्डेय, संतोष विश्वकर्मा, सीरिश्रकांत पाण्डेय, अरविंद सिंह, विनोद पाण्डेय, शुभंम मिश्रा, अशोक सिंह प्रमुख रूप से शामिल रहे। संचालन छात्रा मुस्कान सिंह ने किया।

# महिलाओं को प्रसूता होने के 72 घंटे बाद ही अस्पताल से छुट्टी करें चिकित्सा प्रभारी डॉ आरके सिंह

(आधुनिक समाचार सेवा)
सर्विस कुमार यश

**हरहुआ (वाराणसी)।** विकासखंड के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ0 आर0के0 सिंह ने प्रसव कक्ष का अवलोकन किया। प्रसव उपरांत प्रसूता को मिलने वाले खाना के गुणवत्ता, मात्रा का निरीक्षण किया। प्रसूता महिलाओं का हालचाल ली,उसने बताया कि सुबह नाश्ते में ब्रेड दूध दोपहर के खाने में दाल, चावल ,रोटी ,सब्जी और रात के खाने में रोटी सब्जी मिला है। डॉ0




आर0 के0 सिंह द्वारा प्रसूता को 72 घंटे रुकने के लिए कहा गया और नर्स मेंटर चंद्रकला को सख्त हिदायत दिया की सभी प्रसूताओं को प्रसव उपरांत 72 घंटे हरहाल में रोके ताकि पीपीएच को होने से रोका जा सके। प्रसव उपरांत होने वाली कॉम्प्लिकेशन को होने से भी रोका जा सके। साथ ही साथ प्रत्येक बच्चे को बर्थडेज डोज और जननी सुरक्षा योजना के फॉर्म भरने के बाद ही जाने के लिए कहा ताकि प्रसूता को सहयोग राशि 1400 का लाभ दिया जा सके।

# शुलटंकेश्वर महादेव मंदिर में दर्शनार्थियों की उमड़ी भारी भीड़ ग्रामीण क्षेत्रों के शिवालयों पर शिव भक्तों ने किया कीर्तन, दर्शन पूजन

(आधुनिक समाचार सेवा)
सर्विस कुमार यश

**रोहनिया (वाराणसी)।** शिवरात्रि के अवसर पर माधोपुर स्थित शुलटंकेश्वर महादेव मंदिर पर मंगलवार को भोर से ही शिव भक्तों द्वारा दर्शन पूजन किया गया। जिसके दौरान दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी रही। जिसके दौरान राजातालाब उपजिलाधिकारी उदय भान सिंह व क्षेत्राधिकारी सदर अखिलेश राय तथा रोहनिया थाना प्रभारी विमल किशोर मिश्र की देखरेख में दर्शनार्थियों को लाइन में लगाकर सुचारू रूप से दर्शन कराया गया। इसके अलावा मोहनसराय स्थित बुढ़वा महादेव मंदिर ,गंगापुर, राजातालाब,मिल्की चक, बीरभानपुर, जगतपुर ,नरउर, बाणासुर, पंडितपुर, अमरा, अखरी, पनियरा,शाहंशाहपुर, जिख्खनी इत्यादि ग्रामीण शिवालयों पर फूल मालाओ से भव्य सजावट कर हरिकीर्तन के साथ व्रत रहकर शिव की पूजा किया गया। तथा शिव भक्तों ने प्रसाद के रूप में भांग ठंढ़ई का आनंद लिया गया।



# जौनपुर में बोले अखिलेश यादव 'भारत के लोकतंत्र को बचाने का है यह चुनाव'

**जौनपुर।** जिले में सातवें चरण में विधानसभा चुनाव सात मार्च को होना है। इस लिहाज से जौनपुर जिले में सियासी घमासान का दौर शुरू हो चुका है। इसी कड़ी में बुधवार को सपा अध्यक्ष अखिलेश




यादव चुनाव प्रचार करने जौनपुर की शाहगंज विधानसभा सीट पर गए। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शाहगंज विधानसभा क्षेत्र के जमुनिया में पहुंचे अखिलेश यादव ने कहा कि यह चुनाव लोकतंत्र को बचाने का चुनाव है, अगर लोकतंत्र को बचाना है तो सभी लोग सपा के पक्ष में मतदान करें। इस चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को उत्तर प्रदेश से बाहर करना है। इसके लिए आप सभी को सपा के लिए वोट करना होगा। कहा कि शाहगंज की भीड़ बता रही है कि प्रदेश में सपा की ही सरकार बनेगी। कहा कि नौजवानो? को रोजगार देने का काम समाजवादी पार्टी का होगा। हमारे बीएड टीईटी वाले लोग अपने बूथ और अपने गांव में साइकिल वाले की मदद करना।कहा कि अब तो कोई समय नहीं बचा। इसी समय का हम लोग इंतजार कर रहे थे। यह छोटा चुनाव नहीं है। यह देश का सबसे बड़ा चुनाव है। यह बदलाव का चुनाव है। इससे देश के राजनिति पर प्रभाव पड़ेगा। यह लोकतंत्र बचाने का चुनाव है। महंगाई को लेकर कहा कि अब भाजपा के लोग वोट मांगने आ रहे हैं तो सिलेण्डर की कीमत तो बढ़ गई है। कहा कि अगर सपा की सरकार बनी तो 24 घंटे बिजली मिलेगी। किसानों की सिंचाई फ्री, पुलिस में भर्ती होगी। वे से जोड़ना होगा तो जोड़ेंगे। भाजपा को नदिया के पार फेंक देंगे। जिसका मतलब कि भाजपा को उत्तर प्रदेश से बाहर करने का है। उन्होंने कार्यकर्ताओं का जोश देखकर कहा कि अब सरकार बनने वाली है। पुरानी बातों को भूलकर मतदान करने की अपील की। इसके अलावा भी वह केंद्र और राज्य सरकार पर निशाना साधते रहे।

# ममता बनर्जी पहुंचीं वाराणसी, दशाश्वमेध घाट पर गंगा आरती में होंगी शामिल

**वाराणसी।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी बुधवार शाम को वाराणसी एयरपोर्ट पहुंचीं। कुछ देर बाद वह दशाश्वमेघ घाट पर गंगा आरती में शामिल होंगी। इसके बाद गुरुवार सुबह में ममता काशी विश्वनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना करेंगी। मंदिर से निकलने के बाद ममता समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के साथ वाराणसी में चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगी। इसके बाद ममता गुरुवार शाम में वापस कोलकाता लौट जाएंगी। तृणमूल कांग्रेस और समाजवादी पार्टी की और से गुरुवार को सुबह शहर के प्रमुख स्थलों पर सीएम ममता बनर्जी जनसंपर्क भी करेंगी। शहर के कैंट विधानसभा सीट में करीब पचास हजार बंगाली वोटरों को साधने की रणनीति बनाई गई हैं। बंगाली महिलाओं से खास तौर से ममता मुलाकात करेंगी। इस बार चुनाव में तृणमूल कांग्रेस सपा को समर्थन कर रही है। पिछले दिनों तृणमूल अध्यक्ष लखनऊ भी चुनाव प्रचार के सिलसिले में आ चुकी हैं। पश्चिम बंगाल चुनाव के



बाद भी उन्होंने पीएम के संसदीय क्षेत्र बनारस चुनाल प्रचार के लिए आने की घोषणा कर दी थी। नए परिसीमन के अनुसार कैंटोमेंट विधानसभा क्षेत्र के गणेश महाल, खालिसपुरा, पांडेयघाट, गंगा महल घाट, सोनारपुरा, नाथूशाह ब्रह्मपुरी मोहल्लों के 10 बूथों पर बंगीय समाज के लोगों का बाहुल्य है। इन मोहल्लों से निकल कर कुछ लोग भगवानपुर, नगवां, अस्सी, डाफी, रवींद्रपुरी, कबीर नगर आदि में नया मकान बनवाए हैं, वे भी कैंट क्षेत्र के ही मतदाता हैं। इस प्रकार बंगीय समाज का कुल करीब 50 से 55 हजार वोट कैंटोमेंट विधानसभा क्षेत्र में हैं। इसी प्रकार शहर दक्षिणी में भी राजघाट और काशी स्टेशन के आस-पास गंगा किनारे कई मोहल्लों में 10 से 12 हजार बंगाली मतदाता हैं। वाराणसी के रिंग रोड के पास एढे गांव में सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव और बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की सभा की तैयारी में सपा कार्यकर्ता जुटे हैं। दूसरी ओर सपा के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव प्रो. रामगोपाल यादव ऐढे में होने वाले जनसभा का स्थलीय निरिक्षण किया।

# भदोही में बोले ओवैसी - '10 मार्च को निकलेगी बाबा की गर्मी तो मिलेगी कलेजे को ठंडक

**भदोही।** यूपी के मुख्यमंत्री बाबा योगी आदित्यनाथ सबकी गर्मी निकालने की बात कर रहे हैं जबकि 10 मार्च को उनकी गर्मी निकलेगी तब मेरे कलेजे को ठंडक मिलेगी। देश के प्रधानमंत्री को सात साल बाद पता चला कि यूपी में सांड के कारण समस्या है। उनका कहना है कि 10 मार्च के बाद सांड की समस्या से मुक्ति दिला दी जाएगी। क्या वे सात साल तक चाय पीकर सो रहे थे। झूठ बोलने में माहिर भाजपा नेताओं ने देश के युवाओं को गुमराह करने का काम किया। आल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लेमीन (एआईएमआईएम) के राष्ट्रीय अध्यक्ष व सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने यह बातें भदोही के अभयनपुर मैदान में आयोजित जनसभा में कही। जायसवाल के समर्थन में लोगों से वोट देने की अपील की। सांसद ओवैसी ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री बाबा जी कह रहे हैं कि एक सांड को पालन के लिए 900 रुपये दूंगा, जबकि एक दिव्यांग को एक हजार रुपये प्रति माह पेंशन देते हैं।

# गाजीपुर में बोले पीएम नरेन्द्र मोदी- 'दंगों में खुली जीप पर घूमने वाले योगी सरकार में घुटनों पर

**गाजीपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शहर के आरटीआइ मैदान में एक घंटे तक जनसभा को संबोधित करेंगे। पीएम को सुनने के लिए जिले की सभी सातों विधानसभा सीटों से लोगों के आने का क्रम सुबह से ही शुरू हो गया था। दोपहर तक पूरा आरटीआइ मैदान भर गया। जोश से लबरेज कार्यकर्ता जमकर नारेबाजी करते हुए पहुंच रहे हैं। शहीदों की धरती गाजीपुर और यहां के शहीदों को पीएम ने नमन किया। अब्दुल हमीद और उनकी पत्नी को भी मंच से याद किया। मनोज सिन्हा का जिक्र करते हुए कश्मीर को जिम्मेदारी से संभालने की जानकारी दी। कहा कि पांच चरणों में बीजेपी परचम लहरा चुकी है। बीजेपी की सरकार बननी तय है, लेकिन रिकार्ड जीत दिलाने के लिए एक-एक वोट जरूरी है। डबल इंजन सरकार को आपका एक एक वोट ऊर्जा देगा। आपका एक एक वोट उन घोर परिवार वादियों को करारा जवाब देगा। घोर परिवारवादी इस क्षेत्र को इतने दशकों से विकास से वंचित रखा। गाजीपुर की धरती का संबंध मां गंगा और कृषि से है। परिवारवादियों ने अपने स्वार्थ में पुण्य क्षेत्र की पहचान बदल कर रख दी। उनके शासन में यहां की पहचान गहमर के वीर न होकर माफिया और बाहुबली बन गए थे क्या आपको यह पहचान मंजूर है। यह पहचान बदलने का मौका है। इनको सजा दोगे आपको परिवारवादियों को सत्ता से बाहर रखना है। हमारे दलित भाई-बहनों की बस्ती जलाई थी। गाजीपुर के लोग भूले नहीं हैं, वह दौर जब हमारे होनहार साथी कृष्णानंद राय को गोलियों से छलनी कर दिया था। दंगों में खुली जीप पर घूमने वाले योगी सरकार में घुटनों पर आ गए हैं। गाजीपुर को उन परिस्थितियों से निकालकर योगी शासन में गाजीपुर के विकास को प्राथमिकता दी गई है। पीएम ने कहा कि गाजीपुर का विकास सरकार की प्राथमिकता थी और इसे करके रहेंगे। आपकी बहुत बड़ी समस्या कनेक्टिविटी की थी। इस पर विशेष ध्यान दे रहे हैं आपको याद होगा ताड़ीघाट पुल की मांग छह दशक से थी। हमारी सरकार ने इसे पूरा किया। पूर्वांचल एक्सप्रेस वे भी शुरू हो चुका है। हमने गाजीपुर को काशी से जोड़ने के लिए हाईवे का निर्माण कराया है। गाजीपुर को बलिया और आजमगढ़ और बक्?सर से जोड़ने का ऐसा ही काम चल रहा है। घोर परिवारवादियों ने सुख चैन भरा जीवन गुजारा है। महलों में जीना गाड़ियों में घूमने वाले गरीब का दर्द नहीं समझ सकते। जिनको चूल्हे के धुएं से तकलीफ होती है उनका दर्द नहीं समझ आता। गाजीपुर में उज्?ज्वला का गैस कनेक्शन दिया। शौचालय की बात करने पर मजाक उड़ाते थे। परिवारवादियों को माताओं बहनों की पीड़ा समझ नहीं आई। इस पीड़ा को दूर करने का काम सरकार ने किया। यह असंवेदनशील लोग हैं। यह असहायों के पेंशन का पैसा खा जाते थे। आज भी इनकी नजर आपके विकास के लिए आए पैसों पर है। इसलिए आपको इन परिवारवादियों से सावधान रहना जरूरी है। गरीब के घर में बीमारी आ जाए तो इलाज का खर्च परिवार की कमर तोड़ देता है। हमने गाजीपुर के सवा दो लाख से अधिक गरीब परिवारों को आयुष्मान भारत का सुरक्षा चक्र दिया है। लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिले इसके लिए पूर्वांचल में मेडिकल कालेजों की संख्या बढ़ाई है। महर्षि विश्वामित्र कालेज भी खोला गया। विश्वनाथ सिंह गहमरी की बात याद आती है। नेहरू जी के सामने उन्होंने याद दिलाया था कि गरीब लोग गोबर से गेहूं निकालकर अपना पेट भरने को मजबूर हैं। जिसके दिल में गरीब के लिए दर्द हो वह गरीब को कभी ऐसी स्थिति में नहीं छोड़ सकता। पूरी दुनिया और मानव जाति पर कोरोना ने संकट पैदा किया। सौ साल का संकट था। लेकिन, हमने किसी गरीब को भूखा नहीं सोने दिया। पिछले दो साथ से भाजपा की डबल इंजन सरकार यूपी के 15 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन दे रही है। दो लाख साठ हजार रुपये खर्च हो रहे हैं। यही काम परिवा?रवादियों को करना होता तो आपको दाने दाने के लिए तरसा देते और सारा पैसा खुद खा जाते। हमारी सरकार गरीब का जीवन बचाने को प्राथमिकता दे रही



है। सभी को वैक्सीन जरूर लगे हमने सुनिश्चित किया। जो हजारों में दूसरे देशों में लग रही उसे मुफ्त में दिया जा रहा है। परिवार वादी लोग अफवाह फैला रहे थे। हमारी सरकार छोटे किसानों की जरूरत पर ध्यान दे रही है। आज गाजीपुर के पांच लाख किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि का लाभ मिल रहा है। उन छोटे गरीब किसानों की कभी चिंता नहीं हुई। गरीबों का परिवार बढ़ा तो जमीन का बंटवारा हो जाता था। पांच लाख किसानों को साढे आठ सौ करोड़ रुपये अकेले गाजीपुर के पांच लाख किसानों के खाते में जमा किए गए। अगर कोई और सरकार होती तो कितने रुपये चबा जाते। आपको ध्यान रखना है घोर परिवार वादियों की नजर आपको मिलने वाली राशि पर है। ऐसे लोगों को जगह नहीं देनी है। यह परिवार वादी चाहते हैं हमारा गरीब नागरिक लोग जातियों में बंट और बिखर जाएं। लड़ते रहें और उनका खेल चलता रहे। आपके लिए अपने क्षेत्र का विकास अपने देश का विकास अपने बच्चों का उज्ज्वल भविष्य आपके लिए सर्वोपरि है। माताओं बहनों बुजुर्गो को प्रार्थना करना चाहता हूं आपको जिस मुसीबत में अब तक जिंदगी जीनी पड़ी कोई नहीं चाहेगा उनके बच्चों को इस तरह जीना पड़े कतई नहीं चाहेगा। आपको भाजपा और सहयोग के रूप में एनडीए के साथी को जिताना होगा। आप घर-घर जाएं और मतदाताओं से मिलें और मेरा एक काम करें कि सभी को जाकर मेरा प्रणाम पहुंचाएं। मंच पर सबसे पहले साध्वी निरंजन ज्योति ने जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने गाजीपुर में निषाद समाज की ओर से लोगों का अभिनंदन किया। इसके पूर्व पीएम का हेलीकाप्टर तीन बजे पुलिस लाइन में बने हेलीपैड पर उतरा। यहां से करीब चार बजे वह हेलीकाप्टर से वाराणसी के लिए रवाना हो गए। जर्मन हैंगर से भव्य पंडाल तैयार करने के साथ ही चारों तरफ बांस-बल्लियों से बैरिकेडिग की गई थी। 60 हजार कुर्सियों का इंतजाम किया गया है। एक लाख से अधिक लोगों के लिए व्यवस्था की गई है। पीएम के साथ प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह केंद्रीय मंत्री साध्वी निरजंन और संजीव बालियान भी सभा को संबोधित किया। बाहर से आए छह एसपी, नौ एएसपी और 16 डिप्टी एसपी एसपीजी के अधिकारी आंतरिक व पुलिस, पीएसी व केंद्रीय बल के जवान बाहर की सुरक्षा करेंगे। इसके लिए भारी संख्या में बाहर से फोर्स मंगाई गई है। शहर के सभी प्रमुख चौराहों पर एक सब इंस्पेक्टर के साथ आधा दर्जन पुलिसकर्मी होंगे। एक गेट से प्रवेश होगा और तीन बार होगी चेकिंग। पीएम की सुरक्षा में छह एसपी, नौ एएसपी, 16 डिप्टी एसपी, 45 इंस्पेक्टर, 175 से अधिक सब इंस्पेक्टर, 1500 से अधिक सिपाही व करीब पांच कंपनियां पीएसी के जवान तैनात हैं।

# अमित शाह बोले- सपा और बसपा का सूपड़ा साफ, आखिरी चरण तक भाजपा 300 सीटों के पार

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2022 के आखिरी चरण के लिए अब घमासान तेज हो गया है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित



शाह ने बुधवार को चंदौली और जौनपुर जिलों में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि कहा कि चुनाव के पांच चरणों में सपा और बसपा का सूपड़ा साफ हो चुका है। छठे और सातवें चरण को मिलाकर भाजपा को 300 के पार जाना है। उन्होंने कहा कि सपा की सरकार में गोली और छर्रे बनते थे और भाजपा की सरकार में सेना के लिए मिसाइलें और गोले बन रहे हैं, जो पाकिस्तान से देश की सुरक्षा कर रहे हैं। गनन चीनी और दूध उत्पादन में उत्तर प्रदेश देश का नंबर वन राज्य बना है। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि पांच चरणों के चुनाव में सपा-बसपा का सूपड़ा साफ है। उत्तर प्रदेश की जनता ने सपा को साफ कर दिया है। भाजपा की 300 पार सीटें आ रही हैं। गृह मंत्री कहा कि भाजपा ने कानून का राज लाया, माफिया को समाप्त कर दिया। पांच सालों में योगी जी ने चुन चुनकर माफिया को या तो ऊपर भेजवा दिया या फिर वह जेल में डर के बंद हो गए। भू माफिया से भूमि मुक्त कराकर गरीबों का घर बनवा दिया। उत्तर प्रदेश दूध, चीनी, अदरक के उत्पादन में नम्बर वन है। अखिलेश की सरकार में उत्तर प्रदेश खून करने, दुष्कर्म, डकैती के मामले में नम्बर वन था। गृह मंत्री ने आगे कहा कि अखिलेश की आंखों पर एक ऐनक है, जिससे वह एक ही जाति व दूसरे ऐनक से एक ही धर्म दिखाई देता है।

# महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर सभी शिवालयों में गुजा हर हर महादेव

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**अनिल कुमार अग्रहरी**

**डाला सोनभद्र।** आज महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर डाला नगर सहित आसपास के क्षेत्रों में स्थित शिवालयों में प्रातः काल से ही शिवभक्त के पहुचने का शिलशिला शूरू हो गया और दोपहर होते ही सभी मंदिर परिसरों में भारी भीड़ जमा हो गई। इसी क्रम में डाला नगर के अचलेश्वर महादेव मंदिर शिव मंदिर बाड़ी डाला, वैष्णो मंदिर शिव मंदिर पटेहरा टोला अमर नाथ गुप्ता बिल्ली समेत मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के साथ बाबा भोलेनाथ का विधि विधान से पूजन अर्चन कर जलाभिषेक किए गए साथ ही शिवरात्रि के उपलक्ष्य में आयोजित मेले का भी श्रद्धालुओं ने खुब आनंद उठाया बाबा अचलेश्वर महादेव मंदिर में शिवभक्तों ने जलाभिषेक कर अपनी



मुरादें पूरी हो जिसके लिए मन्नत मांगी वहीं बाडी मन्दिर पर भागं का रस खुब आनंद लिए वहीं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर डाला चौकी इंचार्ज मनोज कुमार ठाकुर क्षेत्रों में दल बल के साथ मौजूद रहे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में महिला ने लगाई खिड़की के सहारे फांसी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**अनिल कुमार अग्रहरी**

**डाला सोनभद्र।** स्थानीय चोपन थाना क्षेत्र के कोटा ग्राम पंचायत मे आज बुधवार को बसुधा पश्चिमी में एक महिला खिड़की के सहारे फांसी लगाकर जान दे दी प्राप्त जानकारी के आनुसार बिती रात में अनिता उम्र लगभग (28) वर्ष पतनी राजेश कुमार निवासी सरपटवा कोटा जो की महिला अपने मायके मां राजमती पत्नी स्व गंगा निवासी बसुधा पश्चिमी में लगभग छः वर्षो से रह रही थी और बिते मंगलवार की रात में महिला संदिग्धावस्था में मकान के खिड़की के सहारे साड़ी का फंदा लगाकर अपनी इस लीला समाप्त जान दी मृतक का पति दिल्ली में रहकर काम करता था वर्तमान समय में मृतक अनिता शादी होने के बाद से अपने मां के घर पर ही रहती थी स्थानीयो लोगों द्वारा सूचना पाकर मौके पर पहुंचे डाला चौकी इंचार्ज मनोज कुमार ठाकुर व रविन्द्र नाथ पांडेय पीआरबी 1247 डायल 112 शव को अपने कब्जे मे लेते हुये अग्रीम कारवाई में जुटी साथ ही कोटा प्रधान पहलाद चेरो मौके पर मौजूद रहे।



# प्रत्याशी के साथ एक दिन युवाओं को दिलाऊंगा रोजगार में वरीयता

**सोनभद्र ।** महाशिवरात्रि के दिन सुबह छह बजे स्नान-ध्यान कर राबर्ट्सगंज विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी कमलेश ओझा ने सबसे पहले महादेव का दर्शन किया। इसके बाद समर्थकों के साथ दिनभर के कार्यक्रम को लेकर मंथन किया। फिर पहाड़ी व जंगल क्षेत्र में बसे लोगों से मुलाकात की। इसके बाद पिडारी, गायघाट, पनौरा, चिरूई, तिलौलीकला में जनसंपर्क किया। जहां-जहां पर मेला लगा हुआ था, उसमें भी शामिल हुए। इस दौरान जो भी मिला सबसे अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की। अपने एजेंडे को भी जनता से साझा किया। कमलेश ओझा ने कहा कि हमारे विधानसभा क्षेत्र में बेरोजगारी एक बड़ी समस्या है। विधायक बनने पर सबसे पहले जिले में स्थापित कल-कारखानों में स्थानीय युवाओं को वरीयता के आधार नियुक्ति कराने का काम करूंगा। इसके साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में शुद्ध पेयजल व बेहतर सड़क को लेकर जमीनी स्तर पर काम करूंगा। कहा कि कांग्रेस पार्टी समाज को एक धागे में पिरोने का काम करती है, इसलिए सभी को एक नजर से देखने का काम हम लोग करते हैं। समाज को बांटने वालों से अब दूरी बनाने की जरूरत है। अपने जनसंपर्क के अंतिम पड़ाव पर तिलौलीकला में पहुंच कर कहा



कि चुर्क व डाला सीमेंट फैक्ट्री में काम करने वालों के लंबित भुगतान कराने का काम करूंगा। हर खेत तक पानी आए इसके लिए हर संभव प्रयास रहेगा। शाम को वापसी पर राबर्ट्सगंज में भी उन्होंने जनसंपर्क किया। क्यों चुनें आपको कारखानों में स्थानीय युवाओं को नौकरी ग्रामीण जनता को शुद्ध पेयजल पहुंचाना । जसौली परियोजना को पूरा कराना प्राथमिकता । उच्च शिक्षा के लिए जमीनी स्तर पर प्रयास । हर खेत तक सिचाई के लिए पानी पहुंचाना।

# शिव बरात में झूमते-नाचते निकले अनोखे बराती

**दुद्धी (सोनभद्र) ।** महाशिवरात्रि पर्व पर मंगलवार को वैसे तो सुबह से ही पूरा क्षेत्र शिवभक्तों से पटा था। शाम करीब चार बजे आकर्षक बरातियों के साथ शिवभक्तों का हुजूम प्राचीन शिवाला मंदिर पर पहुंचा। वहां महिलाओं ने शिव रूपी कलाकार को दूल्हे के रूप में श्रृंगार कर देवों के देव महादेव की बरात निकाली। भगवान ब्रह्मा, विष्णु के साथ अन्य देवी देवताओं को लेकर कैलाश कुंज की ओर चले। बरात में भूत, पिशाच, बानर का भेष धरे बच्चों के साथ ही कई आदिवासी महिला पुरुष करमा, शैला सरीखे परंपरागत नृत्य करते हुए लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी रहीं। कुछ इसी तरह का नजारा रामनगर के शिव मंदिर में देखने को मिला। यहां से आकर्षक रथ पर सवार होकर भोले शंकर अन्य देवी देवताओं का रूप धरे कलाकारों के साथ बीड़र गांव के हिरेश्व महादेव मंदिर के लिए रवाना हुए। कैलाश कुंज द्वार पर मल्देवा एवं बीड़र के हिरेश्वर महादेव मंदिर परिसर में आयोजकों ने अगवानी की। दूल्हे समेत देवी देवताओं के साथ अन्य बरातियों को भव्य पंडाल में आदर सहित बैठाया गया। इसके बाद माता पार्वती का रूप धरे एक कलाकार ने जैसे ही भोले बाबा के गले में वरमाला पहनाई समूचा क्षेत्र बाबा के जयघोष से गूंज उठा। रेणुकूट महाशिवरात्रि पर नगर में मंगलवार को पूर्वांचल श्रीराम सेना एवं शिवभक्त गण समूह की ओर से शिवबरात धूमधाम से निकाली गई। मुर्धवा से निकली बरात रेणुकूट मुख्य बाजार होते हुए पिपरी तक गई। बरात में शामिल अहसास करा रहा था। बरात में खुले वाहन पर तांडव करते हुए कलाकारों की लाइव झांकी भी रही। बरात में तमाम लोग भूत-प्रेत, पिशाच समेत तमाम अन्य रूप धारण कर नाचते गाते चल रहे थे। नगर के



लोग बैंड बाजे और डीजे की धुन पर नाचते और झूमते हुए चल रहे थे। बरात में भगवान शंकर का रथ सबसे आगे चल रहा था, उसके पीछे बने विशालकाय शिवलिग पर रास्ते भर आरती हो रही थी। बरात में एक हजार नारियल से बना शिवलिग आकर्षण का केंद्र रहा। रुद्राक्ष और रुई से बना शिवलिग भगवान अमरनाथ के दर्शन का मुख्य चौराहे पर बना भारी भरकम शिवलिग भी आकर्षण का केंद्र बना रहा। तीन दिन पहले ही जहां नगर के घरों को 10 हजार भगवा रंग के झंडों से पाट दिया गया था वहीं बारात में जमकर आतिशबाजी भी की गई। इस अवसर पर आशीष सिंह, शरद नथानी, गोपाल सिंह, अजय राय, सज्जन अग्रवाल, राजेश आदि रहे।

# यूक्रेन में मिसाइल हमने में मेडिकल छात्र की मौत, बढ़ी दहशत

**ओबरा (सोनभद्र) ।** यूक्रेन के दूसरे सबसे बड़े शहर खारकीव में फंसे ओबरा के मेडिकल छात्र अक्षत गुप्ता सहित उसके साथियों में भय और दहशत का माहौल है। मंगलवार को अक्षत के ही एक सीनियर की मिसाइल हमले में मौत हो गई थी। इसके बाद बंकर में रह रहे छात्रों में तेजी से दहशत बढ़ती जा रही है। दहशत और भय का माहौल ऐसा कि मंगलवार को भावुक अक्षत अपने परिजनों से बात भी नहीं कर पाया। उसके साथी छात्र फारुख ने बताया कि हम सब अब किसी तरह यहां से निकलना चाहते हैं। हमारे सीनियर नवीन शेखरप्पा की हमले में मौत हो गई है। इस घटना से सभी छात्र डरे हुए हैं। ज्यादातर छात्र रो रहे हैं। उसने कहा कि सभी परिजन मिलकर भारतीय दूतावास पर दबाव बनाएं जिससे हम सभी को यहा से निकलने में मदद मिल सके। खारकीव नेशनल यूनिवर्सिटी के हास्टल में बने बंकर में 170 भारतीय छात्रों के साथ फंसे मेडिकल के छात्र अक्षत के पिता अनिल गुप्ता ने बताया कि अभी तक बच्चों को कोई सहयोग नहीं मिल पाया है। सरकार द्वारा दोनों देशों के राजदूतों से होने वाली वार्ता से कुछ उम्मीदें बनी है। बताया कि बच्चों से कहा गया है कि दूतावास से कोई सूचना मिले बिना बंकर से बाहर नहीं निकलना है। केवल नित्यक्रिया के लिए बहुत कम समय में बच्चों को ऊपर हास्टल के बाथरूम में ले



जाया जा रहा है। उस दौरान बच्चे काफी डरे सहमे हैं। दरअसल, खारकीव शहर यूक्रेन के पूर्वी हिस्से में रूस की सीमा से मात्र 20 किलोमीटर दूर है। यहीं पर रूसी सेना लगातार हमला कर रही है जिसके कारण यहां फंसे भारतीय छात्रों के जीवन पर लगातार खतरा बना हुआ है। अनिल गुप्ता ने बताया कि विश्वविद्यालय प्रबंधन ने बच्चों को सही जानकारी नहीं दी। उन्हें भ्रमित किया किया। वरना आज बच्चे अपने घरों में होते। बताया कि एक महीने पहले से ही युद्ध जैसे हालत बने हुए थे लेकिन विद्यालय प्रशासन कहता रहा कि युद्ध नहीं होगा। कहा कि बच्चों के पास धन जैसा कोई संकट नहीं था। अगर विश्वविद्यालय प्रशासन सही आकलन किया होता तो हम सबके सामने ऐसी गंभीर परिस्थिति नहीं बनती। भारत सरकार से मांग की कि वे खारकीव में मौजूद बच्चों को स्वदेश लाने के लिए ठोस व कारगर कदम उठाए।

# प्रधानमंत्री जी मेरा भी प्रचार करिए चिलचिलाती धूप में धरने पर बैठे CPI के उम्मीदवार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**अनिल कुमार अग्रहरी**

**डाला सोनभद्र।** स्थानीय डाला पुलिस चौकी क्षेत्र के शहिद स्थल के प्रांगण में वाममोर्चा के सयुक्त प्रत्यासी विजय शंकर यादव तपती धूप में धरने पर बैठ गए बताते चलें कि जनपद सोनभद्र सदर सीट रावट्सगंज विधान सभा के प्रत्यासी विजय शंकर यादव ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री सभी के होते है। किसी एक प्रत्यासी के पक्ष में प्रचार करना ये अन्य प्रत्यासियो के मौलिक अधिकारों का उलघन्न है। लोकतन्त्र में विश्वास रखते हुए। मैं निर्वाचन आयोग महोदय से पूछना चाहता हूं कि जब एक प्रत्यासी 40 लाख तक खर्च कर सकता तो प्रधानमंत्री जी के रैली में करोड़ो खर्च का



हिसाब कौन लेगा। प्रत्यासी प्रचार में सरकारी तंत्र के इस्तेमाल पर रोक कैसे लगेंगी। मैं भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का प्रत्यासी आज अपना प्रचार रोक कर जनहित की आवाज उठाने के आशय से डाला शहीद स्थल पर धरने पर बैठ गया हूँ। शाम 6 बज तक धरने पर रहूंगा।

# जलस्तर खिसकने से हैंडपंपों ने छोड़ा पानी, समस्या बढ़ी

**हलिया (मीरजापुर)।** विकास खंड के ग्राम पंचायत हर्रा के गांवों में भू-जलस्तर नीचे खिसक जाने से अधिकांश हैंडपंपों ने पानी देना बंद कर दिया है। इससे ग्रामीणों को पेयजल की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। वहीं किसानों को सिचाई करने में भारी परेशानी हो रही है। ग्रामीणों संग किसानों ने गांव से गुजरी बाणसागर नहर में पानी छोड़ने की मांग की है। जलस्तर घटने से मतवार न्याय पंचायत के ग्राम पंचायतों में गर्मी के दिनों में पेयजल की समस्या उत्पन्न हो जाती है। पेयजल की समस्याओं को निजात दिलाने के लिए ग्राम पंचायतों द्वारा टैंकर के माध्यम से पेयजल आपूर्ति किया जाता है। हर्रा ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान कमलेश कुमार, मतवार-लाल बहादुर पाल, नदना-मनोज शर्मा आदि ग्राम प्रधान व ग्रामीणों ने गांव से गुजरी बाणसागर नहर में शीघ्र पानी छोड़ने के लिए पत्र के माध्यम से जिलाधिकारी संग संबंधित विभाग के अधिकारियों से गुहार लगाई है। अवगत कराया कि हमारा ग्राम पंचायत असिचित होने के कारण गांव के किसानों द्वारा मोटर व सबमर्सिबल पंप से सिचाई कर रहे थे, लेकिन जलस्तर नीचे जाने के कारण परेशानी हो रही है। क्षेत्र के शिव प्रताप सिंह, हीरा अग्रहरि, बब्बू पाल, कमला शंकर मौर्य, गेंदा लाल मौर्य, रंगीलाल कोल, बुधिराम, लोलर कोल आदि ने लोगों ने मांग करते हुए बताया कि अगर बाणासागर नहर में पानी छोड़ दिया जाए तो जलस्तर काफी हद तक बढ़ने के साथ ही समस्या का समाधान हो जाएगा।

## देश के खजाने पर देश के गरीबों का पहला हक

**मीरजापुर ।** भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह व केंद्रीय मंत्री एसपी बघेल ने चुनावी जनसभा को संबोधित कर लोगों से भाजपा को वोट देने का आह्वान किया। पार्टी महासचिव ने कहा कि देश के खजाने पर पहला हक गरीबों का है। सरकार बनने पर अप्रैल महीने से पेंशन बढ़ाकर 1500 रुपये कर दी जाएगी। वहीं केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आजादी के बाद गरीबों के कल्याण के लिए कोई सरकार आई है तो वह मोदी व योगी सरकार है। किसान इंटर कालेज के ग्राउंड पर ऊर्जा राज्यमंत्री रमाशंकर सिंह पटेल ने मां विध्यवासिनी का चित्र एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया। राजगढ़ व हथेड़ा में जनसभा को संबोधित करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव ने कहा कि गरीबों को होली और दीपावली पर मुफ्त में गैस सिलेंडर मिलेगा। जिन परिवार के पास जमीन नहीं है, उन्हें जमीन के साथ मुफ्त में आवास भी मिलेगा। राष्ट्रीय महासचिव ने कहा कि योगी मुख्यमंत्री रहते हुए 18 से 20 घंटे काम करते हैं और अखिलेश चार घंटे ही काम करते थे। इस दौरान बसपा के पूर्व प्रत्याशी अनमोल सिंह के साथ राम सकल सिंह सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने सदस्यता ग्रहण की। जय प्रकाश सिंह, लाल बहादुर सिंह, राजवंत सिंह, रवि शंकर सिंह आदि रहे।



# गांव वाले ने एक चोर को पकड़ कर पुलिस के हवाले किया

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**अनिल कुमार अग्रहरी**

**डाला सोनभद्र।** चोपन थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत पनारी के टोला जुड़वानी के गांववालों ने एक चोर को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। ग्रामीण महिपत पुत्र सोनई निवासी जुड़वानी ने बताया कि देर रात लगभग 1:30बजे दो चोर मेरे घर से लगभग 30मीटर की दूरी पर लगे हैंडपंप में समरसेबल फिट हुआ है और समरसेबल के बिजली



का तार मेरे घर पर कनेक्शन हैं जिसे दो चोर काटकर ले जा रहे थे कि तभी हमलोगों की नींद खुल गई और देखा दो लोग भाग रहे हैं फिर हल्ला गुल्ला करने पर गांव के लोगों द्वारा घेराबन्दी कर एक चोर को पकड़ने में सफल रहे वही दूसरा भाग गया। पकड़े चोर को गांववालों ने बांधकर डॉयल 112 न0 को सूचना दिया सूचना पर मौके पर पहुंचे डॉयल 112 न0 पीआरबी हाथीनाला ने चोर को अपने कब्जे में लेते हुए चोर का झोला देखा तो उसमें बिजली के छीला हुआ दो बंडल तार एवं एक चाकू मिला। चोर ने अपना नाम गुड्डू (25)पुत्र बुध्धन निवासी कुम्हिया और अपने साथी का पप्पू (30) पुत्र पंचलाल निवासी कुम्हिया बताया। वही पीआरबी हाथीनाला पुलिस ने चोर को अपने साथ चोपन थाने ले गए। वही चोपन थाना क्षेत्र के गुरमुरा में संतलाल के घर पर लगे समरसेबल के तार लगभग 30मीटर एवं कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय में भी बीती रात चोरों ने कार्यालय का ताला तोड़ा कार्यालय में रखे आलमारी व बक्सा का भी ताला टूटा मिला और प्रयोगशाला के कमरे का भी ताला टूटा मिला और जिस कमरे में बच्चों के खाने का राशन रखा गया था उसका भी ताला टूटा मिला। स्कूल के रसोइया ने बताया कि सुबह जब स्कूल खोलने आए तो देखा कि कार्यालय सहित तीन कमरों का ताला टूटा हैं और इस घटना का सूचना तत्काल हमने स्कूल के प्रभारी को दिया। स्कूल की अध्यापिका योगिनी श्रीवास्तव ने बताया कि चोर समरसेबल में हुए कनेक्शन का तार लगभग 40मीटर और ब्लूटूथ स्पीकर ले गए हैं और गनीमत हैं कि बच्चों के खाने का राशन बच गया है क्योंकि यहाँ पहले भी कई बार चोरी हो चुकी हैं।

# शिवरात्रि पर गुप्त काशी शिवमय, हर-हर , बम-बम की गूंज

**सोनभद्र।** महादेव के विवाह के पावन दिवस महाशिवरात्रि पर शिवमय रही गुप्त काशी। मंगलवार को ख्यात गुप्त काशी महादेव के उद्घोष से गूंजता रहा। सुबह स्नान-दान के बाद लोगों ने दर्शन-पूजन किया। आस्था के महापर्व पर उमड़ी भीड़ का दबाव व जाम की झल्लाहट कहीं नहीं दिखी। देवालयों में भक्तों की भीड़ देर शाम तक पहुंचती रही। शिवद्वार धाम में शिवरात्रि के मौके पर श्रद्धालुओं की भीड़ सबसे अधिक रही। मंगलवार की भोर में ही मंदिर का कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया गया। हर-हर महादेव के उद्घोष ने मंदिर परिसर को गुंजायमान रहा। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के मद्देनजर महिला व पुरुष पुलिस फोर्स लगाई गई थी। परिसर के बाहर से अंदर तक श्रद्धालुओं की लंबी लाइन पूरे दिन लगी रही। गुप्त काशी शिवद्वार धाम, बरैला स्थित महादेव मंदिर, शाहगंज के गौरीशंकर महादेव मंदिर, पंचमुखी महादेव मंदिर में श्रद्धालुओं ने रुद्राभिषेक किया और भगवान शिव के दरबार में मत्था टेककर मन्नत मांगी। विढमगंज स्थित घिवही में रेघड़ा शिव मंदिर व शिव पहाड़ी पर महा शिवरात्रि के अवसर पर लगने वाले मेले का मंगलवार को सकुशल आयोजन हुआ। महाशिवरात्रि के पर्व पर मंगलवार को गुप्तकाशी शिवद्वार धाम में श्रद्धालुओं का तांता उमा महेश्वर के दर्शन पूजन के लिए लगा रहा। मंगलवार की भोर में पुजारी ने मंगला आरती के पश्चात गर्भ गृह का कपाट श्रद्धालुओं को दर्शन पूजन के लिए खोल दिया। सुबह से शाम तक हाथ में नारियल बेलपत्र फूल माला अगरबत्ती कपूर लेकर हजारों की संख्या में श्रद्धालु भक्त शिवलिग पर जलाभिषेक कर अनोखे विग्रह सुंदर प्रतिमा का दर्शन कर धन्य होते रहे। महाशिवरात्रि पर मंगलवार को ऊर्जांचल का कोना कोना हर हर महादेव के जयकारे से गुंजायमान हो उठा। देवाधिदेव को जलाभिषेक करने के लिए परिक्षेत्र स्थित शिवालयों में भक्तों का रेला उमड़ पड़ा। व्रतधारियों द्वारा बुधवार को पर्व की तैयारी पूरी कर ली गई। गुरुवार को तड़के स्नान-ध्यान से निवृत्त होकर भक्तिभाव से सराबोर शिवभक्तों ने शिवालयों की राह पकड़ ली। कोहरौल स्थित प्राचीन शिव मंदिर, सीएचपी शिव मंदिर, बीना तालाब वाला शिव मंदिर, अनपरा कालोनी शिव मंदिर, रेणुसागर शिव मंदिर, ककरी शिव मंदिर, बीना



सीएचपी, आवासीय परिसर शिव मंदिर, लोझरा शिव मंदिर, सोनवानी ककोरिहा शिवमंदिर सहित क्षेत्र के अन्य देवालयों में जलाभिषेक करने के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं की कतार लग गई। इस दौरान भक्तों द्वारा लगाये जा रहे जयकारे व घंटे-घडियाल की अनुगूंज से वातावरण भक्तिमय हो गया। गंगाजल, दूध, शहद आदि पदार्थो से भोलेनाथ का अभिषेक कर सभी ने सर्वमंगल की कामना की। इस दौरान भारी संख्या में शिव भक्तों द्वारा रुद्राभिषेक भी किया गया। हरिकीर्तन व भजन-कीर्तन का कार्यक्रम देर रात तक जारी रहा। महाशिवरात्रि का त्यौहार क्षेत्र में धूमधाम एवं हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। बीजपुर बाजार स्थित बेड़िया हनुमान मंदिर, दुदहिया मंदिर, एनटीपीसी आवासीय परिसर के शिव मंदिर, सिरसोती शिव मंदिर, जरहा के अजीरेश्वर धाम, बकरिहवा सहित अन्य सभी मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालु भक्तो का तांता लग गया। जरहा स्थित अजीरेश्वर महादेव धाम में एक दिवसीय ऐतिहासिक विशाल प्राचीन मेले का आयोजन मंदिर निर्माण समिति द्वारा किया इस वर्ष भी किया गया। मेले में मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ उत्तर प्रदेश सहित आस पास के हजारों ग्रामीण श्रद्धालु भक्तों ने शिरकत की। पूरे श्रद्धाभाव के साथ नगर सहित ग्रामीण अंचलों में महाशिवरात्रि का पर्व मनाया गया। सबसे प्रमुख तौर पर गोठानी स्थित गुप्त काशी कहे जाने वाले शिव मंदिर में 25 हजार से ज्यादा श्रद्धालुओं ने शिवलिग पर जहाँ जल चढ़ाया। वहीं ओबरा के सेक्टर तीन स्थित बाबा भूतेश्वर दरबार, सलईबनवा में दुवरा घाटी में स्थित दुर्लभ शिवलिग पर भी भारी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ दिखाई पड़ी। गोठानी स्थित सोमनाथ मंदिर पर बीती रात से ही आदिवासियों की भीड़ जुटने लगी थी। सुबह होते ही कई प्रदेशों से आये श्रद्धालु शिवलिग पर जल चढ़ाने के लिए आतुर दिखे। जल चढ़ाने से पहले हजारों श्रद्धालुओं ने प्रत्यक्ष संगम में स्नान किया। भारी भीड़ को नियंत्रित करने के लिए उपनिरीक्षक कमला शंकर यादव भारी फोर्स के साथ मौके पर डटे रहे। गोठानी का मशहूर सात दिवसीय आदिवासी मेला शिवरात्रि के साथ शुरू हो गया। इस बार शहरी क्षेत्रों से मेले में आने वालों की संख्या में भारी वृद्धि दिखाई पड़ी। मेले में सैकड़ों की संख्या में दुकाने सजी हुई थी। इस मेले में आदिवासियों ने जमकर खरीदारी की। वार्षिक तौर पर होने वाले आयोजन को देखते हुए आदिवासियों ने जमकर मेले का लुत्फ उठाया। इस दौरान आदिवासियों की कला संस्कृति भी दिखाई पड़ी। दूर-दूर से आये गायकों के भजनों से पूरा मंदिर परिसर गुंजायमान था। कई सदी पुराने मेले में आदिवासियों के कई लुप्त हो चुके गीतों की प्रस्तुति भी देखने को मिला। मेले में खरवार, बैगा, गौड़ एवं अगरिया सहित कई जनजातियों के कलाकार पारंपरिक गीत प्रस्तुत करते दिखाई पड़े। गुड़हिया जलेबी का बरकरार है क्रेज गुड़ से बनने वाली जलेबी मेले के आकर्षण का प्रमुख केंद्र है। मेले में जाओगे तो क्या खाओगे। इसके प्रति उत्तर में बच्चों का फौरन जबाब होता है गुडहिया जलेबी। बुजुर्ग भी इसे चाव से खाते हैं। यही कारण है कि दुकानदारों द्वारा रात से ही गुड़हिया जलेबी बनाना प्रारंभ कर दिया जाता है। मेले में कई कुंतल गुड़हिया जलेबी की बिक्री होती है। मेले में गुड़ से बनी जलेबी की दुकानें आकर्षण का केंद्र रहती है।

# जून में आयरलैंड दौरे पर जाएगी टीम इंडिया, चार साल बाद टी20 में आमने सामने होंगी दोनों टीमें

**नई दिल्ली।** आइपीएल 2022 के बाद भारतीय क्रिकेट टीम जून के आखिरी हफ्ते में आयरलैंड का दौरा करेगी। इस बात की पहला टी20 मैच 26 जून को जबकि दूसरा टी20 मैच 28 जून को मालाहाइड में खेला जाएगा। इसके बाद भारतीय टीम को इंग्लैंड का भी दौरा करना है। इस लिहाज से देखा जाए तो भारतीय क्रिकेट टीम के पास ये प्रैक्टिस करने और अपनी लय हासिल करने का अच्छा मौका होगा। इससे पहले भारत ने चार साल पहले 2018 में आयरलैंड का दौरा विराट कोहली की अगुआई में किया था जहां उसने दो टी20 मैचों की सीरीज पर 2-0 से कब्जा किया था। भारत ने पहला टी20 मैच 76 रन से जबकि दूसरा टी20 मैच 143 रनों से जीता था। दोनों मैचों में भारत ने 200 से अधिक का स्कोर खड़ा किया था। पहले मैच में रोहित शर्मा ने 97 रनों की शानदार पारी खेली थी। हालांकि दूसरे मैच में रोहित खाता भी नहीं खोल पाए थे। व्यस्त कार्यक्रम होने के कारण आयरलैंड दौरे पर भारत के पास अपने युवा खिलाडियों को आजमाने का मौका होगा क्योंकि इस दौरे से पहले भारतीय टीम को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भी 5 मैचों की टी20 सीरीज में हाथ आजमाना है। हालांकि आयरलैंड केवल भारतीय टीम ही नहीं बल्कि न्यूजीलैंड, दक्षिण अफ्रीका और अफगानिस्तान के साथ भी मैच खेलेगी। कुल मिलाकर देखें तो गर्मी का पूरा सीजन आयरलैंड के लोगों के लिए किसी तोहफे से कम नहीं होगा। न्यूजीलैंड इस दौरे पर तीन वनडे के साथ-साथ तीन टी20 मैच भी खेलेगी। दक्षिण अफ्रीका दो टी20 मैचों की सीरीज खेलेगी जबकि अफगानिस्तान की टीम भी इस दौरे पर 5 टी20 मैच खेलेगी। पुष्टि आयरलैंड ने कर दी है। दोनों टीमों के बीच दो टी20 मैच खेले जाएंगे जिसकी शुरुआत 26 जून से हो जाएगी।




# विराट कोहली उस दिन ड्रेसिंग रूम के कोने में बैठे थे, रोने की वजह से आंखें लाल थी, साथी खिलाड़ी का खुलासा

**नई दिल्ली।** कर्नाटक के खिलाफ 2006 में दिल्ली के रणजी ट्राफी मैच के तीसरे दिन जब पुनीत बिष्ट ड्रेसिंग रूम में पहुंचे तो कमरे में सन्नटा पसरा था और एक कोने में 17 वर्ष का विराट कोहली बैठा था, जिसकी आंखें रोने की वजह से लाल थीं। बिष्ट यह देखकर सकते में आ गए, लेकिन उन्हें अहसास हो गया कि इस लड़के के भीतर कोई तूफान उमड़ रहा है। कोहली के पिता प्रेम का कुछ घंटे पहले ही ब्रेन स्ट्रोक के कारण निधन हुआ था। कोहली और बिष्ट एक दिन पहले के नाबाद बल्लेबाज थे, लेकिन कोहली पर मानों दुखों का पहाड़ टूट पड़ा था।एक समय दिल्ली के विकेटकीपर रहे बिष्ट अब मेघालय के लिए खेलते हैं। उन्होंने उस घटना को याद करते हुए कहा, 'आज तक मैं सोचता हूं कि उसके भीतर ऐसे समय में मैदान पर उतरने की हिम्मत कहां से आई। हम सब स्तब्ध थे और वह बल्लेबाजी के लिए तैयार हो रहा था।' उन्होंने कोहली के 100वें टेस्ट से पहले उस घटना को याद करते हुए कहा, 'उसके पिता का अंतिम संस्कार भी नहीं हुआ था और वह इसलिए आ गया कि वह नहीं चाहता था कि टीम को एक बल्लेबाज की कमी खले क्योंकि मैच में दिल्ली की हालत खराब थी।' 16 साल पहले की वह घटना आज भी बिष्ट को याद है और यह भी कि कप्तान मिथुन मन्हास और तत्कालीन कोच चेतन चौहान ने विराट को घर लौटने की सलाह दी थी। उन्होंने कहा, 'चेतन सर और मिथुन भाई दोनों को लगा कि इतनी कम उम्र में उसके लिए इस सदमे को झेलना आसान नहीं होगा। टीम में सभी की यही राय थी कि उसे अपने घर परिवार के पास लौट जाना चाहिए, लेकिन विराट कोहली अलग मिट्टी के बने हैं।' बिष्ट ने करीब एक दशक तक दिल्ली के लिए खेलने के बाद 96 प्रथम श्रेणी मैचों में 4378 रन बनाए। इसके बावजूद युवा विराट के साथ 152 रन की वह साझेदारी उन्हें सबसे यादगार लगती है। बिष्ट ने उस मैच में 156 और कोहली ने 90 रन बनाए थे। उन्होंने कहा, 'विराट ने अपने दुख को भुलाकर जबरदस्त दृढ़ता दिखाई थी। उसने कुछ शानदार शाट खेले और मैदान पर हमारी बहुत कम बातचीत हुई। वह आकर इतना ही कहता था कि लंबा खेलना है, आउट नहीं होना है। मुझे समझ नहीं आ रहा था कि क्या कहूं। मेरा दिल कहता था कि उसके सिर पर हाथ रखकर उसे तसल्ली दूं, लेकिन दिमाग कहता था कि नहीं, हमें अपने काम पर फोकस करना है। इतने साल बाद भी विराट उसी 17 साल के लड़के जैसा है।



# फीफा विश्व कप से बाहर हो सकता है रूस, अगले आदेश तक राष्ट्रीय और क्लब टीमें सभी टूर्नामेंटों से निलंबित

**ज्यूरिख।** फुटबाल की विश्व संस्था फीफा और यूरोपियन फुटबाल संस्था यूएफा ने रूस के यूक्रेन पर हमले को लेकर रूस की राष्ट्रीय और क्लब टीमों को अगले आदेश तक निलंबित कर दिया। दोनों संस्थाओं ने सोमवार को संयुक्त बयान जारी कर इसकी जानकारी दी। इस कदम से रूस इस साल होने वाले विश्व कप और महिला यूरो 2020 टूर्नामेंट से बाहर हो सकता है। यूएफा ने बयान में कहा, फीफा और यूएफा ने संयुक्त रूप से फैसला किया है कि रूस की राष्ट्रीय और क्लब टीमों को अगली सूचना तक फीफा और यूएफा के प्रतियोगिताओं में भाग लेने से निलंबित किया जाएगा। इन फैसलों को फीफा परिषद के ब्यूरो और यूएफा की कार्यकारी समिति द्वारा अपनाया गया। इससे पहले, फीफा ने रूस में होने वाले अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों पर प्रतिबंध लगाया था। इसके साथ ही उसने विदेश में होने वाली रूस टीम के किसी भी मुकाबले में रूस के राष्ट्रीय झंडे तथा राष्ट्रीय गान भी नहीं बजाने का फैसला किया था। फीफा ने बताया था कि राष्ट्रीय टीम रूस के बजाए रूस फुटबाल संघ (आरयूएफ) के नाम से खेलने उतरा करेगी और इसके कोई भी मुकाबले तटस्थ स्थल पर होंगे। वहीं, अंतरराष्ट्रीय ओलिंपिक समिति (आइओसी) के कार्यकारी बोर्ड ने सिफारिश की है कि अंतरराष्ट्रीय खेल महासंघ रूसी और बेलारूसी एथलीटों और अधिकारियों को प्रतियोगिताओं में भाग लेने से प्रतिबंधित करे। आइओसी ने कहा कि उसने यह निर्णय वैश्विक खेल प्रतियोगिताओं की अखंडता की रक्षा और सभी प्रतिभागियों की सुरक्षा के लिए लिया है। आइओसी ने संघों से यह सुनिश्चित करने का भी आग्रह किया कि रूस या बेलारूस के किसी भी एथलीट या खेल अधिकारी को इनके देश के नाम से भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाए। रूसी ओलिंपिक समिति (आरओसी) ने आइओसी से असहमति जताते हुए कहा कि निर्णय आइओसी के नियामक दस्तावेजों और ओलिंपिक चार्टर के विपरीत है।



# मोहम्मद शमी ने की बुमराह की तारीफ, बताया कैसा था उनका रिएक्शन जब पहली बार उन्हें गेंदबाजी करते देखा था

**नई दिल्ली।** भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने जसप्रीत बुमराह की प्रशंसा की है। इंडियन एक्सप्रेस से बातचीत करते हुए शमी ने अपनी उस याद को साझा किया है जब उन्होंने पहली बार बुमराह को गेंदबाजी करते हुए देखा था। शमी ने उन्हें इंडियन प्रीमियर लीग में पहली बार गेंदबाजी करते हुए देखा था। शमी ने कहा कि उनके एक्शन को देखकर काफी स्ट्रेंज लगा था। बुमराह के अपरंपरागत बालिंग एक्शन ने शुरुआत में काफी लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचा था। लेकिन शमी बुमराह की गति से हैरान थे और उन्हें ये जानने में ज्यादा इंटरेस्ट था कि वो इस एक्शन के साथ कैसे इतनी तेज गति से गेंदबाजी करते हैं। इस एक्शन के साथ बुमराह इतनी पावर कैसे जेनरेट करते हैं। शमी ने कहा जब वो भारतीय टीम में आए तब उन्हें करीब से जानने का मौका मिला। शमी ने कहा उन्होंने प्रदर्शन के दम पर पहले टेस्ट टीम में जगह बनाई है। आज जो बुमराह नजर आते हैं वो बिल्कुल अलग हैं। आज उनके पास कंट्रोल के साथ-साथ सब कुछ है। शमी ने कहा एक चीज मैं उनसे सीखना चाहता हूं, जिस तरह से वो यार्कर करते हैं। साथ में गेंदबाजी करना हमेशा से एक फन होता है। टेस्ट मैच में गेंदबाजी के लिहाज से मुझे लगता है कि हम इतने अच्छे दौर में क्रिकेट इतिहास में नहीं थे। अगर आप पिछले पांच सालों का ग्राफ देखें तो मैं समझता हूं कि ये सबसे अच्छा है। मैं अपनी गेंदबाजी को जस्सी, उमेश और इशांत के साथ एंज्वाय करता हूं। हम एक दूसरे की योग्यता को जानते हैं। इस गेंदबाजी की सबसे अच्छी बात ये है कि जब भी कोई अच्छा नहीं करता हम एक दूसरे का कांफिडेंस बढ़ाते हैं। ये चीजें जिंदगी भर याद रहेंगी बुमराह और मोहम्मद शमी की जोड़ी एक बार फिर से श्रीलंका के खिलाफ 4 मार्च से मोहाली में दिखेगी।



# आस्ट्रेलिया के खिलाफ रावलपिंडी टेस्ट से पहले पाकिस्तान को लगा झटका बाहर हुआ ये गेंदबाज

**नई दिल्ली।** शुक्रवार से आस्ट्रेलिया के खिलाफ रावलपिंडी में खेले जाने वाले पहले टेस्ट से पहले पाकिस्तान की टीम को झटका लगा है। तेज गेंदबाज हैरिस रउफ कोरोना पाजिटिव होने के बाद पहले टेस्ट से बाहर हो गए हैं। पाकिस्तान की ओर से उनकी रिप्लेसमेंट के तौर पर गेंदबाज नसीम शाह को शामिल कर लिया गया है। रउफ को पाकिस्तान की तरफ से टेस्ट क्रिकेट में डेब्यू करने का मौका मिला था लेकिन कोरोना के कारण फिलहाल उनको इसके लिए और इंतजार करना पड़ेगा। रउफ को ये मौका गेंदबाज हसन अली और फहीम अशरफ के न खेलने की वजह से मौका मिला था। ये दोनों गेंदबाज पिछले हफ्ते पीसीएल के दौरान घायल हो गए थे। हालांकि पाकिस्तान ने उन दोनों की जगह इफ्तिखार अहमद और मोहम्मद वसीम जूनियर को बुलाया था, लेकिन वे नसीम को मौका देने के लिए मजबूर हो सकते हैं। रउफ ने सोमवार दोपहर को इस्लामाबाद पहुंचने पर कोरोना टेस्ट को क्लियर कर लिया था लेकिन जब मंगलवार को रैपिड एंटीजन टेस्ट होने पर उन्हें कोरोना पाजिटिव पाया गया। रउफ के पाजिटिव होने के बाद सावधानी बरतते हुए पूरी टीम ने एक बार फिर से कोविड टेस्ट कराया लेकिन अच्छी बात ये है कि सभी निगेटिव आए। रउफ फिलहाल 5 दिनों के लिए आइसोलेशन में भेज दिए गए हैं। एक बार जब वो निगेटिव आ जाएंगे तो उम्मीद है कि वो दूसरे टेस्ट में खेलने के लिए तैयार होंगे। पीसीएल फाइनल के कारण रउफ देर से पाकिस्तान टीम के साथ जुड़े थे। रउफ के साथ शाहीन शाह अफरीदी, मोहम्मद रिजवान भी टीम से देर से जुड़े। ये सभी खिलाड़ी पीसीएल के फाइनल मैच का हिस्सा थे। आस्ट्रेलिया टीम 1998 के बाद पाकिस्तान का दौरा कर रही है। तीन टेस्ट मैचों की सीरीज का पहला मैच शुक्रवार को रावलपिंडी में शुरू होगा। पाकिस्तान में क्रिकेट के भविष्य को देखते हुए आस्ट्रेलिया का ये दौरा बेहद अहम माना जा रहा है।



# खुशखबरी: विराट कोहली के 100वें टेस्ट के लिए 50 प्रतिशत दर्शक क्षमता की अनुमति दी

**चंडीगढ़।** भारत और श्रीलंका के बीच दो टेस्ट मैचों की सीरीज का पहला मुकाबला मोहाली में खेला जाना है। यह मैच भारतीय टी के पूर्व कप्तान विराट कोहली के करियर का 100वां टेस्ट मैच होने वाला है। इस मुकाबले को देखने के लिए पहले दर्शकों को अनुमति नहीं दी गई थी। इसको लेकर लगातार दर्शकों की प्रतिक्रिया आने के बाद अब बोर्ड ने 50 फीसदी दर्शकों की क्षमता को अनुमति दे दी है। विराट कोहली स्टेडियम में दर्शकों की मौजूदगी में अपना 100वां टेस्ट मैच खेलेंगे। बीसीसीआइ ने कोविड-19 प्रोटोकाल के अनुरूप पंजाब क्रिकेट संघ (पीसीए) के मोहाली स्टेडियम में शुक्रवार से शुरू होने वाले भारत और श्रीलंका के बीच टेस्ट मैच के दौरान स्टेडियम में 50 प्रतिशत क्षमता के साथ दर्शक मौजूद रहने की अनुमति दे दी है। बीसीसीआइ सचिव जय शाह ने पीसीए के इस फैसले स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि दर्शकों को मैदान में जाने की अनुमति देना राज्य संघ के हाथ में होता है। किसी भी फैसले के पीछे वर्तमान परिस्थितियों समेत कई कारण होते हैं। पीसीए अधिकारियों ने पुष्टि की है कि क्रिकेट प्रशंसक कोहली के 100वें टेस्ट मैच खेलने के ऐतिहासिक क्षण को देख सकेंगे। मैं खुद कोहली के 100वें टेस्ट की प्रतीक्षा कर रहा हूं। चैंपियन विराट को मैं इस मैच के लिए शुभकामनाएं देता हूं, विराट आने वाले कई और मैचों में देश का प्रतिनिधित्व करना जारी रखें।



# बैडमिंटन, मुक्केबाजी समेत कई महासंघों ने रूस और बेलारूस के खिलाडियों पर प्रतिबंध लगाया

**लुसाने।** बैडमिंटन, रोइंग और स्कीइंग खेलों के अंतरराष्ट्रीय महासंघों ने मंगलवार को रूस और बेलारूस के खिलाडियों और अधिकारियों पर प्रतिबंध लगाने का फैसला किया। अब दोनों देशों के खिलाड़ी इन खेलों के किसी भी अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं ले पाएंगे। इन प्रतिबंध का कारण यूक्रेन पर रूस के हमले को बताया गया विश्व बैडमिंटन संघ ने रूस और बेलारूस में होने वाले आगामी टूर्नामेंट पर भी रोक लगा दी। हालांकि रूस के पैरा खिलाडियों को स्पेन में होने वाले सिर्फ दो आगामी पैरा बैडमिंटन टूर्नामेंट में खेलने की अनुमति दी गई है क्योंकि वे खिलाड़ी संबंधित आयोजन स्थल पर पहुंच चुके हैं। लेकिन वे अपने देश के नाम का इस्तेमाल नहीं कर सकते और टूर्नामेंट में तटस्थ खिलाड़ी के तौर पर खेलेंगे। वहीं, अमेरिकी ओलिंपिक पैरालिंपिक समिति ने रूस और बेलारूस के पैरा खिलाडियों और अधिकारियों पर प्रतिबंध लगा दिया। रूस और बेलारूस को लेकर बैठक करेगा अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी संघ (आइबीए) ने मंगलवार को कहा कि यूक्रेन पर आक्रमण को देखते हुए रूस और बेलारूस के मुक्केबाजों को प्रतियोगिताओं से निलंबित करने के बारे में लेने के लिए इस सप्ताह के आखिर में उसके निदेशक मंडल की बैठक होगी। आइबीए ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय ओलिंपिक समिति (आइओसी) की हालिया सिफारिश के बाद यह बैठक बुलाई गई।



# आइपीएल से पहले गुजरात टाइटंस को लगा झटका

नई दिल्ली, आनलाइन डेस्क। गुजरात टाइटंस को इंडियन प्रीमियर लीग 2022 के आगाज से पहले झटका लगा है। दरअसल इंग्लैंड के ओपनर बल्लेबाज जेसन राय ने आइपीएल से अपना नाम वापस ले लिया है। राय को मेगा आक्शन के दौरान टीम ने 2 करोड़ के बेस प्राइस में खरीदा था। राय ने पिछले हफ्ते अपने फ्रेंचाइजी को इस बारे में सूचना दे दी थी। हालांकि टीम की तरफ से उनके रिप्लेसमेंट के बारे में अभी कोई फैसला नहीं लिया है। ऐसा दूसरी बार हुआ है जब राय ने आइपीएल में खरीदे जाने के बाद अपना नाम वापस ले लिया हो। इससे पहले राय को 2020 में दिल्ली कैपिटल की टीम ने उनके बेस प्राइस 1.5 करोड़ में खरीदा था लेकिन उन्होंने व्यक्तिगत कारणों का हवाला देकर अपना नाम वापस ले लिया था। उनका आइपीएल न खेल पाना गुजरात की टीम के लिए झटका इसलिए भी है क्योंकि वर्तमान में वो शानदार फार्म में चल रहे हैं। पीएसएल 2022 में राय ने 170.22 की स्ट्राइक रेट और 50.50 की औसत से खेलते हुए 303 रन बनाए थे। राय ने दो अर्धशतक के अलावा एक शतक भी लगाया था। आपको बता दें कि इस बार आइपीएल में 10 टीमें हिस्सा ले रही है और गुजरात की कमान हार्दिक पांड्या के हाथों में है। यदि राय आइपीएल में खेलते तो इस दौरान उन्हें बायो बबल में रहना होता और वो अपने परिवार से दूर हो जाते। राय अभी जनवरी में ही दूसरे बच्चे के पिता बने हैं। बात करें तो गुजरात आइपीएल में उनकी चौथी टीम है। उन्होंने 2017 में गुजरात लायन्स, 2018 में दिल्ली डेयरडेविल्स और 2021 में सनराइजर्स हैदराबाद की तरफ से आइपीएल खेला था। हालांकि 2021 में पहले वो अनसोल्ड रह गए थे लेकिन मिचेल मार्श के रिप्लेसमेंट के तौर पर बाद में उन्हें शामिल कर लिया गया था।

# आस्ट्रेलियाई बल्लेबाज ने IPL को बताया दुनिया की सर्वश्रेष्ठ लीग, कहा- पाकिस्तान लीग से कोई तुलना नहीं

**नई दिल्ली।** आस्ट्रेलिया की टीम अभी पाकिस्तान दौरे पर है जहां उसे टेस्ट, वनडे और टी20 मैचों के मुकाबले में खेलना है। आस्ट्रेलिया लगभग दो दशक बाद पाकिस्तान का दौरा कर रही है। यहां टीम तीन टेस्ट, तीन वनडे और एक मात्र टी20 मुकाबले में पाकिस्तान के साथ खेलेगी। इस दौरे का आगाज 4 मार्च से रावलपिंडी में खेले जाने वाले टेस्ट मैच से होगा। आस्ट्रेलिया के बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा ने इंडियन प्रीमियर लीग की प्रशंसा की है। उन्होंने कहा कि आइपीएल वर्ल्ड की बेस्ट लीग है इतना ही नहीं ख्वाजा ने कहा कि आइपीएल और पीसीएल की कोई तुलना नहीं हो सकती है। आइपीएल की बात करें तो ये दुनिया का इकलौता टूर्नामेंट है जिसमें भारतीय खिलाड़ी शामिल हैं। ख्वाजा ने कहा कि यह चीज आईपीएल को दुनिया की सर्वश्रेष्ठ लीग बनाता है। वास्तव में आइपीएल वर्ल्ड की सर्वश्रेष्ठ लीग है। आइपीएल और पीसीएल की कोई तुलना नहीं है क्योंकि आइपीएल में पूरी दुनिया के खिलाड़ी होते हैं। ये वर्ल्ड की पहली लीग है जिसमें भारतीय खिलाड़ी हैं और ये बात इसे बेस्ट लीग बनाती है ख्वाजा पाकिस्तान के खिलाफ पहले टेस्ट से पहले प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। आइपील 2022 एडिशन की शुरुआत 26 मार्च से हो रही है। टूर्नामेंट का पहला मैच पूर्व फाइनलिस्ट चेन्नई सुपर किंग्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच खेला जाएगा। इस बार आइपीएल में 10 टीमें हिस्सा ले रही हैं। दो नई टीम लखनऊ सुपर जाइंट्स और गुजरात टाइटंस इस बार लीग का हिस्सा होंगी। लखनऊ की कमान केएल राहुल जबकि गुजरात का नेतृत्व हार्दिक पांड्या के हाथों में होगी। दो महीने से ज्यादा चलने वाले इस टूर्नामेंट का फाइनल 29 मई 2022 को होगा। टूर्नामेंट में होने वाले सभी 70 लीग मैचें चार स्टेडियम में आयोजित की जाएंगी जिसमें 3 स्टेडियम मुंबई के हैं तो वहीं एक स्टेडियम पुणे का है।इस बार आइपीएल के फार्मेट में भी बदलाव किया है। 10 टीमों को दो वर्चुअल गुरुप में बांटा गया है। ग्रुप ए में मुंबई, कोलकाता, राजस्थान, दिल्ली और लखनऊ टीम को जगह दी गई है जबकि ग्रुप बी में चेन्नई, बैंगलोर, पंजाब, हैदराबाद और गुजरात को शामिल किया गया है।




# राशिफल

**मेष-:** आज शांत और तनावमुक्त रहें। आज आप बहुत सारा पैसा कमा सकते हैं - लेकिन इसे अपने हाथ से जाने न दें।आज आपकी यात्रा सुखद रहेगी।

**वृष-:** आपका दिन हर्षित और उत्साही मानसिकता के साथ बीतेगा। योजना के अनुसार आपके काम पूरे होंगे। अधूरे काम पूरे होंगे। धन लाभ होने की संभावना है। गृहस्थ जीवन में मधुरता बनी रहेगी।

**मिथुन-:** इसे सार्थक कार्य में लगाने के लिए अपनी ऊर्जा बचाएं।अपने परिवार के सदस्यों की भावनाओं को आहत करने से बचने के लिए अपने गुस्से पर नियंत्रण रखें

**कर्क-:** आज आपको अपनी मेहनत का बड़ा फायदा मिल सकता है, वो भी इसलिए क्योंकि आप में काबिलियत है और कुछ बेहतर करने का जज्बा भी।

**सिंह-:** आज आपके परिवार में खुशियों की वृद्धि होगी. संतान की शिक्षा में उन्नति संभव है। माता-पिता का स्वास्थ्य आज बहुत अच्छा रहेगा। उनसे भी आपको पूरा सहयोग मिलने की उम्मीद है

**कन्या-:** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आप अपनी सूझबूझ से सारे काम संभाल लेंगे। नौकरीपेशा लोगों को साथ काम करने वालों से मदद मिलेगी।

**तुला-:** शरीर के किसी अंग में दर्द होने की संभावना है। ऐसे किसी भी काम से बचें जिसमें बहुत अधिक शारीरिक प्रयास की आवश्यकता हो। पर्याप्त आराम भी करें।

**वृश्चिक-:** आज आप जो भी काम शुरू करेंगे वो निश्चित रूप से सफल होगा। आत्मचिंतन से आप खुद को नकारात्मकता से दूर रखने में सफल रहेंगे।

**धनु-:** परिवार के कुछ सदस्य अपने ईर्ष्यालु स्वभाव के कारण आपके लिए झुंझलाहट का कारण बन सकते हैं। लेकिन अपना आपा खोने की जरूरत नहीं है, नहीं तो स्थिति बेकाबू हो सकती है।

**मकर-:** आपका पारिवारिक जीवन सौहार्दपूर्ण रहेगा। छोटी-छोटी बातों को नकारा नहीं जा सकता। आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी और कार्यक्षेत्र में आपके मान सम्मान में वृद्धि होगी।

**कुंभ-:** आज आपको कारोबार में सफलता मिलेगी. जो आपको गर्व और जोश से भर देगा। इस तरक्की को हासिल करने से आपको एहसास होगा कि आपने सही समय पर सही कदम उठाए

**मीन-:** स्वास्थ्य को देखभाल की अत्यधिक आवश्यकता है। प्राप्त धन आपकी अपेक्षा के अनुरूप नहीं रहेगा। कोई पुराना दोस्त पुरानी यादों को ताजा करने के लिए शाम को फोन कर सकता है।

## सम्पादकीय

### यूक्रेन संकट का तानाबाना उस पश्चिमी मानसिकता ने बुना है, जो दुनिया को अपने हिसाब से चलाना चाहती है

यह प्रश्न बहुत परेशान करने वाला है कि यदि यूक्रेन जैसा संप्रभु देश अपनी सुरक्षा के लिए नाटो सरीखे किसी सैन्य संगठन का हिस्सा बनना चाहे तो क्या उसे रूस जैसे ताकतवर पड़ोसियों की शर्तों पर चलना पड़ेगा और यहां तक कि उसके हमले का सामना करना पड़ेगा इसी तरह एक प्रशन यह भी उठ खड़ा हुआ है कि क्या आपकी अपनी संप्रभुता को किसी तीसरे देश की आशंकाओं का कारण बनना चाहिए यूक्रेन पर रूस के हमले जारी हैं। इस अर्थहीन युद्ध में जनहानि भी बढ़ती जा रही है। सोवियत संघ के विघटन से जो देश बने, उनमें रूस के बाद यूक्रेन ही दूसरा सबसे बड़ा यूरोपीय देश है। सोवियत संघ के विघटन ने अमेरिका को एकमात्र वैश्विक शक्ति बना दिया। कतिपय अतिउत्साही अमेरिकी टिप्पणीकारों ने इस एकध्रुवीय काल को 'इतिहास का अंत' तक कह डाला। सोवियत रूस के विघटन से अस्तित्व में आए 15 देश किसी संघर्ष या आंदोलन की उपज नहीं थे। उनके पास जनसंघर्ष से निकले तपे हुए नेतागण नहीं, बल्कि नौकरशाह मनोवृत्ति के प्रशासक थे। वे संप्रभुता, लोकतंत्र और राष्ट्रीयता का अर्थ समझे बगैर स्वतंत्र देश के शासक बन गए थे। इन शासकों ने प्रायः लोकतांत्रिक व्यवस्था का उपयोग अपने सत्ताधिकार की औपचारिक स्वीकार्यता के लिए किया। सोवियत संघ के विघटन के बाद भीषण आर्थिक समस्याओं का शिकार रूस स्वयं किसी भी प्रकार का नेतृत्व दे सकने में असमर्थ था। एकाएक उत्पन्न हुए शक्ति के इस निर्वात को भरने का जो उपाय अमेरिकी सत्ता प्रतिष्ठान की समझ में आया, वह था कि सोवियत संघ से निकले देशों में पश्चिमी शासन पद्धति अथवा लोकतंत्र, पूंजीवादी अर्थव्यवस्था एवं नाटो सुरक्षा संधि का विस्तार करना। जब सोवियत संघ अपने साम्यवादी लक्ष्यों के साथ इतिहास के गर्त में जा चुका था और नया रूस पूंजीवादी व्यवस्था को अपना चुका था तो नाटो के अस्तित्व का कोई औचित्य नहीं रह गया था। नाटो का घोषित उद्देश्य ही साम्यवादी व्यवस्था के विस्तार को रोकना था, फिर भी सोवियत संघ के विघटन के बाद न केवल नाटो कायम रहा, बल्कि उसका विस्तार भी होता गया। रूस की पश्चिमोत्तर सीमा से लगे तीन नए बाल्टिक देशों और बुल्गारिया को 2004 में नाटो में शामिल किया गया। इन देशों को यूरोपीय संघ में शामिल करना तो सकारात्मक कदम था, लेकिन नाटो सैन्य सहयोग क्यो इसका यही आशय निकलता है कि रूस अभी भी अमेरिका का निशाना बना हुआ था। इसी क्रम में 2008 में बुखारेस्ट सम्मेलन में यूक्रेन और जार्जिया को भी नाटो सदस्य बनाने की स्वीकृति दी गई। जब रूस से किसी यूरोपीय देश और अमेरिका को कोई खतरा नहीं रह गया था तो भी उसकी घेरेबंदी का भला क्या औचित्य था पुतिन ने इसे ही खतरे के संकेत के रूप में लिया। इससे पहले कि नाटो की परमाणु मिसाइलें यूक्रेन और जार्जिया में तैनात होतीं, पुतिन ने जार्जिया के विभाजन के लिए सैन्य अभियान छेड़ दिया। विभाजित जार्जिया के दो राज्य आज रूस के नियंत्रण में हैं। शेष जार्जिया के नाटो देश बनने की अब गुंजाइश नहीं रही। इसके बाद यूक्रेन में आरेंज रिवोल्यूशन के रूप में हुए जन आंदोलन ने वहां रूस विरोधी माहौल बना दिया। पूर्व राष्ट्रपति यानोकोविच को देश छोड़कर भागना पड़ा। परिणामस्वरूप पुतिन ने यूक्रेन के रूसी भाषी क्षेत्र क्रीमिया पर कब्जा कर लिया। सामरिक अड्डे का नाटो के लिए उपयोग संभव नहीं रह गया। यूरोप में जब एक रणनीतिक यथास्थिति का माहौल था, तब यूक्रेन और रूस में मिंस्क में हुए समझौते के तहत एक अस्थायी शांति बनी। अभियान के किनारे आने तक यूरोप में स्थिरता बनी रहेगी। समस्या यह थी कि ताइवान जैसे टकराव वाले बिंदु के बावजूद हिंद प्रशांत क्षेत्र में नाटो जैसा कोई संगठन आकार नहीं ले पाया था। उधर रूस और जर्मनी में बढ़ती जा रही रूसी गैस आपूर्ति पर निर्भरता अमेरिकी चिंता का बड़ा कारण थी। यूक्रेन को बड़ा राजस्व यूरोप की उस गैस आपूर्ति से मिलता रहा है, जिसकी पाइपलाइन उसकी जमीन से गुजरती है। यूक्रेन में 2014 में हुए सत्ता परिवर्तन की प्रतिक्रिया में रूस ने जर्मनी और यूरोपीय देशों को गैस आपूर्ति की नई वैकल्पिक पाइपलाइन का कार्य पूर्ण किया।

# डिजिटल विश्वविद्यालय से संभव होगा उच्च शिक्षा को सभी तक पहुंचाना

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले दिनों शिक्षा क्षेत्र से संबंधित आयोजित एक वेबिनार में कहा कि नेशनल डिजिटल यूनिवर्सिटी भारत की शिक्षा व्यवस्था में अपनी तरह का एक अनोखा एवं अभूतपूर्व कदम है। कोविड महामारी के दौरान डिजिटल या वर्चुअल शिक्षा दुनिया भर में सीखने-सिखाने के सबसे शक्तिशाली माध्यम के रूप में उभर रही है। ऐसे में यह आवश्यकता महसूस की जा रही थी कि देश में डिजिटल एजुकेशन के लिए एक बेहतर ढांचा तैयार किया जाए। इस दिशा में डिजिटल विश्वविद्यालय मील का पत्थर साबित होने वाला एक जरूरी और स्वाभाविक कदम है। यह कदम भारतीय शिक्षा पद्धति पर अमिट प्रभाव डालेगा। इससे एक ओर कक्षा में आने की बाध्यता खत्म होगी, वहीं दूसरी तरफ विश्वविद्यालयों और शैक्षिक संस्थाओं पर इंफ्रास्ट्रक्चर लोड बढ़ाने के दबाव से भी निजात मिलेगी। यह एक ऐसा विश्वविद्यालय होगा जो छात्रों को कई तरह के कोर्स और डिग्रियों की शिक्षा पूरी तरह आनलाइन उपलब्ध कराएगा। जरूरी डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर और ट्रेनिंग उपलब्ध कराने के लिए यह देश के अन्य केंद्रीय विश्वविद्यालयों के साथ मिलकर काम करेगा। यह विश्वविद्यालय एसईडीजी में नामांकन, संकाय विकास, रोजगार क्षमता बढ़ाने वाले कौशल, क्षेत्रीय भाषाओं में गुणवत्तापूर्ण शिक्षण सामग्री, औपचारिक और गैर-औपचारिक (पूर्व शिक्षा को मान्यता देना) शिक्षण आदि में मौजूद अंतर को समाप्त कर सकता है। डिजिटल विश्वविद्यालय शिक्षा और अर्थव्यवस्था दोनों के लिए लाभप्रद साबित होगा। इससे देश के नामी गिरामी विश्वविद्यालय और कालेजों को आनलाइन पढ़ाई करवाने की अनुमति से उन छात्रों को अध्ययन का मौका मिलेगा, जिन्हें कालेजों की उच्च कटआफ के कारण एडमिशन नहीं मिलता था। मालूम हो कि दिल्ली विश्वविद्यालय के विभिनन्‍ कालेजों में नामांकन पैमाना 99 प्रतिशत से भी ऊपर चला जाता है। देश के अन्य प्रतिष्ठित महाविद्यालयों की भी कमोबेश यही स्थिति है। ऐसे में आर्थिक और सामाजिक रूप से पिछड़े समाज के बच्चों के लिए 90 प्रतिशत का स्तर पाना ही मुश्किल होता है। पर्यावरण और यातायात की समस्या का समाधान : डिजिटल विश्वविद्यालय से पढ़ाई का सारा काम पेपरलेस होने से पर्यावरण प्रदूषण कम होगा। सबसे बड़ा लाभ यह होगा कि गुणवत्तायुक्त शिक्षा को कहीं भी और कभी भी पहुंचाया जा सकेगा। इससे रोजगार के मौके भी बढ़ेंगे। डिजिटल विश्वविद्यालय से छात्र उन तमाम जानकारी और ज्ञान को घर बैठे हासिल कर सकेंगे जिसे जानने-समझने के लिए उन्हें बड़े शहरों में जाना पड़ता है। यह विश्वविद्यालय छात्रों को डिजिटल तरीकों से सीखने में सक्षम बनाएगा। इसमें फिजिकल क्लासेज की जगह वर्चुअल या आनलाइन क्लासेज होंगी। सभी प्रमुख भाषाओं में ई-कंटेंट तैयार करने, पढ़ाई व परीक्षा तथा परिणाम आनलाइन जारी होने से शिक्षा सस्ती और सुलभ हो जाएगी। इस पहल के जरिये देश भर में छात्रों की पढ़ाई के दौरान रहने व खाने पर आने वाले खर्चे में भारी कमी आएगी। सबसे बड़ी बात कि भविष्य में कोरोना जैसी महामारी या किसी भी संकट के चलते पढ़ाई को जारी रखा जा सकेगा और पढ़ाई में व्यवधान नहीं आएगा। शिक्षा कैलेंडर में छेड़छाड़ करने की आवश्यकता नहीं रहेगी। डिजिटल यूनिवर्सिटी स्पोक एंड हब फार्मेट पर काम करेगी। हब के तौर पर इसका डिजिटल प्लेटफार्म होगा, जबकि इससे जुड़े विश्वविद्यालय स्पोक कहलाएंगे। इसमें आइआइटी, आइआइएम, केंद्रीय विश्वविद्यालयों से लेकर दुनिया के टाप रैंकिंग वाले विदेशी विश्वविद्यालय भी आकर डिजिटल पढ़ाई करवाएंगे। अब अहम प्रशन ये है कि देश में पहले से दूरस्थ शिक्षा उपलब्ध कराने वाले संस्थान इंदिरा गांधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी जैसे संस्थानों और डिजिटल विश्वविद्यालय में क्या अंतर होगा दरअसल डिस्टेंस लर्निंग/ दूरस्थ शिक्षा उपलब्ध कराने वाले संस्थान आनलाइन कक्षाएं संचालित नहीं करते, बल्कि वे संबंधित पाठ्यक्रम का स्टडी मैटेरियल छात्र को डाक के माध्यम से उनके घर पर भेज देते हैं। वहीं डिजिटल लर्निंग या डिजिटल विश्वविद्यालय से छात्र घर बैठे ही आनलाइन पढ़ाई कर पाएंगे। यहां यह उल्लेख करना जरूरी है कि देश में पहली डिजिटल यूनिवर्सिटी की शुरुआत केरल में हो चुकी है। इंडियन इंस्टीट्यूट आफ इंफार्मेशन टेकनेलाजी एंड मैनेजमेंट केरल को अपग्रेड करके ही डिजिटल यूनिवर्सिटी में तब्दील किया गया था। यहां पोस्ट ग्रेजुएट प्रोग्राम से लेकर अलग-अलग तरह के कई कोर्सेज संचालित किए जा रहे हैं। पारंपरिक शिक्षा के मुकाबले आनलाइन शिक्षा व्यवस्था के कुछ स्पष्ट फायदे और समस्याएं भी हैं, जिन्हें समझना जरूरी है। आनलाइन पढ़ाई स्कूल-कालेज की कक्षाओं में जाकर किए जाने वाले अध्ययन का जगह नहीं ले सकती। स्कूल-कालेज जाने वाले छात्र केवल पठन-पाठन के उपयुक्त माहौल से ही दो-चार नहीं होते, बल्कि वे व्यक्तित्व विकास के उन तौर-तरीकों से भी रूबरू होते हैं, जो घर-परिवार में रहकर हासिल नहीं किए जा सकते। अब यह जाहिर हो चुका है कि आनलाइन अध्ययन परंपरागत पठन-पाठन का विकल्प नहीं बन सकता और अधिक से अधिक उसमें सहायक ही बन सकता है। एक बात और, डिजिटल विश्वविद्यालय का सपना तभी साकार होगा, जब संसाधनों के अभाव को दूर किया जाएगा। देश में कितने बच्चों और युवाओं के पास आनलाइन पढ़ाई के लिए मोबाइल या टीवी की सुविधा उपलब्ध है, इसका उत्तर केंद्र सरकार के पास भी नहीं है। हालांकि साल 2017-18 के नेशनल सेंपल सर्वेक्षण के आंकड़ों के मुताबिक, देश के केवल 15 प्रतिशत ग्रामीण घरों में इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध थी, जबकि शहरी घरों के मामले में यह दर 42 प्रतिशत थी। पिछले कुछ वर्षों में ई-लर्निंग प्रणाली की ओर हुए बदलाव ने एक नई बहस को जन्म दिया है कि क्या इस बदलाव से छात्रों को सीखने में मदद मिली है या इससे उनके विकास, सामाजिक और भावनात्मक कल्याण में बाधा उत्पन्न हुई है तथा इससे भी अहम सवाल यह है कि क्या यह नया माध्यम सचमुच में शिक्षा के सभी आयामों की पूर्ति करता है या नहीं। समावेशी शिक्षा : सवाल यह भी कि क्या डिजिटल प्रारूप ने शिक्षा को अधिक समावेशी बनाया है या फिर डिजिटल डिवाइड को और गहरा किया है शहरी क्षेत्रों और उच्च एवं उच्च मध्यम वर्ग के परिवारों में छात्र एवं शिक्षक डिजिटल शिक्षा से भलीभांति परिचित हैं और तुलनात्मक रूप से अधिक आय की वजह से परिवार शिक्षा के लिए ई-लर्निंग उपकरणों को आसानी से खरीद सकते हैं तथा विभिनन्‍ आनलाइन प्लेटफार्म का खर्च भी वहन कर सकते हैं। लेकिन दूसरी ओर ग्रामीण इलाकों और गरीब परिवारों में यह स्थिति लगभग विपरीत है। ज्यादातर मामलों में परिवार में केवल एक ही सदस्य के पास स्मार्टफोन होता है, इस प्रकार छात्रों को आनलाइन कक्षा में भाग लेने में बहुत कठिनाई आ रही है। अच्छी बात यह है कि केंद्र सरकार ने इस चिंता को दूर करने के लिए वर्ष 2026 तक देश भर के विभिनन्‍ विश्वविद्यालयों में पढे वाले लगभग 4.06 करोड़ छात्रों (देश की कुल छात्र संख्या का लगभग 40 प्रतिशत) को लैपटाप और टैबलेट प्रदान करने की भी योजना बनाई है तथा इस कार्य के लिए कुल 60,900 करोड़ रुपये का बजट निर्धारित किया गया है। इसी तरह राज्य सरकारों को भी ये प्रतिबद्धता दिखानी चाहिए कि वे आगे चलकर सभी शिक्षण संस्थानों को ब्राडबैंड सेवा और आनलाइन शिक्षा के लिए उचित यंत्र मुहैया कराएं। इसमें कोई दो राय नहीं कि डिजिटल शिक्षा का भविष्य बहुत आशाजनक लग रहा है और आबादी के बड़े हिस्से तक इसकी पहुंच भी है। गूगल और केपीएमजी की एक रिपोर्ट बताती है कि देश में आनलाइन शिक्षा बाजार 52 प्रतिशत सालाना की दर से तेजी से विस्तार कर रहा है। अंत में कोरोना महामारी के दौर में वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए डिजिटल विश्वविद्यालय के विचार को एक क्रांतिकारी कदम कहा जा सकता है। अब वक्त आ गया है कि सरकार आनलाइन शिक्षा के माध्यम से वर्तमान आवश्यकता को पूरा करने और महामारी से उत्पन्न शिक्षा अंतर को पाटने के लिए सार्वजनिक संस्थानों को मजबूत करने के लिए और बड़े कदम उठाए। डिजिटल शिक्षा की राह में आने वाली चुनौतियां डिजिटल शिक्षा के कई लाभ को देखते हुए इसे बेहतर बनाने के लिए सरकार ने कई प्रयास किए गए हैं, इसके बावजूद इसकी राह में अभी भी कई चुनौतियां विद्यमान हैं। पहली चुनौती तो इंटरनेट तक पहुंच की है। यूनिफाइड डिस्ट्रिक्ट इंफार्मेशन सिस्टम फार एजुकेशन 2019-20 की रिपोर्ट में बताया गया है कि देश के 15 लाख स्कूलों में से केवल 38.54 प्रतिशत स्कूलों में ही कंप्यूटर उपलब्ध हैं। रिपोर्ट के मुताबिक देश के केवल डेढ़ लाख सरकारी स्कूलों के पास ही इंटरनेट की सुविधा है। वहीं कंप्यूटर केलव तीन लाख स्कूलों के पास है। इससे भी बड़ी बात यह है कि देश के करीब ढाई लाख सरकारी स्कूल ऐसे हैं, जहां अब तक बिजली नहीं है। आनलाइन शिक्षा के सामने एक बड़ी चुनौती इंटरनेट स्पीड की भी है। ब्राडबैंड स्पीड विश्लेषण करने वाली कंपनी ऊकला की एक रिपोर्ट के अनुसार, इंटरनेट स्पीड वाली लिस्ट में 138 देशों में से भारत 115वें स्थान पर रहा है। इस दौरान भारत की औसत मोबाइल इंटरनेट स्पीड 14.17 एमबीपीएस रही। ऐसे में वीडियो क्लासेज लेते समय इंटरनेट स्पीड का कम ज्यादा होना समस्या पैदा करता है। ग्रामीण क्षेत्रों में इंटरनेट स्पीड की हालत और बुरी है, बिजली चले जाने पर इंटरनेट का संचालन सुचारु तरीके से नहीं हो पाता है। आनलाइन शिक्षण के विपरीत प्रभाव भी हो रहे हैं। बच्चों का शारीरिक विकास प्रभावित हो रहा है। स्कूलों में होने वाली विभिन्न गतिविधियों से बच्चों का जो शारीरिक विकास होता है, वह घर की चारदीवारी के बीच नहीं हो सकता। मोबाइल के अधिक उपयोग से स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं भी जन्म ले रही हैं। बिना आत्म अनुशासन या अच्छे संगठनात्मक कौशल के अभाव में विद्यार्थी ई-शिक्षा मोड में की जाने वाली पढ़ाई में पिछड़ सकते हैं। छात्र बिना किसी शिक्षक और सहपाठियों के अकेला महसूस करते हैं। परिणामस्वरूप वे अवसाद से पीड़ित हो सकते हैं। इसके अलावा आनलाइन शिक्षण से केवल विभिन्न विषयों का ज्ञान मिलता है, किंतु विद्यालयों में मिलने वाली नैतिक शिक्षा का इस व्यवस्था में अभाव होता है। कोरोना महामारी के इस समय में पठन-पाठन के अनुभवों से सीखते हुए डिजिटल शिक्षा से भविष्य में शिक्षा को किफायती, समावेशी और कम लागत वाली बनाया जा सकता है। इसलिए केंद्र, राज्य सरकारों सहित विभिन्न हितधारकों को इस ओर मिलकर प्रयास करना चाहिए, ताकि भविष्य में छात्रों के लिए ई-लर्निंग से शिक्षा को और अधिक सुलभ बनया जा सके और सब तक शिक्षा के विजन को साकार किया जा सके।



# वैचारिक असहिष्णुता का नया अध्याय, जेएनयू सरीखे विश्वविद्यालय विचारधारा विशेष की किलेबंदी के स्थान नहीं हो सकते

जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय यानी जेएनयू की नई कुलपति के रूप में प्रोफेसर शांतिश्री धूलिपुड़ी पंडित की नियुक्ति के विरोध में उठ रही आवाजें शांत होने का नाम नहीं ले रही हैं। शांतिश्री देश के इस प्रतिष्ठित उच्च शिक्षा संस्थान की कुलपति के रूप में नियुक्त होने वाली पहली महिला शिक्षाविद् हैं। वह इसी विश्वविद्यालय की पूर्व छात्रा भी हैं। इसलिए भी यह उपलब्धि विशेष रूप से स्वागतयोग्य है, परंतु उनकी नियुक्ति अधिसंख्य लेफ्ट-लिबरल बुद्धिजीवियों, कुछ सामाजिक कार्यकर्ताओं और अभिजात्यवादी नेताओं को रास नहीं आ रही है। प्रोफेसर शांतिश्री ने कुलपति नामित किए जाने के बाद अपनी कार्यशैली, प्राथमिकताओं और भावी योजनाओं के बारे में मीडिया में एक बयान जारी किया। मंत्री न बनाए जाने के बाद से मोदी सरकार से खफा चल रहे वरुण गांधी ने इसमें व्याकरण की अशुद्धियों को रेखांकित करते हुए उनके अंग्रेजी भाषा ज्ञान पर सवाल खड़े किए और उसे 'निरक्षरता का प्रदर्शन' करार दिया। इसी तरह कथित किसान नेता योगेंद्र यादव ने उनके ऊपर कटाक्ष किए। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने भी जेएनयू की नई कुलपति शांतिश्री को अंग्रेजी ट्यूशन की जरूरत होने की बात कहते हुए उनका मखौल उड़ाया। यह मंडली उनके बयान का पोस्टमार्टम करते समय अंग्रेजी भाषा और व्याकरण की जगह उनके भावों, विचारों और दृष्टिकोण पर ध्यान देती तो उनका विरोध अधिक तर्कसंगत और औचित्यपूर्ण होता। संभवतः विरोध की झोंक में वे यह भूल गए कि भाषा माध्यम मात्र है, मूल नहीं। माध्यम मंतव्य का स्थानापन्न नहीं हो सकता। भाव



से अधिक भाषा पर बलाघात श्रेष्ठता ग्रंथि का परिमाण है। सेंट पीटर्सबर्ग में जन्मीं शांतिश्री ने जेएनयू के अलावा प्रेसीडेंसी कालेज, चेन्नई और कैलिफोर्निया स्टेट यूनिवर्सिटी से अपनी उच्च शिक्षा प्राप्त की है। उन्हें हिंदी, संस्कृत, तमिल, तेलुगु, कनन्ड़, मराठी और कोंकड़ी आदि आधा दर्जन से अधिक भारतीय भाषाओं का ज्ञान है। इस नियुक्ति से पहले वह पुणे स्थित सावित्रीबाई फुले विश्वविद्यालय की कुलपति भी रही हैं। विचारणीय बात यह है कि इतनी पढ़ी-लिखी और प्रबुद्ध प्रोफेसर शांतिश्री का विरोध क्यों किया जा रहा है और वह भी तब जब वह इस विश्वविद्यालय की पहली महिला कुलपति है वास्तव में विरोध प्रोफेसर शांतिश्री का नहीं किया जा रहा है, बल्कि उस विचारधारा का किया जा रहा है, जिससे वह जुड़ी हुई हैं। उनके विचारों से यह स्पष्ट है कि वह सनातन संस्कृति और राष्ट्रवादी विचारधारा के प्रति आस्थावान हैं। जेएनयू अपने स्थापना-काल से ही वामपंथी विचारधारा का गढ़ रहा है। यह उल्लेखनीय है कि जेएनयू के पूर्व कुलपति प्रोफेसर एम. जगदीश कुमार ने अभूतपूर्व वैचारिक संघर्ष वाले अपने छह वर्ष के कार्यकाल में इस वामपंथी वर्चस्व को संतुलित करने की कोशिश की है। अब वहां राष्ट्रवादी छात्रों, शिक्षकों और विचारों के लिए भी कुछ गुंजाइश बनी है। शांतिश्री द्वारा भी इसे आगे बढ़ाए जाने की संभावना है। इसीलिए उनका विरोध हो रहा है। लगता है उनके विरोधियों उन्हें जेएनयू के अकादमिक स्तर के गिरने की नहीं, बल्कि 'लाल किले' यानी वामपंथी गढ़ के ढहने की आशंका सता रही है। देश में जेएनयू की तरह अन्य कई ऐसे विश्वविद्यालय हैं, जहां विचारधारा विशेष का वर्चस्व है। विश्वविद्यालय विचारधारा विशेष की किलेबंदी के स्थान नहीं हो सकते और न ही उन्हें होना चाहिए। एक समय यह स्थिति थी कि जेएनयू में वामपंथी विचार वाले ही नियुक्त हो सकते थे। जेएनयू भारत में ही है और भारतवासियों की खून-पसीने की कमाई से संचालित होता है। फिर इसके परिसर में भारत और भारत की संस्कृति की बात करना अमान्य कैसे हो सकता है भारत के टुकड़े करने और कश्मीर की आजादी के नारे लगाने वालों के बरक्स भारत माता की जय और वंदे मातरम् के नारे लगाने वालों का प्रवेश निषेध क्यों यदि जेएनयू में मार्क्स, माओ और चे ग्वेरा के साथ-साथ स्वामी विवेकानंद और पंडित दीनदयाल उपाध्याय का भी नाम सुनाई पडे लगा है तो परेशानी क्यों क्या विश्वविद्यालयों में हर तरह की विचारधारा को स्थान नहीं मिलना चाहिए दरअसल विरोध शांतिश्री का नहीं, बल्कि भारत माता की जय और वंदे मातरम् के नारों का है। सनातन संस्कृति और भारतीय जीवन-मूल्यों और दर्शन का है। प्रोफेसर शांतिश्री के विरोध की दूसरी वजह दलितों-पिछड़ों और महिलाओं की भागीदारी को सीमित करने वाली सामंतवादी-अभिजात्यवादी सोच है। यही सोच महिलाओं के समुचित प्रतिनिधित्व की राह का भी रोड़ा है। महिला सशक्तीकरण का ढोल बजाने वालों की महिला विरोधी मानसिकता ऐसे प्रकरणों से गाहे बगाहे उजागर हो जाती है। यह औपनिवेशिक और अभिजात्यवादी मानसिकता ही है, जो अंग्रेजी भाषा के ज्ञान को ही योग्यता का चरम मानदंड मानती है। इसी तथाकथित योग्यता की आड़ में वंचित वर्गों का तिरस्कार, बहिष्कार और शिकार करती है। यह पश्चिमप्रेरित कुलीनता ही बाबा साहब डा. भीमराव आंबेडकर द्वारा प्रतिपादित सामाजिक न्याय, समता, समरसता और समान अवसरों की संकल्पना को सिरे नहीं चढे देती। भारत की शिक्षा-व्यवस्था आजादी के 75 साल बीत जाने के बाद भी अंग्रेजी चश्मा चढ़ाए ऐसे मैकाले-पुत्रों की गिरफ्त में है। शांतिश्री ने अपने बयान में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 को लागू करते हुए भारत-केंद्रित चिंतन और पाठ को स्थापित करने का संकल्प व्यक्त किया है। शांतिश्री के कार्यकाल की सबसे बड़ी उपलब्धि यही होगी कि वे ऐसी आधारहीन आलोचना की परवाह न करते हुए शिक्षा को मैकाले-पुत्रों के शिकंजे से मुक्त करते हुए उसका भारतीयकरण करें।

# रूस-यूक्रेन गतिरोध ऐसा पहला मसला नहीं जब किसी संकट को देश में सस्ती राजनीति का जरिया बनाने की कोशिश हो रही है

इससे कोई इन्कार नहीं कर सकता कि रूस के भीषण आक्रमण का सामना कर रहे यूक्रेन में फंसे भारतीयों और विशेष रूप से वहां मेडिकल की पढ़ाई करने गए हमारे हजारों छात्र मुश्किल में हैं। यह एक तथ्य है कि उन्हें वहां से निकालने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। यह भी सही




है कि कहीं-कहीं यूक्रेन की पुलिस और सेना भारतीय छात्रों को बाहर निकलने में मदद करने के बजाय उन्हें परेशान कर रही है। कुछ मामलों में उनसे मारपीट की घटनाएं भी सामने आई हैं, लेकिन यह जानना भी जरूरी है कि जब यूक्रेन में भारतीय दूतावास सक्रिय हैं और 'आपरेशन गंगा' के तहत चार केंद्रीय मंत्रियों को उसके पड़ोसी देशों में भेजा गया है, तब अन्य देश वहां से अपने लोगों को निकालने के लिए क्या कर रहे हैं वे कुछ नहीं कर रहे हैं। अमेरिका ने अपने लोगों से कहा है कि वे यूक्रेन से निकलने की व्यवस्था खुद करें। ब्रिटेन और जर्मनी ने भी हाथ खड़े कर दिए हैं। ब्रिटेन तो अपना दूतावास कीव से हटाकार पोलैंड के निकटवर्ती शहर में ले गया है। चीन ने पहले भारत की तरह अपने छात्रों से कहा था कि चीनी ध्वज लेकर पड़ोसी देशों में पहुंच जाएं, लेकिन उसके रूस के समर्थन में खुलकर खड़े होने के बाद यूक्रेनी लोग चीनी छात्रों के पीछे पड़ गए। इससे चीन को एडवाइजरी वापस लेने के साथ यह भी कहना पड़ा कि वे अपनी पहचान उजागर करने से बचें। चीन के करीब छह हजार छात्र यूक्रेन में फंसे हैं। जब यूक्रेन में फंसे भारतीय जैसे-तैसे निकालकर देश लाए जा रहे, तब अन्य देशों को समझ नहीं आ रहा कि क्या करें कई देशों ने तो अपने दूतावास ही बंद कर दिए हैं। अच्छा होता कि हमारे छात्र यूक्रेन से तभी निकलना शुरू कर देते जब वहां के भारतीय दूतावास ने 15 फरवरी को यह एडवाइजरी जारी की थी कि जिन छात्रों के लिए यहां रहना जरूरी न हो, वे निकल जाएं। अगले दिन उसने फ्लाइट की कमी को देखते हुए यह सूचित किया कि अमुक-अमुक फ्लाइट उपलब्ध हैं। चूंकि फ्लाइट कम थीं और उनका किराया आसमान छूने लगा था, इसलिए तमाम भारतीय छात्र चाहते हुए भी वहां से निकल नहीं पाए। जब तक भारत सरकार विशेष फ्लाइट भेजने की तैयारी करती तब तक देर हो चुकी थी। यह देरी भारी पड़ी। यूक्रेन पर रूस के हमले के साथ ही उसे नो फ्लाई जोन घोषित कर दिया गया। इसके चलते वहां जा रहे एयर इंडिया के विमान को बीच रास्ते लौटना पड़ा। चूंकि यूक्रेन पर रूस के हमले की आशंका पहले से थी इसलिए भारतीय दूतावास ने 25 जनवरी से ही वहां रह रहे भारतीयों का रजिस्ट्रेशन करना शुरू कर दिया था। इससे यह पता करने में आसानी हो रही कि यूक्रेन आपरेशन गंगा के तहत सभी भारतीयों को सुरक्षित लाने में सफलता मिले। यह आसान काम नहीं, लेकिन इसे करना ही होगा। इस कठिन काम के पूरा होने की आशा इसलिए है कि यूक्रेन के पड़ोसी हंगरी, रोमानिया, पोलैंड आदि भारतीय छात्रों की निकासी में मदद कर रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### केंद्रीय मंत्री स्मृति इरानी बोलीं, देश के सभी वन स्टाप सेंटर पर महिलाओं को दिया जाएगा सेल्फ डिफेंस का प्रशिक्षण

नई दिल्ली। देश के सभी वन स्टाप सेंटरों पर सेल्फ डिफेंस का प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह घोषणा महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति इरानी ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह कार्यक्रम के शुभारंभ के दौरान की। दिल्ली के विज्ञान भवन में मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के सप्ताह भर के कार्यक्रमों की शुरुआत हुई। पहले दिन का कार्यक्रम महिला सुरक्षा पर था। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने इस मौके पर महिलाओं को सुरक्षित और सशक्त बनाने के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं और किये जा रहे कामों का ब्योरा दिया। महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति इरानी ने देश भर में चल रहे 704 वन स्टाप सेंटरों द्वारा उत्पीड़न की शिकार महिलाओं को दी जा रही मदद की सराहना करते हुए कार्यक्रम में भाग लेने आए वन स्टाप सेंटर के प्रतिनिधियों का धन्यवाद दिया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सरकार नियोजित ढंग से काम करके महिलाओं और बच्चों की सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित कर रही है। मंत्रालय महिलाओं को सुरक्षित करने के लिए पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो के साथ मिलकर काम कर रहा है। 70 लाख महिलाओं को मदद और सेल्फ डिफेंस प्रशिक्षण से सुरक्षित किया गया। उन्होंने कहा कि एक महिला जब अपने उत्पीड़न की शिकायत के लिए पुलिस में जाती है तो उसे गंभीर चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। जब महिला हेल्पलाइन नंबर पर फोन करती है तो उसके कितने ही अपने पराए हो जाते हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि देशभर के 704 वन स्टाप सेंटरों पर सेल्फ डिफेंस का प्रशिक्षण दिया जाएगा। वन स्टाप सेंटरों पर पीड़ित महिला को पुलिस, कानून, चिकित्सा और आश्रय की सारी सुविधाएं एक ही जगह मुहैया कराई जाती हैं। इस मौके पर दिल्ली पुलिस की विशेष यूनिट द्वारा महिलाओं को दी जा रही सेल्फ डिफेंस की ट्रेनिंग का भी प्रदशर्न हुआ और आत्मरक्षा के गुर बताए गए। नुक्कड़ नाटक का भी आयोजन हुआ।

# उड़ीसा की हस्तकला ने नोएडा वासियों का मन मोहा

(आधुनिक समाचार सेवा)
देव मणि शुक्ल

**नोएडा।** सेक्टर 33 स्थित नोएडा हाट में आयोजित सरस आजीविका मेला 2022 मैं नोएडा





के विभिन्न सेक्टरों से लोग परिवार सहित पहुंच रहे हैं। साथ ही महिलाओं के द्वारा निर्मित उत्पादों की लोगों के द्वारा जमकर खरीदारी की जा रही है मंगलवार को महाशिवरात्रि के दिन अवकाश के कारण मेले में खासी भीड़ रही उडीसा के आर्गेनिक मिक्स फूड ने मचाई धूम सरस मेले में उडिसा का मिक्स फूड लोगों को खूब भा रहा है। देश भर में जहां गेंहू, मक्का तथा बाजरा का आटा प्रयोग में लाया जाता है वहीं उडिसा के पार्वती स्वंय सहायता समूह ने रागी आटा, लेवल ग्रास आटा, कंगू चावल, काजालीय खीर का चावल के साथ ही हल्दी साबुन, इमली, झाडू तथा बांस के खिलोने बाजार में उतारे हैं। समूह की सदस्या शाला मिशा शंकर ने बताया कि ये उत्पाद स्वंय में अनूठे हैं, जो स्वाद और सेहत से भरपूर हैं। सरकार के प्रयासों से समूह में 15 सदस्या काम कर रही हैं। उडिसा के ही मां समलेश्वरी स्वंय सहायता समूह ने यहां अपने स्टाल के माध्यम से रसोई के अनूठे उत्पाद उतारे हैं। इन उत्पादों में चावल के पापड, उडद की दाल की बडी, शीताफल की बडी, मसाला बडी, उडल तक तिल की मिक्स बडी तथा उडद तथा शीताफल की मिक्स बडी उपलब्ध हैं। समूह में सुषमा पटेल समेत तीन सदस्या काम कर रही है । मेले में उडिसा के भग्य लक्ष्मी स्वंय सहायता समूह की साडियां ग्रहणियों की पसंद बन रही हैं, समूह की सदस्या मीणापारि मेहर ने बताया कि हमारे सभी उत्पाद हैंडलूम के हैं। जिनमें ईका साडी महिलाओं की पहली पसंद है, जो देश में नेत्रियों के साथ अभिनेत्रियां धारण कर रही हैं। उन्होने बताया भारत की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण अधिकतर ईका साडी ही पहनती हैं। इसके साथ ही अभिनेत्री एश्वर्या राय ने अपनी शादी में यही साडी पहनी थी। जबकि विघा बालन को भी यही साडी पसंद है। इसके अतिरिक्त कॉटन बिन इक्कन साडी, पाटा साडी, लेडिज एंड जेंटस कुर्ते तथा रूमाल के सहित अन्य हैंडलूम उत्पाद स्टॉल पर उपलब्ध हैं। सरकार से मिले प्रोत्साहन के तहत समूह में 12 सदस्या काम कर रही है। पंचायती राज्य एवं ड्रिंकिंग डिपार्टमेंट उड़ीसा सरकार के तत्वधान में जय दुर्गा स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के द्वारा निर्मित उत्पादों की सरस मेले में काफी डिमांड रही और लोगों ने जमकर खरीददारी की। यहां रद्दी कागज को रिसाइकल कर कर हाथों से निर्मित उत्पादों को लोगों ने काफी पसंद किया। उनके उत्पादों में पेन स्टैंड, गणेश जगननथ, गुलदस्ता दान, चिल्लुर बॉक्स आदि शामिल है। यहां सदस्य प्रियंका देवी ने बताया सरकार के प्रयास से हमारा समूह स्थापित हुआ है जिसमें 100 महिलाएं काम कर रही है नोएडा सरस मेले में आकर हमें अच्छा लगा यहां हमारे उत्पाद की डिमांड काफी है उन्होंने आगे बताया कि हमें मेले में काफी आर्डर भी मिले हैं दूसरी ओर उड़ीसा के ही सीताराम स्वयं सहायता समूह के सदस्य संध्या रानी नायर ने बताया कि हमारे सभी उत्पाद गोल्डन ग्राफ से निर्मित है तथा उन्हें बनाने के लिए हम किसी मशीन का प्रयोग नहीं करते। उनके उत्पादों में रोटी बॉक्स ज्वेलरी बॉक्स, ट्रे, पेन स्टैंड पेपर वेट, कलश, लैंप सेट तथा बैग आदि शामिल है आगे बात करते हैं उन्होंने कहा कि यहां उत्पादों की मांग काफी ज्यादा है जिससे कि समान खत्म हो रहा है और वह सोच रही है कि ओर समान उड़ीसा से कैसे मंगाया जाए। सरकार की मदद से चल रहे सीताराम स्वयं सहायता समूह में वर्तमान मैं 15 महिलाएं काम कर रही है।

## कलेक्टर ने स्वच्छता को दृष्टिगत रखते हुए नगर का किया भ्रमण चौपाटी के पास दोनों तालाबों का कराएं सौंदर्यीकरण- कलेक्टर

(आधुनिक समाचार सेवा)
दुर्गेश कुमार गुप्ता

**शहडोल ।**नगर के विभिनन्न तालाबों की साफ सफाई कर व्यवस्थित बनाने के दिए निर्देश शहडोल 02 मार्च 2022- कलेक्टर श्रीमती वंदना वैद्य ने आज साफ सफाई एवं स्वच्छता को दृष्टिगत रखते हुए शहडोल नगर का भ्रमण किया। कलेक्टर ने भ्रमण के दौरान



चौपाटी के पास स्थित दोनों तालाबों का अवलोकन किया। इस दौरान कलेक्टर ने तालाबों में व्याप्त गंदगी को देख कर कड़ी फटकार उपस्थित अधिकारियों को लगाते हुए तालाबों की साफ-सफाई एवं सौंदर्यीकरण कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने तालाबों के बॉर्डर में आकर्षित चित्र बनाकर रंग-रोगन कर बेहतर साफ सफाई एवं आकर्षक लुक प्रदान करने के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर ने वहां उपस्थित अधिकारियों को नगर के सभी तालाबों को बेहतर सौंदर्यीकरण कर व्यवस्थित करने के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर ने नगर के लोगों से अपील करते हुए कहा कि नगर व नगर के सभी तालाब आम नागरिकों के ही हैं, वे इन्हें बेहतर साफ स्वच्छ रखकर नगर को सुंदर बनाएं तथा तालाबों के जल विभिन्न कार्यो में भी उपयोग कर सकते हैं। मानव जीवन में जल की बहुत ज्यादा उपयोगिता है, इसलिए जल का संरक्षण एवं संवर्धन जरूरी है। आप सभी जल को संरक्षित करें तथा जल में किसी भी प्रकार की कोई गंदगी या कचरा ना डालें। जल तथा तालाबों को जिला प्रशासन अथवा नगरपालिका का अमला अकेले सुरक्षित नहीं रख सकता इसमें लोगों को भी अपनी सहभागिता निभानी होगी। आप सभी जल को तथा तालाब को संरक्षित करें। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने तालाब की मेड़ों में जो झाड़ झंकार हैं उन्हें साफ करा कर बेहतर एवं सुव्यवस्थित कराएं। उन्होंने कहा कि तालाबों की साफ-सफाई के बाद यहां सभी अधिकारी कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि तथा आम नागरिक वृक्षारोपण भी करें ताकि तालाब के मेडों में विभिन्न प्रकार के फलदार पेड़ भी लग सके। जिससे आम नागरिकों को भी इसका लाभ प्रदान हो सके। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन यंत्री पीआईयू श्री रमाकांत पांडे सहित नगरपालिका का अमला उपस्थित था।

## मदिरा दुकानों के एकल समूहों के निष्पादन हेतु तिथिया निर्धारित

(आधुनिक समाचार सेवा)
दुर्गेश कुमार गुप्ता

**शहडोल ।**शहडोल 2 मार्च 2022-जिला आबकारी अधिकारी शहडोल ने जानकारी दी है कि शहडोल जिले में संचालित 15 देशी मदिरा एवं 14 विदेशी मदिरा की कम्पोजिट दुकानों को वर्ष 2022-23 के लिए 1 अप्रैल 2022 से 31 मार्च 2023 तक के लिए बुढार शहडोल क्रं.1,2,3 धनपुरी, अमलाई, ब्यौहारी जयसिंहनगर देवलोंद कुल 9 समूह बनाया गया है। उन्होंने बताया है कि वर्ष 2022-23 के लिए मदिरा दुकानों के एकल समूहों का निष्पादन हेतु तिथिया निर्धारित की गई है। जिसमें नवीनीकरण हेतु आवेदन क्रय करने हेतु जिला आबकारी कार्यालय शहडोल में 28 फरवरी को शाम 5:30 बजे तक, नवीनीकरण आवेदन पत्र जमा 28 फरवरी 2022 को सांय 6 बजे तक नवीनीकरण के आवेदन आवेदकों द्वारा लॉटरी आवेदन पत्र जमा करने हेतु 1 मार्च से 4 मार्च को अपरान्ह 01 बजे तक एवं नवीनीकरण हेतु प्राप्त तथा प्रस्तुत लॉटरी आवेदन पत्रों का जिला समिति द्वारा परीक्षण करने, खोलने एवं निराकरण किये जाने हेतु 4 मार्च 2022 को अपरान्ह 4 बजे तक निर्धारित की गई है।

## जिला अध्यक्ष सौभाग्य केशरी का मैहर आगमन हुआ पार्टी कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया

(आधुनिक समाचार सेवा)
दिनेश कुमार यादव

**मैहर।** भाजपा जिला अध्यक्ष सौभाग्य केशरी का मैहर आगमन हुआ प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्रीकांत चतुर्वेदी जी के नेतृत्व में आस्था यात्री निवास पर जिला अध्यक्ष का भव्य स्वागत किया गया



एक दिवसीय प्रवास पर मैहर आए जिला अध्यक्ष जगत जननी मां शारदा से आशीर्वाद प्राप्त किए इसके मैहर मंडल, अमदरा मंडल, बदेरा मंडल,नादान मंडल के लिए रवाना हुए, मुख्य रूप से उपस्थित प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्रीकांत चतुर्वेदी, शांतनु तिवारी गोलू, भाजपा युवा नेता प्रकाश तिवारी, विपिन गौतम, नितिन ताम्रकार , संतोष राजा पांडेय, प्रिंस शर्मा ,रजनीश तिवारी अर्पित गुप्ता, हनी श्रीवास्तव, शिबू सिंह राजपूत, सैकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे ।

## नोएडा में महाशिवरात्रि पर उमड़ा जनसैलाब, हुआ रुद्राभिषेक

(आधुनिक समाचार सेवा)
देव मणि शुक्ल

**नोएडा।**महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर भगवान भोले नाथ का भक्तों ने श्रद्धापूर्वक पूजन एवं जलाभिषेक किया। नोएडा के सभी मंदिरो पर शिव भक्तों ने कतार बद्ध होकर जलाभिषेक व दुग्ध अभिषेक किया । मंदिर के पुजारियों ने सुबह से मंदिर पर रुद्राभिषेक कराते रहे। नोएडा के शिव मंदिर पाकेट 7 ,दूधेश्वर महादेव,सनातन मंदिर,विडला मंदिर,दुर्गा मंदिर सेक्टर 22, में हजारों भक्तों ने बाबा के दर्शन हेतु महिला व पुरूष भक्त कतार बद्ध होकर मंदिर में प्रवेश कर जलाभिषेक किया व आशीर्वाद लिया। नोएडा के सभी मंदिरों को भव्य तरीके से सजाया गया था। हर हर महादेव के नारे के साथ पूरा माहौल भक्तिमय था। सेक्टर 82 पाकेट 7 के शिव मंदिर पर शाम को भजन कीर्तन हुआ और रात्रि चारो पहर का अभिषेक भी किया गया ।संगीत कार्यक्रम के बाद आरती एवं प्रसाद वितरण किया गया।इस मौके पर एस के तिवारी, संजय पाण्डेय,रमेश चंद्र शर्मा,गोरे लाल,मनोज कुमार,अंगद सिंह तोमर,अमितेश सिंह,रवि राघव,राजेश कुमार गुप्ता,हरि शंकर सिंह,संगम प्रसाद मिश्र,अजय सिंह,हंस मणि शुक्ल,अवनीश तिवारी,राजबीर सिंह, रमेश चंद्र दास,रतन भारद्वाज,रमेश वर्मा,रमेश चंद्र दूबे,आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे ।

## आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

(आधुनिक समाचार सेवा)
दुर्गेश कुमार गुप्ता

**शहडोल ।**कलेक्टर श्रीमती वंदना वैद्य ने मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान मद से श्री नृपेन्द्र सिंह निवासी हिरवार तहसील ब्यौहारी को उपचार हेतु 70 हजार रूपये, श्री नंदन श्रीवास्तव एलआईजी296 न्यूज हाउसिंग बोर्ड कालोनी शहडोल एवं श्रीमती नीरजा तिवारी निवासी दुराई उमरिया शहडोल को उपचार हेतु 25-25 हजार रूपये, श्री संजीव गुप्ता निवासी वार्ड नं. 14 सिंहपुर शहडोल को उपचार हेतु 70 हजार




प्रभात द्विवेदी आत्मज श्री नारेन्द्र प्रसाद द्विवेदी निवासी सिविल कालोनी वार्ड नं.9 ब्यौहारी को उपचार हेतु 20 हजार रूपये, श्री चेतन सिंह गौंड आत्मज श्री सुदामा सिंह गौंड निवासी पथरहटा तहसील जयसिंहनगर को उपचार हेतु 1 लाख 75 हजार रूपये, श्री शिरीष रूपये, श्री संतोष कुमार मिहानी निवासी वार्ड नं.15/20 घरौला मोहल्ला शहडोल को उपचार हेतु 2 लाख रूपये तथा श्री महेश सिंह निवासी ओढकी तहसील गोहपारू जिला शहडोल को उपचार हेतु 60 हजार रूपये की राशि स्वीकृत की है।

## आयकर अधिकारी बनकर कंपनी मालिक से 1.50 लाख ऐंठे

(आधुनिक समाचार सेवा)
देव मणि शुक्ल

**नोएडा।** ठगों ने आयकर विभाग का अधिकारी बनकर कंपनी मालिक से डेढ़ लाख रुपये ठग लिए। आरोपियों ने टैक्स बचाने का झांसा देकर ठगी की। इस संबंध में पीडित ने पुलिस को शिकायत दी है। पुलिस को दी शिकायत में व्यक्ति ने बताया कि उनकी सेक्टर-8 में पॉपकार्न और नूडल बनाने वाली मशीनों के पार्ट बनाने की कंपनी है। उन्होंने कुछ समय पहले अपने एक ग्राहक से 45 लाख रुपये का सौदा किया था। इस सौदे को लेकर कोई वैध दस्तावेज तैयार नहीं किए गए ताकि सौदे की रकम में टैक्स को बचाया जा सके। इसके बारे में किसी को भनक लग गई। एक व्यक्ति ने शिकायतकर्ता के मोबाइल पर कॉल की। कॉल करने वाले ने खुद को आयकर विभाग का अधिकारी बताया। उसने शिकायतकर्ता से कहा कि उन्होंने टैक्स चोरी की है। साथ ही, केस दर्ज कराने की धमकी दी। इससे कंपनी मालिक डर गए। फिर आरोपी ने कहा कि वह डेढ़ लाख रुपये में मामले को निपटा देंगे। फिर तीन आरोपी कार से शिकायतकर्ता की कंपनी में आए और डेढ़ लाख रुपये लेकर चले गए। व्यक्ति ने शक होने पर आरोपियों के नंबर पर कॉल की तो वह बंद मिला। इसके बाद पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## व्यौहारी सेवा का संकल्प कांग्रेस ही विकल्प विनोद ताम्रकार

(आधुनिक समाचार सेवा)
दुर्गेश कुमार गुप्ता

**शहडोल ।**मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री कमलनाथ के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी शहडोल के अध्यक्ष श्री आजाद बहादुर सिंह के आवाहन पर एवं संगठन प्रभारी श्री राजेन्द्र मिश्रा के मार्गदर्शन में ब्लाक कांग्रेस कमेटी ब्योहारी द्वारा 1 फरवरी से निरंतर चलाए जा रहे घर चलो घर घर चलो अभियान के दौरान 25वे दिन पर जमकर प्रहार किया व कांग्रेस के 15 महिनों के जनहितैषी कार्यो का उल्लेख जनता के समक्ष प्रस्तुत करते हुए कहा कि सेवा का संकल्प कांग्रेस ही विकल्प एवं कांग्रेस पार्टी द्वारा चालाए जा रहे सदस्यता अभियान के अंतर्गत भारी संख्या में वार्ड वासियों को कांग्रेस पार्टी की रीति नीति से जोड़कर सदस्यता दिलाई गई व कमलनाथ के आदेशानुसार हर पोलिंग बूथ पर एक महिला व एक पुरूष को




बुधवार को ब्योहारी नगर के वार्ड क्रमांक 9 व 10 में डोर टू डोर जनसंपर्क कर वार्ड वासियों से सम्पर्क कर प्रदेश के 18 वर्षों के भाजपा कुशासन को उजागर करते हुए बताया कि भाजपा की नीति और नीयत दोनों खोटे सिक्के के समान है जो ना तो जनता का भला कर सकती हैं और ना ही भला होता देख सकती है हर स्तर पर भ्रष्टाचार महिला उत्पीडन बाल आपराध जैसे दीमक आम जनता का खून चूस रहे हैं हर तरफ बेवस जनता हताश और परेशान हैं अभियान का नेतृत्व कर रहे ब्लाक कांग्रेस कमेटी ब्योहारी के अध्यक्ष विनोद ताम्रकार ने जनता से संवाद कर भाजपा की जनविरोधी नीतियों डिजिटल सदस्यता दिलाई गई व भाजपा की नाकामी को उजागर करने हेतु कमलनाथ द्वारा जारी पम्पलेट का वितरण किया गया अभियान के दौरान मुख्य रूप से यह रहें उपस्थित संगठन महामंत्री हरिशंकर कोरी महिला कांग्रेस अध्यक्ष जारीना खातुन नगर युवा कांग्रेस अध्यक्ष पुर्ष्पेद्र पटेल युवा कांग्रेस महामंत्री विक्रम सिंह बघेल आईटीसेल कांग्रेस अध्यक्ष आयुष ताम्रकार कमला कोरी पिंकी पटेल महिला कांग्रेस सचिव रूना लैला बिहारी कोरी पूर्व पार्षद गीता कोल सुनीता कोल उषा कोल बेल्लुन कोल आतुल तिवारी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता व वार्ड वासी उपास्थित रहे

## जब भारत ने 63 दिनों में 488 नान स्टाप फ्लाइट्स के जरिए 1.70 लाख लोगों को किया था एयरलिफ्ट, गिनीज बुक में दर्ज है ये घटना

**नई दिल्ली ।** रूस और यूक्रेन के बीच छिड़ी भीषण जंग में वहां फंसे भारतीयों को लाना एक बड़ी चुनौती बनता जा रहा है। यूक्रेन से जान बचाने के लिए भारतीय अलग अलग देशों की तरफ रुख



कर रहे हैं। वहीं भारत ने भी इन भारतीयों को वापस लाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। यूक्रेन के पड़ोसी देशों से लगातान विशेष विमानों के जरिए भारतीयों को वापस लाया जा रहा है। सरकार लगातार इनसे संपर्क बनाए हुए है और समय-समय पर पूरी जानकारी भी दे रही है। अब तक करीब दो हजार लोगों को स्वदेश वापस लाया जा चुका है। यूक्रेन में करीब बीस से पच्चीस हजार भारतीय मौजूद हैं। इस पूरे घटनाक्रम ने करीब 32 वर्ष पुरानी उस कहानी को भी याद दिला दिया है जब भारत के सामने अपने कुछ हजार नहीं बल्कि लाखों लोगों को सकुशल वापस लाने की चुनौती थी। ये वो वक्त था जब इराक ने कुवैत पर हमला कर दिया था और वहां पर रहने वाले भारतीय अपनी जान बचाने के लिए इधर उधर भाग रहे थे। हर तरफ दहशत का माहौल था। हर कोई किसी भी सूरत में वहां से वापस अपने देश आना चाहता था। भारत के सामने सबसे बड़ी चुनौती थी कि अपने लोगों को वहां से कैसे वापस लाया जाए। इराक कुवैत पर ताबड़तोड़ हमले कर रहा था। हर तरफ इराकी लड़ाके पहुंचे हुए थे। उस वक्त भारतीयों को सकुशल निकालने में जिन लोगों ने अहम भूमिका निभाई थी उसमें केरल के मथूनी मैथ्यू, हरभजन सिंह बेदी, अबे वेरिकाड, वीके वैरियर और अली हुसैन का नाम प्रमुख है। इन सभी ने वहां कुवैत में फंसे भारतीयों को निकालने के लिए जी-जान एक कर दी थी। इन्होंने लगातार भारत सरकार से संपर्क बनाए रखा और केंद्र से मिले निर्देश पर काम करते रहे। बसों और गाड़ियों के जरिए पहले इन लोगों को अम्मान ले जाया गया था। भारत के सामने समस्या थी अमेरिका के आपरेशन डेजर्ट स्ट्राम से पहले इन सभी को वहां से निकालना था। भारत ने पहले वहां फंसे 1.70 लाख लोगों को निकालने के लिए सैन्य विमान भेजने का विचार किया था। लेकिन इसकी इजाजत न तो यूएन से मिली और न ही कुवैत ने दी। इसके बाद में भारत सरकार ने एयर इंडिया और इंडियन एयरलाइंस की मदद से जार्डन के अम्मान के रास्ते इन सभी लोगों को एयरलिफ्ट किया। 8 अगस्त को एयर इंडिया ने इन भारतीयों को लाने के लिए पहली उडान भरी थी। इसके बाद लगातार 488 फ्लाइट् के जरिए इन लोगों को वहां से निकाला गया था। वहां से एयरलिफ्ट किए लोगों को लेकर आखिरी फ्लाइट 20 अक्टूबर 1990 को भारत आई थी। 63 दिनों के अंदर भारत सरकार ने 1 लाख 70 हजार लोगों को वहां से सुरक्षित बाहर निकाला था। भारत का किया गया ये आपरेशन आज तक के इतिहास में सबसे बड़ा एयरलिफ्ट आपरेशन था। इस आपरेशन को गिनीज बुक आफ वर्ल्ड रिकार्ड में शामिल किया गया है। इस घटना ऊपर वर्ष 2016 में एयरलिफ्ट नाम से एक फिल्म भी बनी थी, जिसमें अक्षय कुमार ने मुख्य किरदार निभाया था।

## एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में विषम सेमेस्टर की प्रयोगात्मक परीक्षाएं 7 मार्च से

(आधुनिक समाचार सेवा)
देव मणि शुक्ल

**नोएडा।** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (एकेटीयू) ने विषम सेमेस्टर की कोरोना महामारी की तीसरी लहर के चलते प्रयोगात्मक परीक्षाओं को निरस्त कर आगे बढ़ा दिया गया था। अब यह परीक्षाएं सात मार्च से होने जा रही है। एकेटीयू परीक्षा



प्रयोगात्मक व प्रोजेक्ट परीक्षाओं की तिथि जारी कर दी है। सत्र 2021-22 के लिए के विषम सेमेस्टर के समस्त प्रथम सेमेस्टर एवं बीटेक एवं बीफार्म पाठ्यक्रम के तीसरे सेमेस्टर की प्रयोगात्मक व प्रोजेक्ट परीक्षाएं अब ऑफलाइन मोड में सात मार्च से 14 मार्च के बीच आयोजित होंगी। बता दें कि पहले यह परीक्षाएं 11 जनवरी से होनी थी। लेकिन नियंत्रक प्रो. अनुराग त्रिपाठी ने विभागीय पोर्टल पर इसकी सूचना जारी कर दी है। प्रो. अनुराग त्रिपाठी ने बताया कि प्रयोगात्मक परीक्षाओं के लिए परीक्षकों की ड्यूटी की सूची भी तैयार हो गई है। जिन परीक्षकों की ड्यूटी लगाई है उन्हें इसकी जानकारी संस्था ईआरपी लॉगिन तथा संबंधित शिक्षकों के लॉगिन में अपलोड हो जाएगी।

# खत्म हुआ इंतजार पठान बनकर इस तारीख को बड़े परदे पर लौट रहे हैं शाहरुख खान, जॉन अब्राहम और दीपिका ने किया एलान

**नई दिल्ली।** जीरो के बाद से ही शाहरुख खान के फैंस उन्हें बड़े परदे पर देखने का बेसब्री से इन्तजार कर रहे थे। अक्सर ट्वीटर पर उनके फैंस उनकी आगामी फिल्मों के बारे में पूछते नजर आते हैं। अब शाहरुख खान ने अपने चाहने वालों को एक बड़ा तोहफा दिया। लंबे समय से चल रही शाहरुख खान, दीपिका पादुकोण और जॉन अब्राहम स्टारर पठान का पहला टीजर अब रिलीज हो चुका है, जिसे शाहरुख खान ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है। इस टीजर ने पठान बनकर लौटे शाहरुख खान का दमदार लुक देखने को मिल रहा है। अपने पहले टीजर के साथ ही शाहरुख खान ने फिल्म की रिलीज डेट की भी घोषणा की।



# शाहिद कपूर की सौतेली बहन सनाह कपूर इस दिग्गज एक्टर के बेटे संग आज लेंगी सात फेरे

**नई दिल्ली।** इन दिनों शादियों का सीजन बड़े ही जोरों से चल रहा है। बॉलीवुड में भी एक के बाद एक स्टार्स शादि के बंधन में बंधते नजर आ रहे हैं तो कईयों की शादी की खबरें आ रही हैं। हाल ही जहां फरहान अख्तर-शिबानी दांडेकर और विक्रांत मैसी-शीतल ठाकुर ने सात फेरे लिए हैं। वहीं अब एक और दिग्गज एक्टर की बेटी भी गृहस्थ जीवन की शुरुआत करने की तैयारियों में हैं। ये कोई और नहीं बल्कि एक्टर पंकज कपूर की बेटी हैं जो जल्द ही शादी के बंधन में बंधने जा रही हैं दरअसल, पंकज कपूर और सुप्रिया पाठक की बेटी सनाह कपूर दुल्हन बनने जा रही हैं। सनाह कपूर, शाहिद कपूर की सौतेली बहन हैं। सनाह की शादी बॉलीवुड के फेमस एक्टर मनोज पाहवा और सीमा पहवा की बेटे से मयंक पाहवा से होने जा रही है। पिंकविला की रिपोर्ट के अनुसार मयंक और सनाह आज यानी 2 मार्च को शादी के बंधन में बंधेगे। दोनों की शादी महाबलेश्वर में होगी। फैमिली के एक सूत्र ने दोनों की शादी को लेकर वेबसाइट से बात की। उन्होंने बताया कि उनकी शादी महाबलेश्वर में हो रही है और परिवार पहले ही वेडिंग वेन्यू पर





पहुंच चुका है। इस शादी में परिवार के सदस्यों के अलावा कुछ खास दोस्तों को बुलाया गया है। वहीं बहन सनाह कपूर की शादी में भाई शाहिद कपूर अपने पूरे परिवार के साथ शामिल होंगे। आपको बता दें कि शाहिद कपूर का उनके तीन सौतेले भाई-बहनों, रुहान कपूर, सनाह कपूर और ईशान खट्टर के साथ काफी है। सनाह कपूर ने शाहिद स्टारर फिल्म 'शानदार' से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। इस फिल्म शाहिद और आलिया भट्ट ने लीड रोल निभाया था।

# आयुष्मान खुराना ने लंदन की इस फेमस नदी पर की 'एन एक्शन हीरो' फिल्म की शूटिंग, देखें तस्वीर


**नई दिल्ली।** अपनी शानदार एक्टिंग और दमदार अंदाज से लोगों के दिल में जगह बनाने वाले अभिनेता आयुष्मान खुराना फिल्मों को लेकर काफी चर्चा में रहते हैं। इन दिनों वो लंदन में अपनी पहली एक्शन ड्रामा फिल्म की शूटिंग कर रहे हैं। अब उन्होंने अपनी शूटिंग के दौरान की एक तस्वीर साझा की है। इस तस्वीर को अभिनेता ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर किया है। फोटो को देख कर मालूम होता है कि अभिनेता इन दिनों लंदन स्थित थेम्स नदीं पर बने टॉवर ब्रीज के पास शूटिंग कर रहे हैं। इस तस्वीर को इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर कर उन्होंने लिखा, 'पृष्ठभूमि की इस प्रतिभा के साथ आज थेम्स नदी के बीच में शूटिंग की।' साथ ही उन्होंने इस फोटो को साथ अपनी लाइव लोकेशन भी साझा की है। इस फिल्म में आयुष्मान खुराना जबरदस्त एक्शन करते हुए दिखाई देंगे। इससे पहले भी उन्होंने शूटिंग के दौरान की कई तस्वीर इंस्टाग्राम पर शेयर की थी, जिसमें में अलग अंदाज में नजर आ रहे थे। अनिरुद्ध अय्यर द्वारा निर्देशित इस फिल्म में आयुष्मान खुराना जबरदस्त एक्शन करते हुए दिखाई देंगे। एन एक्शन हीरो का निर्माण टी-सीरीज और कलर्स येलो प्रोडक्शंस के बैनर तले किया जा रहा है, जिसको आनंद एल राय और भूषण कुमार प्रोड्यूस कर रहे हैं। बता दें, कि फिल्म एन एक्शन हीरो का एलान पिछले साल अक्टूबर में अभिनेता ने अपने सोशल वीडियो में आगे आयुष्मान खुराना ने कहा कि मुझे लड़ने की एक्टिंग आती है पर लड़ना नहीं आता है। वहीं, बात अगर उनके वर्कफ्रंट की करें तो वो जल्द ही जगंली पिक्चर्स



मीडिया हैंडल पर एक टीजर वीडियो शेयर कर किया था। वीडियो की शुरुआत में अभिनेता कहते हैं कि हीरो था इस लिए दो लाइफ जी रहा था। एक पर्दे पर और एक असल जिंदगी में। किसी ने आकर दोनो के बीच धागा खींच दिया। रोमांटिक हीरो होता तो बात को निपटा देता लेकिन मुझे लड़ना पड़ेगा दोस्त। की फिल्म डॉक्टर जी में अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह और शेफाली शाह के साथ नजर आने वाले हैं। फिल्म में आयुष्मान मुख्य डॉक्टर की भूमिका में नजर आएंगे, जोकि एक स्त्री रोग विशेषज्ञ होंगे। इसके अलावा वो अनुभव सिन्हा के निर्देशिन में बनी फिल्म अनेक में नजर आने वाले हैं।

# पूनम पांडे का खुलासा, डॉग के साथ सोने पर भी पीटते थे पति, एक्ट्रेस हो गई थीं ब्रेन हैमरेज का शिकार

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेत्री पूनम पांडे विवादों के अलावा अपनी निजी जिंदगी को लेकर भी काफी चर्चा में रहती हैं। वह कई मौकों पर अपनी निजी जिंदगी के बारे में खुलासे कर चुकी हैं। बीते साल उन्होंने पति सैम बॉम्बे पर घरेलूं हिंसा का आरोप लगाया था। अब पूनम पांडे ने एक बार फिर से पति को लेकर बड़ी बात कही है। साथ ही बताया है कि उन्हें ब्रेन हैमरेज हुआ था। पूनम पांडे इन दिनों बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनोट के रियलिटी शो लॉक अप का हिस्सा हैं। इस शो में उन्होंने अपनी निजी जिंदगी को लेकर बड़ी बात कही है। लॉक अप में करणवीर वोहरा ने पूनम पांडे से पूछा कि क्या वह सैम बॉम्बे को सच में प्यार करती थीं इस पर 'नशा' अभिनेत्री ने हैरान कर देने वाला खुलासा किया। उन्होंने बताया है कि एक बार सैम बॉम्बे ने उन्हें इतना पीटा था कि उन्हें ब्रेन हैमरेज हो गया था। पूनम पांडे ने कहा, 'हां मैंने किया था। मैं अब उनसे नफरत नहीं करती हूं, लेकिन उन्हें पसंद



भी नहीं करती हूं। कोई नहीं चाहता कि उनके साथ ऐसा कुछ हो। पिटना किसे पसंद है। मेरे पास चार फ्लोर का आलिशान घर था। प्राइवेट गार्डन, छत से लेकर सब कुछ। अगर मैं एक कमरे में हूं, तो मुझे उस कमरे में रहने की इजाजत नहीं है, वह मुझसे पूछते थे कि तुम उस कमरे में क्यों हो। अभिनेत्री ने आगे कहा, 'वह मुझे अपने साथ उस कमरे में रहने के लिए मजबूर करते थे, जैसा वह चाहते थे। जब मैं उनसे कहती थी कि मुझे अपने साथ कुछ समय चाहिए और ताजी हवा चाहिए और मैं छत पर जाना चाहती हूं, तो मुझे अनुमति नहीं थी। मुझे अपना फोन कहीं भी ले जाने की इजाजत नहीं थी, और मुझे अपने घर में अपना फोन छूने की इजाजत नहीं थी। तो मैंने सोचा चलो कई बात नहीं मैं उनके आसपास रहती हूं। पूनम पांडे ने आगे कहा, 'अगर मैं अपने डॉग को प्यार करती और उसके साथ सोती थी तो वह मुझसे कहते थे कि तुम मुझसे ज्यादा अपने डॉग से प्यार करती हो। यह किस तरह का बयान है मुझे अपने डॉग्स से प्यार करने के लिए पिटना चाहिए। क्या यह ब्रेन हैमरेज होने की वजह नहीं है क्योंकि मेरे एक बार हो चुका है। इसके बाद करणवीर वोहरा ने पूनम पांडे से पूछा कि वह कब से घरेलू हिंसा बर्दाश्त कर रही है और उनको इससे बाहर निकलने में कितना समय लगा अभिनेता के इस सवाल के जवाब में पूनम पांडे ने कहा, 'मैं काफी समय से इससे निकले की कोशिश कर रही हूं। यह मेरे साथ चार साल से हो रहा है। उसने सिर्फ एक बार नहीं पिटी हूं, मेरे दिमाग की चोट (वह अपने सिर के बाई ओर इशारा करती है) ठीक नहीं हुई क्योंकि वह मुझे एक ही जगह पर बार-बार मारता रहा। मैं मेकअप, ग्लॉस लगाती थी और सबके सामने हंसती थी, उसे छुपाने के लिए। मैं सबके सामने बहुत अच्छी एक्टिंग करती थी।वहीं इस बातचीत की हिस्सा बनीं पायल रोहतगी पूनम पांडे से पूछती हैं कि वह तुम्हें पिटता क्यों थे, क्यों वह इनसिक्योर थे इस पर बोल्ड अभिनेत्री कहती हैं, इस बारे में मैं किसी से ज्यादा बात नहीं करती, लेकिन एक इंसान सुबह 10 बजे से पीना शराब पीना शुरू करता है और रात तक पीता है। हमें कोई बचाने वाला नहीं होता था। स्टाफ भी काफी डरते थे और वह छोड़कर चले जाते थे।' इसके अलावा पूनम पांडे ने और भी ढेर सारी बातें कीं।

# अब इस त्योहार के मौके पर रिलीज होगी रणबीर कपूर और श्रद्धा कपूर की अनटाइटल्ड फिल्म

**नई दिल्ली।** प्यार का पंचनामा जैसी रोमांटिक कॉमेडी ड्रामा जैसी फिल्म का निर्माण करने वाले बॉलीवुड निर्देशक लव रंजन ने अपनी आगामी अनटाइटल्ड फिल्म की रिलीज डेट को पोस्टपोन कर आगे बढ़ा दिया है। लव रंजन की ये फिल्म अब अगले साल होली के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी।निर्देशक ने अपनी अनटाइटल्ड फिल्म की नई रिलीज डेट की जानकारी अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर पोस्ट शेयर कर दी है। उन्होंने पोस्ट में लिखा, रणबीर कपूर और श्रद्धा कपूर अभिनीत लव रंजन की आगामी फीचर फिल्म अब अगले साल 8 मार्च को होली के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी। लव रंजन और अंकुर गर्ग द्वारा निर्मित इस फिल्म को लव फिल्म और टी-सीरीज के भारत भूषण ने प्रस्तुत किया है। वहीं, इस अनटाइटल्ड फिल्म से रणबीर कपूर और श्रद्धा कपूर पहली बार एक दूसरे के साथ स्क्रीन स्पेश साझा करने वाले हैं। फिल्म में रणबीर और श्रद्धा के अलावा अभिनेत्री डिंपल कपाडिया और मशहूर फिल्म निर्माता बोनी कपूर अभिनेता रणबीर कपूर के माता





पिता का किरदार निभाते हुए दिखाई दे सकते हैं। आपको बता दें, पहले ये फिल्म साल 2023 में गणतंत्र दिवस के मौके पर रिलीज होने वाली थी। इस फिल्म की घोषणा साल 2019 में हुई थी, लेकिन महामारी के चलते फिल्म के निर्माण कार्य को टालना पड़ा था। वहीं, बात अगर उनके वर्कफ्रंट की करें तो वो जल्द ही करण मल्होत्रा के निर्देशन में बनी फिल्म शमशेरा में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म की कहानी 1800 की अंत पर बेस्ड है। इसमें डकैत आदिवासी अपने आधिकारों और आजादी के लिए अंग्रेजों से लड़ते हुए दिखाई देंगे। फिल्म में रणबीर कपूर, वाणी कपूर और दिग्गज अभिनेता संजय दत्त भी मुख्य किरदार में नजर आने वाली हैं। इस फिल्म का निर्माण यश राज फिल्म्स के बैनर तले किया गया है। फिल्म को अगले साल 18 मार्च, 2022 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसके अलावा वो ब्रह्मास्त्र में अभिनेत्री आलिया भट्ट के साथ मुख्य किरदार नजर आने वाले हैं।

# टाइगर श्रॉफ को 'ब्वॉयफ्रेंड' नहीं मानती दिशा पाटनी फैंस ने पूछे ऐसे सवाल

**नई दिल्ली।** अभिनेता टाइगर श्रॉफ बुधवार को अपना 32वां बर्थडे मना रहे हैं। इस मौके पर उन्हें उनके चाहने वाले और फैंस सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा कर शुभकामनाएं दे रहे हैं। अब टाइगर की रुमर्ड गर्लफ्रेंड दिशा पाटनी ने उन्होंने खास अंदाज में बर्थडे की शुभकामनाएं दी हैं और उन्होंने अपने बेस्ट फ्रेंड भी बताया है। दिशा पाटनी ने अपने इंस्टाग्राम पर एक कमेंट कर कई सवाल पूछ रहे हैं। आपको बता दें, कि सोशल मीडिया पर अफवाहें की टाइगर श्रॉफ और दिशा पाटनी एक दूसरे को काफी लंबे वक्त से डेट कर रहे हैं। दोनों को अक्सर एक दूसरे के साथ घूमते और छुट्टियां मनाते हुए देखा जाता है। साथ ही दिशा को अभिनेता की फैमिली के साथ भी स्पॉट किया जाता है। बात अगर उनके वर्कफ्रंट की करें तो वो जल्द ही फिल्म





वीडियो शेयर किया है, इस वीडियो टाइगर शर्टलेस हैं और मुस्कुराते हुए दिख रहे हैं। साथ ही वीडियों एक बर्थडे स्पेशल सॉन्ग भी सुनाई दे रहा है। इस वीडियो को इंस्टाग्राम पर शेयर कर दिशा ने कैप्शन लिखा, हैप्पी बर्थडे बेस्ट फ्रेंड, अपनी मेहनत और शानदार व्यवहार से हम से लाखों लोगों को प्रेरित करने के लिए धन्यवाद, आप बहुत ही अच्छे हो टाइगर श्रॉफ। दिशा की इस पोस्ट को सोशल मीडिया पर खूब पसंद किया जा रहा है। पोस्ट को अब तक (खबर लिखे जाने तक) कई लाख लोग लाइक कर चुके हैं। वहीं, दिशा द्वारा टाइगर को अपना बेस्ट फ्रेंड बताया जाने पर फैंस पो्स्ट पर टाइगर श्रॉफ हीरोपंती 2 में अभिनेत्री तारा सुतारिया और नवाजुद्दीन सिद्दीकी के साथ नजर आने वाले हैं। इस फिल्म में अभिनेता अलग अंदाज में दिखाई देंगे। इस दिनों अभिनेता फिल्म के आखिरी शेड्यूल की शूटिंग कर रहे हैं। अहमद खान के निर्देशत में बनी इस फिल्म का निर्मात साजिद नाडियाडवाला के बैनर तेल किया जा रहा है। ये फिल्म 29 अप्रैल, 2022 को ईद के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसके अलावा अभिनेता गणपत पार्ट वन में नजर आने वाले हैं। टाइगर की ये फिल्म इस साल क्रिसमस के मौकै पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# अंकिता लोखंडे और विक्की जैन ने खरीदी लग्जरी मर्सिडीज कार कीमत जान उड़ जाएंगे आपके होश

**नई दिल्ली।** टीवी और बॉलीवुड अभिनेत्री अंकिता लोखंडे आए दिन सुर्खियों में बनी रहती हैं। कुछ महीनों पहले उन्होंने अपने लॉन्ग टाइम ब्वॉयफ्रेंड विक्की जैन से शादी की है। अब टीवी का यह स्टार कपल खास वजह से चर्चा में हैं। विक्की जैन और अंकिता लोखंडे ने एक लग्जरी कार खरीदी है। इस कार की कीमत करोड़ रुपये में हैं। अंकिता लोखंडे और विक्की जैन हाल ही में टीवी के रियलिटी शो स्मार्ट जोड़ी में दिखाई दिए थे। शो में इन दोनों ने अपनी परफॉर्म से काफी सुर्खियां बटोरी थीं। अंकिता लोखंडे और विक्की जैन के नई कार खरीदने की जानकारी सिलेब्रिटी फोटोग्राफर विरल भियानी ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट के जरिए दी है। उन्होंने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अंकिता लोखंडे और विक्की जैन का एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में यह दोनों शो रूम के बाहर अपनी नई मर्सिडीज-बेंज वी-क्लास एक्सक्लूसिव एलडब्लूयूबी खरीदते दिखाई दिए है। वीडियो में अंकिता लोखंडे





कार के सामने सेलिब्रेशन केक काटती दिखीं। इतना ही नहीं उन्होंने कार का तिलक पूजन भी किया है। इन दोनों की मर्सिडीज-बेंज वी-क्लास एक्सक्लूसिव एलडब्लूयूबी ब्लैक कलर की है। वीडियो में नजर आ रही है अंकिता लोखंडे और विक्की जैन की कार अंदर से काफी लग्जरी है। गौतरतलब है कि मर्सिडीज-बेंज वी-क्लास एक्सक्लूसिव एलडब्लूयूबी मुंबई में कीमत 1.10 करोड़ रुपये है। सोशल मीडिया पर नई कार के साथ अंकिता लोखंडे और विक्की जैन की यह तस्वीर तेजी से वायरल हो रही है। अभिनेत्री के फैंस उनके वीडियो को खूब पसंद कर रहे हैं। साथ ही कमेंट कर अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। इससे पहले अंकिता लोखंडे और विक्की जैन दिवंगत अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत के बारे में बात करने की वजह से चर्चा में हैं। स्मार्ट जोड़ी के सेट पर अंकिता लोखंडे ने सुशांत सिंह राजपूत के बारे में बात करते हुए कहा, 'मैं अपना अतीत भूल गई हूं। लेकिन उस वक्त उस चीज को मेरी जरूरत थी और मैं वह बात विक्की को नहीं बता पा रही थी। लेकिन उन्होंने मुझे बिना कुछ कहे ही समझ लिया।' पत्नी अंकिता लोखंडे के अलावा विक्की जैन ने कहा कि सुशांत सिंह राजपूत की मौत के बाद उनके रिलेशनशिप के लिए काफी मुश्किल समय था। उन्होंने कहा, 'किसी रिश्ते के लिए अचानक यह जो हुआ उससे ज्यादा मुश्किल टेस्ट नहीं हो सकता। एक ऐसा मोड़ आया जिसने हमें ही नहीं पूरे देश को झकझोर कर रख दिया। ऐसी बात के लिए कोई भी तैयार नहीं हो सकता था।' सुशांत सिंह राजपूत के निधन के बाद अंकिता लोखंडे को उनके परिवार के साथ मिलते-जुलते देखा गया था। जिसके बाद बहुत बार विक्की जैन को लोगों ने ट्रोल करने की भी कोशिश की। अपनी इस ट्रोलिंग पर बात करते हुए विक्की जैन ने कहा, 'बहुत से लोगों की चीजों के बारे में गलत धारणाएं थीं। मैं यह सब नहीं समझ पा रहा था। मुझे अंकिता पर गर्व है कि उन्होंने इसे बहुत ही बहादुरी से हैंडल किया। उसके पास जो भी कर्तव्य और जिम्मेदारियां थीं, उन्होंने उसे पूरा किया। जहां भी जरूरत पड़ी, उन्होंने अपने लिए और उस रिश्ते के लिए अपनी बात कह दी। उस ईमानदारी के लिए मैंने हमेशा उनका साथ दिया।' आपको बता दें कि सुशांत सिंह राजपूत का 14 जून साल 2020 को निधन हो गया था।

# नसीरुद्दीन शाह ने निभाई शाहिद कपूर की बहन सनाह की शादी की ये खास रस्म, सामने आया वीडियो

**नई दिल्ली।** शाहिद कपूर की सौतेली बहन सनाह कपूर आज शादी के बंधन में बंधने जा रही हैं। आज यानी 2 मार्च को सनाह महाबलेश्वर में सात फेरे लेंगी। के सारे सदस्य एक साथ एंजॉय करते दिख रहे हैं। यहां देखें वीडियो सनाह कपूर और मयंक पाहवा की शादी इन वक्त की चर्चा में बनीं हुई है। शाहिद कपूर की बहन और





पंकज कपूर और सुप्रिया पाठक की बेटी सनाह कपूर बॉलीवुड के दिग्गज कॉमेडियन एक्टर मनोज पाहवा और सीमा पहवा की बेटे से मयंक पाहवा संग सात फेरे लेंगी। सनाह और मयंक की शादी में शामिल होने के लिए परिवार के लोग और खास दोस्त महाबलेश्वर पहुंच चुकें हैं। वहीं अब शादी के पहले की बाकी रस्में भी शुरु हो चुकी हैं। इसी बीच सहान की शादी के पहले की रस्म का एक खास वीडियो सामने आया है। इस वीडियो में परिवार एक्ट्रेस सनाह की तस्वीरों और वीडियो का फैंस को बेसब्री से इंतजार है। हर कोई सनाह को दुल्हान के जोड़े में देखने के लिए बेताब नजर आ रहा है। इसी बीच शादी से पहले की रस्म का एक वीडियो और तस्वीर सामने आई है जिसे बॉलीवुड के फोटोग्राम मानव मंगलानी ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है। ये वीडियो सनाह के चूड़ा रस्म का है। इसमें आप देख सकते हैं कि नसीरुद्दीन शाह अपने हाथ में चूड़ा लेकर आ रहे हैं। वहीं सनाह की मौसी रतन पाठक उन्हें कलीरे और चूड़ा पहनाती नजर आ रही हैं। इस मौके पर सनाह बेहद ही खुश दिख रही हैं। वहीं मौसी रतन पाठक अपना सारा प्यार और आशीर्वाद सनाह पर लुटाती नजर आ रही हैं। बता दें कि रतन पाठक, सुप्रिया पाठक की सगी बहन हैं। वहीं एक तस्वीर भी सामने आई है। इस तस्वीर में भाई शाहिद कपूर अपनी पत्नी मीरा राजपूत और बच्चों के साथ नजर आ रहे हैं। वहीं मीरा भी इस चूड़ा रस्म में हिस्सा लेती दिख रही हैं। पूरा परिवार एक ही फ्रेम में काफी अच्छा लग रहा है।

स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा0 दीपक अरोरा द्वारा रामा प्रिन्टर्स 53/25/1 ए बेली रोड न्यू कटरा प्रयागराज (उ.प्र.) 211002 से मुद्रित एवं सी-41 यूपी एसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र नैनी प्रयागराज। (उ.प्र.) 211010 से प्रकाशित।
सम्पादक/प्रकाशक
डा0 पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com

नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होंगे।